राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

11 ▶ मोनालिसा ने रेड आउटफिट में गिराई बिजली...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

करोड़पति का कर्ज माफ हो सकता... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 18 अप्रैल 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 43, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

▶▶ न्यूज डायरी

जमीन घोटाले मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत चार को किया गिरफ्तार

रांची (आरएनएस)। रांची के जमीन घोटाले मामले में ईडी ने मंगलवार देर रात झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को आज पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। ईडी ने मंगलवार सुबह रांची में चार लोगों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। एजेंसी ने देर शाम

झामुमो नेता अंतु तिर्की, बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरशाद का बयान दर्ज किया और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इन सभी के ठिकानों से कई दस्तावेज और साक्ष्य हाथ लगे हैं। एजेंसी इन सभी को अदालत में पेश करने के साथ उनसे पूछताछ के लिए रिमांड की मांग करेगी। इससे पहले मंगलवार को दिन में ईडी ने इस मामले में मो. अफसर अली उर्फ अफ्सू को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए झामुमो नेता अंतु तिर्की पार्टी के महानगर अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने झामुमो छोड़कर झारखंड विकास मोर्चा के टिकट से रांची की खिजरी सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। वह लंबे समय से जमीन का कारोबार करते रहे हैं। बता दें कि जमीन घोटाले के इसी मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित डेढ़ दर्जन से भी ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

जयपुर सांसद रामचरण बोहरा को ई-मेल पर जान से मारने की धमकी, लिखा-दिल्ली बहुत दूर है, रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं मार देंगे

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर के सांसद रामचरण

बोहरा को ई-मेल पर जान से मारने की धमकी दी गई है। सांसद के ऑफिशियल मेल पर लिखा है दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं जान से मार देंगे। जवाहर सर्किल थाने में सांसद बोहरा के निजी सहायक अरुण शर्मा ने एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस की स्पेशल टीम जांच कर रही है। पुलिस ने बताया-बगरु वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार निवासी सांसद के निजी सहायक अरुण शर्मा ने जवाहर सर्किल थाने में बुधवार को एफआईआर दर्ज करवाई है। निजी सचिव ने बताया- ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर सभी मेल चेक कर किए जा रहे थे। सुबह करीब 4:30 बजे अरविन्द कुशवाह नाम की आईडी से एक मेल आई हुई थी।

निजी सहायक ने रिपोर्ट कराई

निजी सहायक अरुण शर्मा ने बताया-अरविंद कुशवाह की मेल में लिखा था- हम आपको जान से मार देंगे। दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं जान से मार देंगे।

पीएम मोदी से मिलने भारत आ रहे हैं एलोन मस्क, क्या इसलिए पाकिस्तान ने बैन कर दिया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ?

अंतर्राष्ट्रीय। पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को लेकर फरवरी में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया। इस साल पाकिस्तान में हुए आम चुनाव से ही यूजर्स एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। उपयोगकताओं ने फरवरी के मध्य से पाकिस्तान में एक्स,का उपयोग

करने में समस्याओं की सूचना दी है, लेकिन सरकार ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। आंतरिक मंत्रालय ने बुधवार को एक लिखित अदालती प्रस्तुति में शटडाउन का उल्लेख किया। रॉयटर्स द्वारा देखी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां यह उल्लेख करना बहुत प्रासंगिक है कि पाकिस्तान सरकार के वैध निदेशों का पालन करने और अपने प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग के संबंध में चिंताओं को दूर करने में ट्विटर/एक्स की विफलता के कारण प्रतिबंध लगाना जरूरी हो गया। एक्स ने टिप्पणी के लिए रॉयटर्स के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

पीएम मोदी-शाह ने देशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं, बोले-भारतीय जनमानस के रोम-रोम में बसे हैं श्रीराम

नई दिल्ली (आरएनएस)। देशभर में बुधवार को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, देशभर के मेरे परिवारजनों को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी की अनंत शुभकामनाएं! इस पावन अवसर पर मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने कोटि-कोटि देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना। अवधपुरी के उस क्षण की स्मृतियां अब भी उसी ऊर्जा से मेरे मन में स्पंदित होती हैं। पीएम मोदी ने एक और पोस्ट करते हुए लिखा, यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। रामनवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या एक अप्रतिम आनंद में है। 5 शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद आज हमें ये रामनवमी अयोध्या में इस तरह मनाने का सौभाग्य मिला है। यह देशवासियों की इतने वर्षों की कठिन तपस्या, त्याग और बलिदान का सुफल है।

पीएम मोदी ने आगे लिखा, प्रभु श्रीराम भारतीय जनमानस के रोम-रोम में रचे-बसे हैं, अंतर्मन में समाहित हैं। भव्य राम मंदिर की प्रथम रामनवमी का यह अवसर उन असंख्य राम भक्तों और संत-महात्माओं को स्मरण और नमन करने का भी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन और उनके आदर्श विकसित भारत के निर्माण के सशक्त आधार बनेंगे। उनका आशीर्वाद आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रभु श्रीराम के चरणों

में कोटि-कोटि नमन और वंदन! केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। अमित शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, जय श्री राम! सभी को रामनवमी के पावन पर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन न्याय, जनकल्याण व स्वाभिमान के लिए संघर्ष का प्रतीक है। प्रभु ने अपने जीवन से सत्य व धर्म के लिए त्याग का सर्वोच्च आदर्श स्थापित कर समूचे विश्व को युगों-युगों तक मार्गदर्शित करने का कार्य किया। इस वर्ष 500 सालों बाद प्रभु का जन्मोत्सव अपने जन्मभूमि के मंदिर में मनाया जाना सारे रामभक्तों के लिए गौरव का विषय है। प्रभु से सभी के कल्याण की प्रार्थना करता हूं।

बता दें कि पीएम मोदी और अमित शाह के अलावा भी राजनीतिक दलों के नेताओं और अन्य ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं।

गुलाम नबी आजाद नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, अनंतनाग सीट से नाम लिया वापस

अनंतनाग (आरएनएस)। गुलाम नबी आजाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे और उन्होंने अनंतनाग बारामूला सीट से अपना नाम वापस ले लिया है।

आजाद को उनकी पार्टी डीपीएपी (डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी) ने उम्मीदवार बनाया था। आजाद ने अनंतनाग में पार्टी बैठक में लोकसभा चुनाव न लडने की घोषणा की। लोकसभा चुनाव में आजाद के हिस्सा न लडने से महबूबा मुफ्ती की राह अनंतनाग में और ज्यादा आसान बनती दिख रही है। अनंतनाग का इलाका पहले से ही पीडीपी का मजबूत गढ़ माना जाता है, यहां से पीडीपी को जीत मिलती है। लेकिन इस बार आजाद की दावेदारी ने मुकाबले को दिलचस्प बनाया था, लेकिन अब वो मुकाबलना ही देखने को नहीं मिलने वाला है।

कांग्रेस पर टिप्पणी कर बुरे फंसे केसीआर

नई दिल्ली (आरएनएस)। चुनाव आयोग ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने पर भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है और जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग ने केसीआर को 5 अप्रैल को

चुनाव आयोग ने 18 अप्रैल तक मांगा जवाब

सिरसिला में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर नोटिस जारी किया है। आयोग ने उनसे 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक टिप्पणी के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा है। कांग्रेस नेता जी निरंजन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने कहा कि केसीआर ने 5 अप्रैल को सिरसिला में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस की आलोचना करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया। आयोग ने यह भी कहा कि केसीआर को उनके भाषण के संबंध में पहले भी कई सलाह और निर्देश जारी किए गए थे। आयोग को 6 अप्रैल को

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन से एक शिकायत मिली थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि केसीआर ने सिरसिला में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के खिलाफ अभद्र, अपमानजनक और आपत्तिजनक आरोप लगाए थे। आयोग ने सख्त लहजे में कहा है कि निर्धारित समय के भीतर केसीआर की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, चुनाव आयोग ने को लोकसभा के आम चुनावों की घोषणा के साथ 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लिए गए एक्शन की को सूचीबद्ध किया है। उसने बताया है कि अब तक कुल शिकायतों में से 51 बीजेपी से मिली थीं, जिनमें से 38 मामलों में कार्रवाई की गई। वहीं, कांग्रेस की ओर से 59 शिकायतें मिली थीं, जिनमें से 51 मामलों में कार्रवाई हुई है। इसके अलावा अन्य पक्षों से 90 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 80 मामलों में कार्रवाई की गई है।

अगर मोदी इस बार चुनाव में जीते तो लोकतंत्र नहीं बचेगा: ममता बनर्जी

राष्ट्रीय। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि रामनवमी के मौके पर राज्य में दंगे भड़काने की साजिश रची जा रही है। पिछले साल के जश्न में राज्य में हिंसा हुई थी, जिससे भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच बड़े पैमाने पर टकराव हुआ था। बनर्जी ने एक चुनावी रैली में आरोप लगाया, वे आज दंगे में शामिल होंगे। दंगा होने की संभावना है। और वे दंगा करके और वोट लूटकर (चुनाव) जीतेंगे। इससे पहले आज, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए समारोह के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की। हालाँकि, भाजपा ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री भारतीय और सनातनी संस्कृति को अपमानित कर रही हैं।बीजेपी के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर शांति बनाए रखने की अपील की है, यह रामनवमी के त्योहार का अपमान है क्योंकि अन्य धार्मिक अवसरों पर आपने (ममता बनर्जी) शांति का संदेश दिया है, लेकिन यहां आप पूछ रहे हैं ' शांति बनाए रखें' शांति और समृद्धि का संदेश देने के बजाय, ऐसा करके आप भारतीय और सनातनी संस्कृति को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस ने उठाए राम के अस्तित्व व राम सेतु पर प्रश्न : अनुराग ठाकुर

नादौन (आरएनएस)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नादौन में माँ बगलामुखी कमेटी द्वारा रामनवमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समस्त देशवासियों को नवरात्र व रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि आज अयोध्या जी में भी रामलला की पहली नवमी पर भगवान सूर्यदेव स्वयं उनकी आरती उतार रहे हैं। पूरी दुनिया के अलग अलग कोनों में श्री राम जी की कथा का आयोजन होता है पर पिछले 60 वर्षों में कांग्रेस ने भारत में हीं श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए, राम सेतु को काल्पनिक बताया। राम मंदिर ना बनें इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिंदुओं से ज्यादा धैर्यवान शायद हीं कोई होगा जिन्होंने अपने हीं देश में राम मंदिर के निर्माण हेतु 500 वर्षों का इंतजार सहा और बलिदान दिए। लेकिन अब अयोध्या जी में पूरे विश्व भर में से सबसे ज्यादा श्रद्धालु आएंगे। अयोध्या जी में लखनऊ से भी बड़ा और भव्य एयरपोर्ट बनाया गया है जिसका नाम महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि रामनवमी और नवरात्र में पूरे देश विदेश से श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश के माता चिंतपूर्णी धाम में पूजा अर्चना करने पधारते हैं।

अमिताभ बच्चन लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से होंगे सम्मानित, इस संगीत सम्राट को भी मिलेगा विशेष सम्मान

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को 24 अप्रैल को एक समारोह में 'लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि संगीत सम्राट ए.आर. रहमान को अगले सप्ताह 'मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कारइ से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार प्रख्यात मंगेशकर परिवार द्वारा पोषित मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान, पुणे द्वारा दिया जाता है और यह पुरस्कार बच्चन को उनकी 82 वीं पुण्यतिथि पर संगीतमय श्रद्धांजलि के साथ दिया जाएगा। इससे पहले, उद्घाटन पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (2022) को दिया गया था, उसके बाद अनुभवी गायिका आशा भोसले (2023) को दिया गया था। बच्चन और रहमान के अलावा, विभिन्न श्रेणियों में अन्य प्रमुख पुरस्कार विजेता हैंः वर्ष के



सर्वश्रेष्ठ मराठी नाटक के रूप में 'गालिब, जलगांव के एनजीओ दीपस्तंभ फाउंडेशन मनोबल, साहित्यकार मंजिरी फडके, हास्य अभिनेता अशोक सराफ, अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे, गायक रूप कुमार राठौड़, पत्रकार एस.बी. तोरसेकर, अभिनेता अतुल परचुरे, निमार्ता-अभिनेता रणदीप हुडा।पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा भाई-बहन हृदयनाथ मंगेशकर और उषा मंगेशकर ने की, और सम्मान 24 अप्रैल को आशा भोंसले के हाथों दिया जाएगा। प्रतिष्ठित गायिका विभावरी आप्टे-जोशी और उनकी टीम उस शाम लता मंगेशकर को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी, जिसका आयोजन प्रतिष्ठान और हृदयेश आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस | संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले राहुल और अखिलेश

पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैम्पियन,150 सीटों पर सिमटेगी भाजपा

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आज समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण का चुनाव होने जा रहा है। इस बार बीजेपी को गाजियाबाद से गाजीपुर तक इंडिया गठबंधन सफाया करने जा रहा है। बीजेपी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गया है। जो डबल इंजन सरकार का दावा कर रहे हैं, अब वह होर्डिंग में अकेले दिखाई दे रहे हैं। लूट और झूठ बीजेपी का नारा बन गया है। आने वाले चुनाव में देश की जनता बदलाव चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा, 'बीजेपी की हर बात झूठी निकली, उनके वादे झूठे निकले, ना किसान की आय दोगुनी हुई, ना नौजवानों को रोजगार मिला। विकास के जो सपने दिखाए थे वे भी अधूरे हैं। इनका जो नैतिकता का बुलबुला था वे भी टूट गया। चुनावी बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया। राहुल गांधी ने कहा कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ बीजेपी और आरएसएस लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश रही है, दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता ने बताया कि इस समय देश के चुनाव में तीन बड़े मुद्दे हैं। इसमें बेरोजगारी, महंगाई और भागेदारी शामिल है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'पीएम कितने भी सफाई दे दें, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सबको पता है, पूरा देश जानता है कि पीएम भ्रष्टाचार के चैम्पियन हैं। बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लडने के सवाल पर न नहीं बोला है। उनका कहना है कि कांग्रेस जो कहेगी वो करेंगे।

पीएम मोदी के एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने इसमें चुनावी बॉन्ड को समझाने की कोशिश की। प्रधानमंत्री कहते हैं कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद्द कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे? यह दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना है।

लोकसभा चुनावों के लिए आप का रामराज्य, वेबसाइट लॉन्च, संजय सिंह ने किया बड़ा दावा

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) नेता सदस्य संजय सिंह, आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जस्मिन शाह ने पार्टी से संबंधित मुद्दों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बात रखी। इस दौरान लोकसभा



चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की वेबसाइट भी लॉन्च की। इस वेबसाइट को 'आप का रामराज्यइ नाम दिया गया है। आप नेताओं ने कहा कि यह पहली राम नवमी है जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। उन्होंने सही मायने में रामराज्य की अवधारणा पर दिल्ली में काम किया है। रामराज्य यही था जहां जनता के लिए राज्य चलाया जाता था। वही काम केजरीवाल कर रहे हैं। जनता के लिए सरकार चला रहे हैं, जहां बिजली, पानी, बच्चों की अच्छी शिक्षा और लोगों के अच्छे इलाज की बात होती है।

देश के आजाद होने के बाद से पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि लोगों को मुफ्त बिजली पानी मिल सकता है। जो लोग हमारे कामों को देखना चाहते हैं वे हमारी वेबसाइट पर जाएं और देखें कि हमारी सरकार ने दिल्ली और पंजाब में क्या काम किया था। भगवान राम को अपने राज्य के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा था, उसी तरह केजरीवाल को भी बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों में आम चुनाव के छठे चरण के दौरान 25 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 जून को होगी। आबकारी नीति घोटले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च की शाम दो घंटे की पूछताछ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। तब से वह हिरासत में हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

चीनी मिल परिसर में हुआ गन्ना गोष्ठी परिचर्चा का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)। अनूपशहर चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक द्वारा मंगलवार शाम 5 बजे गन्ना गोष्ठी परिचर्चा का आयोजन चीनी मिल परिसर में किया गया। जिसमें प्रबन्धक महोदय के द्वारा कृषकों की समस्याओं तथा पेराई सत्र 2023-24 में कम उत्पादनकर्ता पर किसानों के विचार/तर्क को सुना गया तथा प्रधान प्रबंधक महोदय के द्वारा गन्ना का क्षेत्रफल बढ़ाने की अपील की गई। कम उत्पादन पर किसानों ने बताया की फसल रोगग्रस्त होने तथा वर्षा का असमान वितरण होना गन्ना कम उत्पादन का मुख्य कारण रहा है। परिचर्च में बहुत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। परिचर्चा में मुख्य गन्ना अधिकारी एवं सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक तथा चीनी मिल के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जहांगीराबाद में व्यापारी नेता ने 2100 कन्याओं को जिमाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)। नगर के समाज सेवी तथा प्रमुख उद्यमी एवं व्यापारी नेता सोनू पाठक ने चैत्र नवरात्रि की नवमी के अवसर पर अपने आवास पर 2100 कन्या-लांगुर को हलवा पुरी का भोग लगाकर जिमाया। इस अवसर पर व्यापारी ने सभी कन्या एवं लंगूरों को स्कूल बैग, खाने की चीज समेत शिक्षण सामग्री भेंट की। बुधवार को व्यापारी नेता और उद्यमी सोनू पाठक ने नगर के टाउन स्कूल स्थित अपने आवास पर चैत्र नवरात्रि की नवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन कर 2100 कन्या लांगुर को जिमाया। इस अवसर पर व्यापारी नेता ने कन्याओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद भी लिया। साथ ही उन्होंने सभी कन्या लांगुर को उपहार रूप में एक बैग एवं खाने की चीजें समेत शिक्षण सामग्री भेंट की। व्यापारी नेता कहा कि धरती पर बच्चों के रूप में ही भगवान विद्यमान है। व्यापारी नेता एवं उद्यमी सोनू पाठक ने सबसे पहले अपने आवास पर मां दुर्गा के नौवें दिन सिद्धिदात्री माता की पूजा-अर्चना की और मां दुर्गा से लोक कल्याण की आराधना की। इस अवसर पर उन्होंने सभी कन्या और लंगूराओं को जिमाकर माता रानी से समस्त विश्व में सुख शांति की कामना भी की। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष किशन पाल लोधी, नवनिर्माण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, नवीन अनाज मंडी के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश गर्ग, भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णकांत वार्ष्णेय, पूर्व सभासद हरीश सिसोदिया, सभासद कैलाश सैनी, धन्नू राजोरा, संजय कोरी, रामू भाई, सुल्तान अंसारी, अजय कौशिक, समाज सेवी उमेश गुप्ता, नीतू पाठक, लव चड्ढा, जयेश अग्रवाल, हिरदेश पाठक, बब्बू भैया, राजा बाबू, अशोक चौधरी चौधरी, सरदार गुरप्रीत सिंह, संजय वर्मा, अंशुल गर्ग, गोपाल भैया आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कन्याओं एवं लंगूरों को वितरित किए शिक्षा संबंधित उपहार और पैर छूकर लिया आशीर्वाद

नवरात्रों के मेले के नवमी के दिन श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)। नगर की मां बिन्नेर देवी मन्दिर पर लगने वाले नवरात्रों के मेले के नवमी के दिन श्रद्वालुओं का जमावड़ा लगा रहा। हजारों की संख्या में श्रद्वालुओं ने मां बिन्नेर देवी के दर्षन किये। पूरा मन्दिर प्रांगण जयमाता के उद्घोष से भक्ति मय हो गया। वहीं पुलिस प्रषासन का सहयोग देखने को मिला। जहाँ एक ओर श्रद्वालुओं की अधिक भीड़ के कारण मां बिन्नेर देवी मन्दिर मार्ग पर जाम देखने को मिला। वहीं पुलिस की मुस्तैदी के कारण श्रद्वालुओं को काफी परेषानी का सामना नही करना पड़ा। प्रषासन के द्वारा श्रद्वालुओं के वाहनों को मन्दिर के आयोजकों द्वारा बनायी गई पार्किंग में खड़े कराये। वहीं से मन्दिर तक पैदल ही श्रद्वालुओं को जाना पड़ा। मन्दिर के चारों ओर जय माता के नारे लग रहे थे। नगर की जनता भक्ति विभोर हो रही थे।



दुर्गा पूजन महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)। नगर में दूर्गा पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के देवी मन्दिरों में हजारों की संख्या में महिलाओं पुरूषों ने पूजा अर्चना की। नगर के प्राचीन मन्दिर मां बिन्नेर देवी मन्दिर में, माँ भागीरथी अवंतिका देवी पर चार बजे से जयमाता की बोलते हुए भक्तों के समूह पहुंचने शुरू हो जाते हैं। मन्दिर परिसर में कन्या-लांगुरों की पक्तियां लगी हुई थी। भक्तजन उन्हें श्रद्धा के साथ हलुआ पूरी का भोजन खिला रहे थे और चरण स्पर्ष कर आर्षिवाद ले रहे थे। श्री नन्नागिर मन्दिर में भी दुर्गा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। मन्दिर में प्रातः यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित भगवान शर्मा द्वारा पूणार्हुति के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञ के मौके पर डा0 एस के वषिष्ट, मुकेष गुप्ता, ग्रीस चन्द, दीपान्षु वार्ष्णेय, सचिन गुप्ता, अंकूर गुप्ता, नितिन गोयल, योगेष वषिष्ट समेत सैंकड़ों स्त्री-पुरूषों ने आहुति दी। यज्ञ सम्पन्न होने के पश्चात मन्दिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। नगर से 18 किलोमीटर दूर भागीरथी के तट पर स्थित महाभारत कालिन अवंतिका देवी के दर्षनों के लिए हजारों भक्तों ने यात्रा की। पौराणिक आख्यानुसार अवंन्तिका देवी का यह वही मन्दिर है जहाँ से योगीराज श्री भगवान कृष्ण ने रूकमणी का हरण किया था। गंगा किनारे बसा अहार कस्बा महाभारतकाल में कुन्दनपुर कहलाता था। बाद में राजा जनमेषय द्वारा यहाँ यज्ञ करने के कारण इसका नाम अहार पड़ा। नगर से लगभग 12 किमी0 पर स्थित मौहरसा ग्राम है। कहा जाता है कि इस स्थान पर श्री कृष्ण जी ने मौहर बांधा था। इसलिए इसका नाम मौहरसा पड़ा है।

भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। नगर में बुधवार को श्री राम जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्राचीन चमत्कारी शिव शक्ति मंदिर में बड़े ही धूमधाम से श्री राम जन्म महोत्सव मनाया गया ।जिसमें काफी संख्याओं में भक्तों ने भाग लिया।

वही मंदिर के महंत कुणाल जोशी जी ने बताया कि मंदिर में भगवान श्री राम जन्म महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया ।सुबह को भगवान श्री राम के पंचामृत स्नान हुआ उसके पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ राम स्तुति आरती कर कर प्रसाद वितरण किया।

भाजपा कार्यालय पर विधानसभा प्रबंधन समिति की बैठक का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। भाजपा,कार्यालय पर विधानसभा प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष विकास चौहान व सह संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष हिमांशु मित्तल द्वारा बूथ अक्ष्यक्षों व मंडल अध्यक्षों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की,व दिशा निर्देश दिए ।उन्होंने कहा प्रबंधन अच्छा कार्य करें ,लाभार्थियों से संपर्क करें, हर घर तक वोटर पर्ची पहुंचाई जाएं। हमें डॉ भोला सिंह के 19 के के जीत के रिकॉर्ड से भी ज्यादा लाखों वोट से जीतेंगे, मुख्यमंत्री योगी जी का 19 अप्रैल को 11:00 बजे तहसील के पास हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतरेगा वहीं पर मुख्यमंत्री सभा को सम्बोधित करेंगे, आज कार्यक्रम की जगह फाइनल होने के बाद तैयारियां तेज हो गई हैं । बैठक में जिला उपाध्यक्ष दीपक ऋषि, दिवाकर सिंह, जिला महामंत्री संजय चौधरी ,विधानसभा के संयोजक शंभू सिंह राघव, महिला मोर्चा से राधा सिरोही ,पूजा भारद्वाज ,संध्या बालियान,मीनू शर्मा, आशा चौधरी व मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग ,कुलदीप सिंह, चंद्रपाल सिंह ,रविंद्र मीणा व शिवकुमार शर्मा मीडिया प्रबंधन विधानसभा शिकारपुर, पंकज शर्मा,प्रशांत विश्वास, विपिन कुमार बंसल, जय प्रकाश गर्ग, संदीप गुप्ता, मनोज कुमार गर्ग, वेद प्रकाश शर्मा, गौतम सूर्यवंशी ,रंजीत सैनी, अनंत शुक्ला, जगदीश आर्य ,गौरव शर्मा ,सतीश सैनी, पिंटू चौधरी, राहुल चौधरी, सुभाष ठाकुर ,सुरेश चौधरी राहुल वाल्मीकि, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

19 अप्रैल को आएंगे मुख्यमंत्री शिकारपुर

पंजाब से लायीं गयीं 35 पैटी अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

डिबाई (केपीसिंह चौहान)। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत दौलतपुर चौकी की मखैना नहर से मुखबिर की सूचना पर 35 पैटी अवैध शराब के साथ शाहिद पुत्र जाकिर निवासी मौहल्ला शेखान को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रण सिंह, दौलतपुर चौकी इंचार्ज उम्मेद अली, उ०नि० सतीश कुमार,का० अंकित कुमार, का०अमिताभ कुमार, का० राजवीरसिंह का सराहनीय योगदान रहा।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का माल जलकर खाक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पहासू । थाना पहासू के मोहल्ला काजी खेल में बुधवार की सुबह घर में लगे एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थोडी ही देर में घर के सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान कूलर,पंखा,अलमारी,व अन्य घरेलू सामान में भी आग फैल गई मकान मालिक सफीक खान पुत्र मोहम्मद शाहिद के अनुसार सुबह 9 बजे के लगभग लाइट आने के पश्चात एक साथ ए सी में धमाका हुआ जिससे पूरे कमरे में आग फैल गई।गनीमत रही कि कमरे के अंदर कोई जनहानि नही हुई।आग फैलती देख आस पड़ोस के लोगों ने विद्युत विभाग को सूचना देकर विधुत आपूर्ति को बंद करायाऔर पड़ोसियों व राहगीरों की मदत से कमरे के अंदर बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। मकान स्वामी ने बताया कि करीब लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

नवरात्र के आखिरी दिन नवरात्री के पावन पर्व पर कन्या लागुरा को चुन्दड़ी व उपहार स्वरूप भेंट देकर लिया आशिर्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

डिबाई (केपीसिंह चौहान)। चैत्र नवरात्री माह में श्री रामनवमी के आखिरी नौवें दिन घरों में महिलाओं व नौदुर्गा व्रत रखने वाली महिलाओं व नौ दिन व्रत रखकर पूजा अर्चना करने वाले श्रृद्धालुओं ने पुढी कचौड़ी चना हलवा का प्रसाद बनवाकर कन्या लागुरा को घर न्योता देकर बुलाया गया और भोग लगा कर चरणस्पर्श कर आशिर्वाद लिया। चैत्र मास में प्रथा के अनुसार नौ देवियों का आशिर्वाद प्राप्त करने के लिए उपवास रखा जाता है। घर में पूजास्थल में नौ देवियों की स्थापना की जाती है और हर दिन देवियों का आवाह्न कर पूजा अर्चना करके आशिर्वाद लिया जाता है। नमक मण्डी बुरा वाली गली के गौरव गोयल के परिवार व बुलन्द संदेश के संवाददाता केपीसिंह चौहान के परिवार ने भी इस पावन पर्व की बेला में नौदेवियों के स्वरूप को घर पर बुलाकर आशिर्वाद प्राप्त किया।

रामनवमी

श्री रामनवमी को नवरात्र की अंतिम देवी मां सिद्धिदात्री की हुई पूजा

श्रद्धा में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रामनवमी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। (अशोक पाठक) श्री रामनवमी को नवरात्र की अंतिम देवी मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। नवरात्र के व्रत धारण करने वालों ने इस दिन हवन पूजन के साथ कन्या लंगूर जिमाए और व्रत खोलें। इसी के साथ चैत्र मास नवरात्र का संपन्न हो गया। देवालय माता के जय घोष से गूजते रहे। कई स्थानों पर भंडारे किए गए। बुधवार को सुबह से ही घर और मंदिरों में मां सिद्धि यात्री की पूजा अर्चना शुरू हो गए। घरों में प्रति महिलाओं और अन्य सदस्यों ने मां के नवे स्वरूप मां सिद्धिदात्री का आवाहन कर विधि विधान से पूजा अर्चना से पूजा अर्चना की। हवन आदि करने के बाद कन्या लागुर को जिमाया गया ।ऐसे में कन्या लागुर की गली मोहल्लो में खोज होती रही। गलियों में उनकी खासी चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं ने पहले कन्या लागुरो के घर जाकर उन्हें ससम्मान बुलाया। घर आने पर उन्हें उचित आसन देकर बैठाया। हलवा पूरी वेज चना आदि का प्रसाद ग्रहण कराया पैर छुए और रोली अक्षत का टीका माथे पर लगाया। श्रद्धा अनुसार दान दक्षिणा देकर विदा किया। इसके बाद 9 दिन से व्रत धारण करने वाले श्रद्धालुओं ने फलहार कर व्रत खोल और माता का प्रसाद ग्रहण किया। श्री महाकाली मंदिर में नवरात्रि के अंतिम दिन बुधवार को माता सिद्धिदात्री को नीले रंग की पोशाक धारण कराई गई. पुजारी मोनू शर्मा ने बताया कि मां सिद्धिदात्री की पूजा ऋषि मुनि साधक यक्ष किन्नर देवता दानव और ग्रस्त आश्रम में जीवन यापन करने वाले करते हैं। माता की पूजा करने से व्यक्ति को यस धन और बाल की प्राप्ति होती है। मंदिर में माता रानी के दर्शन करने को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

गली मुहल्लौ मैं सुबह से ही श्रद्धालु कन्या और लागुर की करते रहे खोज

नर्वदेश्वर मंदिर से निकली शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। शिकारपुर स्थित श्री नर्वदेश्वर मंदिर से श्री नर्वदेश्वर अष्टभुजा काली कमेटी के तत्वाधान में मां काली की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें श्री बांके बिहारी जी की झांकी मां दुर्गे की झांकी शामिल रही । इस दौरान कमेटी के प्रधान मुदित मित्तल कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग, नमन जैन, लखन गोयल, आशीष मित्तल,मनीष मित्तल, अंकुर मित्तल, प्रशांत विश्वास, बबलू गिरी, यश सिंघल ,हिमांशु गुप्ता,यशीष गर्ग, रविंद्र गुप्ता,दीपक शर्मा, रवि सक्सेना, मोहित गर्ग आदि का सहयोग रहा।

एनपीसीएल ने अस्पताल में पकड़ी बिजली चोरी,चोरी की बिजली से चल रहा था अस्पताल, 35 लाख का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड अब आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर बिजली चोरों पर शिकंजा कस रही है। एनपीसीएल ने एडवांस मीटर डेटा एनालिसिस के जरिए कुलेसरा में एक अस्पताल में भारी मात्रा में हो रही बिजली चोरी पकड़ी है। एनपीसीएल की विजिलेंस टीम ने जांच के दौरान कुलेसरा में एक हॉस्पिटल में बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी का पदार्फाश किया। एनपीसीएल की टीम ने जांच के दौरान पाया कि यहां मीटर की इनकमिंग सर्विस केबल को काटकर मीटर बायपास कर बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की जा रही थी। जांच के दौरान पता चला कि अस्पताल में एक्स-रे मशीन, एसी, एलिवेटर कंप्रेशर, सर्जिकल ऑटोक्लेव, कंप्यूटर, फ्रीजर समेत कई उपकरण चोरी की बिजली से चल रहे थे।एनपीसीएल की टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान यहां 95 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी और बिजली चोरी में शामिल लोगों पर 35 लाख का जुमार्ना लगाया। एनपीसीएल प्रबंधन की ओर से बिजली चोरी में लिप्त पाए गए लोगों के खिलाफ गौतम बुद्ध नगर के एंटी पावर थेफ्ट थाने में एफआईआर दर्ज कराने की भी कार्रवाई की जा रही है। एडवांस मीटर डेटा एनालिसिस

के जरिए उन लोगों को संदिग्ध की श्रेणी में रखकर पहचान की जाती है जिन पर बिजली चोरी में शामिल होने का शक होता है। एनपीसीएल इस तकनीक का सहारा लेकर आनेवाले दिनों में बिजली चोरों के खिलाफ अपना ये अभियान और तेज करनेवाला है। एनपीसीएल क्षेत्र की जनता से अपील करता है कि वो वैध कनेक्शन लेकर हमेशा मीटर के जरिए ही बिजली का इस्तेमाल करें।

लॉरेंस एकैडमी में आयोजित किया गया मतदान जागरूक कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के लॉरेंस एकेडमी में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमे शिक्षकों से शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक व प्रेरित करने की अपील की गई । इस में भाजपा प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा को कमल के आगे बटन दबाकर ऐतिहासिक जीत दिलाने और नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाएं अपने देश को विकसित देश मनाएं। इस अवसर पर डायरेक्टर शोएब मेवाती, प्रिंसिपल

सतपाल कौर मंडल संयोजक भाजपा दिनेश कौशिक पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी मुदित दीक्षित, प्रवक्ता सुन्दर पाल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रह्मपाल यादव आईटी समीर सैफी , राकेश शर्मा मनीष कुमार , अमित कुमार व सभी शिक्षण गण मौजूद रहे ।

जहांगीरपुर में सप्ताहिक बंदी का नही हुआ असर, कुछ दुकानदार साप्ताहिक बंदी के आदेशों की उड़ा रहे धज्जियाँ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहांगीरपुर । कस्बा जहांगीरपुर में श्रम विभाग द्वारा शनिवार को बाजार बंद करने का आदेश है।जिससे कि दुकानों पर काम करने वाले श्रमिकों को सप्ताह में एक दिन का अवकाश प्राप्त हो सके।

लेकिन कस्बा जहांगीरपुर के कुछ व्यापारी प्रत्येक शनिवार को दुकाने खोलते है व प्रशासन के आदेशों की धज्जियाँ उड़ा रहे है जिसके कारण दुकानों पर काम करने वाले श्रमिकों को महीने में एक दिन का भी अवकाश नहीं मिल पाता है। जिला श्रम अधिकारी का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है सोचना यह है श्रमिक अपने निजी कार्य कैसे करें अपने निजी कार्य करने के लिए उन्हें दुकानदार से अवकाश लेना पड़ता है उसकी एवज में श्रमिक के वेतन में से कटौती कर ली जाती है। इस प्रकरण के बारे में उच्च अधिकारियों से फोन पर वार्ता की गई।

अधिकारियों ने अलग अलग तरह से बताया। प्रत्येक नगर पंचायत,नगर पालिका में अलग अलग दिन बाजार बंद करने के लिए निश्चित किए गए हैं जिसके आदेश विभागीय अधिकारियों द्वारा पारित किए जा चुके हैं। वहीं श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने ने कहा कि प्रत्येक नगर व शहर में साप्ताहिक बंदी लागू की गई दुकानों पर नौकरी करने वाले श्रमिकों से बात करने पर बताया कि वैसे तो श्रम विभाग से शनिवार को बाजार बंद करने के आदेश समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हो चुके हैं उसके बाद भी दुकानें खुलती हैं तो हम लोगों को मजबूरन आना पड़ता है रोजी रोटी का सवाल है। एक दुकान से समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में जनसभा झाझर में आज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने आह्वान करते हुए कहा कि

बड़ी संख्या में दिनांक 18 अप्रैल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए झाझर कुटवाया रोड पर सोलंकी फार्म हाउस पर सुबह 10:00 बजे भारी संख्या में सभा स्थल पर पहुंचने के लिये अपील की` प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के समर्थन में भारी संख्या में सभा स्थल पर ` आप सभी देव तुल्य जनता एवं कार्यकताओं से निवेदन है अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन एवं मार्गदर्शन प्राप्त करें । इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा जिला महामंत्री योगेश चौधरी धर्मेन्द्र कोरी जिला मंत्री गुरुदेव भाटी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य पंकज रावल अर्पित तिवारी मनीष भाटी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आम्रपाली ग्रैंड सोसाइटी के अध्यक्ष अंकित रौशा के साथ सपा प्रत्याशी की पुत्री निधि नागर ने सेक्टर में मांगे वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। आम्रपाली ग्रैंड सोसाइटी के

अध्यक्ष अंकित रौशा व सेक्टरी सुनील शर्मा व ट्रेसरार पी के श्रीवास्तव व चाहत भाटी, प्रमोद नागर, नितेन्द्र टोंगर, निशांत नागर, अनिरुद्ध नागर आदित्य भाटी व सभी रहवासी ने इंडिया गड़बंधन के कैण्डिडेट डॉ महेंद्र नागर की बेटी डॉ निधि नागर का जोरदार स्वागत किया व अपनी सोसाइटी से ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने का आश्वासन दिया।

19 को मुख्यमंत्री करेंगे जनसभा, तैयारियां जोरों पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ 19 अप्रैल को शिकारपुर के दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री सुबह करीब 10:30 पर हेलीकॉप्टर से शिकारपुर पहुंचकर चुनावी सभा संबोधित करेंगे।

मेरठ बदायूं हाईवे स्थित शिकारपुर तहसील के पास शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरेगा और उसके बाद चुनावी सभा संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्ष विकास चौहान ,मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग जनसभा में शामिल होंगे। जनसभा की तैयारियां जोरों पर हैं।

कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जनसभा की सुरक्षा में पीएसी, पैरामिलिट्री और शिकारपुर, सलेमपुर, अहमदगढ़, छतरी, पहसू,सहित जिले भर से भारी पुलिस फोर्स रहेगा।

डॉक्टर नरेश कंसल द्वारा अमृता मेडिकल को किया अपना शरीर दान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गुलावठी। (सैय्यद मजहर) संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की पवन प्रेरणा पर चलते हुए शरीर दानी डॉक्टर नरेश कंसल ने उम्र 74 ने शरीर त्यागने से पहले शरीर दान का प्रण किया था ! 15 अप्रैल को उनके शरीर पूरा होने के बाद उनके परिवार वालों ने फरीदाबाद मेडिकल रिसर्च सेंटर अमृता मेडिकल कॉलेज को उनके शरीर दान दिया ! इस मौके पर हजारों की तादाद में डेरा सच्चा सौदा के अनुयाई वह गुलावठी के सामाजिक लोग मौजूद रहे और उन्होंने धन-धन सद्गुरु तेरा ही आसरा वह शरीर दानी डॉक्टर नरेश इंसान अमर रहे हैं जब तक सूरज चांद रहेगा डॉक्टर कंसल तेरा नाम रहेगा के नारे लगाकर शरीर को दान किया उनके दोनों पुत्र पुलकित वह अंकित ने कंधा दिया! इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया,अमरीश गोयल बिजेंदर शरद अनुज मास्टर तेजिंदर प्रेमवीर श्रीपाल भूपेंद्र मास्टर राठी पुरुषोत्तम बिरजू विशाल नीरज डॉक्टर अंजुला कंसल आदि सैकड़ो लोग इस विशाल शव यात्रा में शामिल रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने किया बूथों का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। लोक सभा निर्वाचन के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को सकुशल, पारदर्शिता, व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए बूथों पर कराई जा रही व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने फैजाबाद रीठावली, सैदपुर के बूथों का निरीक्षण किया। निर्देश दिए गए कि मतदान के लिए बूथों पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिचित कराई जाए। मतदान के दिवस बूथों पर मतदाता के बैठने के लिए व्यवस्था भी की जाए। बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची वितरण करने के कार्य का सत्यापन ग्रामीणों से किया गया। बताया गया कि

वोटर पर्ची का वितरण सभी मतदाता को नहीं किया गया है। शत प्रतिशत वोटर पर्ची का अभी तक वितरण नहीं करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर कर संबंधित बीएलओ को नोटिस जारी कर वोटर पर्ची का वितरण कराने के निर्देश दिए।

शारदा विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंस एवं रिसर्च ने अंतःविषय विज्ञान में समकालीन प्रगति विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। स्कूल के डीन प्रोफेसर श्यामल कुमार बनर्जी ने सभी अतिथियों व स्पीकर्स का स्वागत किया व अपने संबोधन में स्कूल के विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे शोध कार्यों को रेखांकित किया । करीब 150 से अधिक छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया । जिन्होंने तीन दिनों तक चली इस राष्ट्रीय गोष्ठी में फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, लाइफ साइंस व एनवायर्नमेंटल साइंस विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सिबाराम खारा ने कहा कि यह समय बहुआयामी और बहुविषयक शोध कार्यों का है। भारत के वैज्ञानिकों में

विज्ञान के नए द्वार खोलने की पूरी क्षमता है । उन्होंने बताया कि विश्विद्यालय ने अभी हाल ही में भारतीय संस्कृति वैश्विक केंद्र की स्थापना की है। जिसका उद्देश्य भारत की पुरातन ज्ञान परम्परा को समृद्ध करना है ।सम्मेलन में मुख्य वक्ता नेशनल कॉउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटेरियल्स, बल्लभगढ़ के डायरेक्टर जनरल डॉ एलपी सिंह अपने उद्बोधन में जलवायु परिवर्तन व ग्रीनहाउस इफेक्ट्स पर अपने विचार रखे । उन्होंने सीमेंट इंडस्ट्री में निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड गैस के उत्सर्जन को कम करने की तकनीक को साझा किया ।

दिल्ली विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ प्लांट मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के डॉ सौरभ रघुवंशी ने अपने लेक्चर में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बायोइन्फरमेटिक्स विषय पर गहनता से चर्चा की ।इस अवसर पर डॉ सत्यवदा राव ,डॉ एन. बी. सिंह, डॉ आर.सी.कोहाड़, डॉ विनोद जोशी, डॉ खुर्शीद आलम, डॉ संतोष कुमार मिश्रा, डॉ अनुपम अग्रवाल, डॉ पन्नाला, डॉ मोहित साहनी, डॉ पी.के.सिंह, डॉ विनीता, डॉ शशांक शर्मा, डॉ रश्मि, डॉ विकास दत्त, व सरिता आदि उपस्थित रहे ।

आयोजन संस्थान के विभिन्न प्रांतों के छात्रों ने अपने अपने राज्यों के प्रख्यात खाद्य पदार्थों फूड स्टॉल लगाए जिससे पूरे उत्सव का मजा दोगुना हो गया

जीएनआईएटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में सृजन (जिम्स मैनेजमेंट फेस्ट) का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। जीएनआईएटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में सृजन (जिम्स मैनेजमेंट फेस्ट) का आयोजन हुआ। यह वार्षिक प्रबंधन उत्सव प्रेरणादायक विषय "सपने देखने की साहस , स्वप्न निर्माण की साहस " के तहत आयोजित किया गया।

सृजन एक जीवंत मंच के रूप में सामर्थ्य, अभिनवता, और बौद्धिक प्रतिभा का उत्सव है, जो विभिन्न पृष्ठभूमियों और विभिन्न कॉलेजों के छात्रों को एक समृद्ध संगठन में जोड़ता है ताकि वे रोमांचक घटनाओं और प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग ले सकें। जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में आयोजित इस महोत्सव में एक बार फिर से छात्रों ने उत्साह और साहस के साथ प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। हैशटैग मार्केटिंग क्लब ने "पिच परफेक्ट", नजरिया क्लब ने "रीलिशस", एजाइल क्लब ने

"एजाइल माइंड्स", संस्कृति क्लब ने "रंगमंच", अथर्वित क्लब ने "हाई स्टेक्स", एनालिटिका क्लब ने "डूगल", सक्षम क्लब ने "संकलन साधना",अभुदय क्लब ने "पॉवर ऑफ परिप्रेक्ष्य", विश्लेषण क्लब ने "पोस्टर प्रेजेंटेशन" व ब्रेनिएक्स क्लब ने "आईडीथॉन" का आयोजन किया।उत्सव का उद्देश्य छात्रों को उनकी रचनात्मकता को उजागर करना , उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करनना और सार्थक संवाद में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करना था। उत्सव में कई छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के लिए पुरस्कार ,प्रशंसा और प्रशस्ति पत्र प्राप्त की। उल्लेखनीय विजेताओं में लॉयड बिजनेस स्कूल से नमन गोयल और उनकी टीम, पिच परफेक्ट के विजेता जीआईपीएस और मोतीलाल नेहरू कॉलेज से रितेश गुप्ता और कनिष्का गुप्ता, क्रमशः रंगमंच और रीलीशियस के विजेता; जिम्स से ह्ललक्ष्य दुआ और रिया जिंदल , संकलन साधना के विजेता; जीएनआईओटी से प्रातिश घिमिराज, "पावर ऑफ पर्सेप्शन" के विजेता नवीन कुमार एनआईईटी से और आर्यन आनंद जीआईएमएस से, "हाई स्टेक्स" और "एजाइल माइंड्स" इवेंट के विजेता; स्वप्निल जोशी जीएनआईओटी से, बहुवाद्य मुकाबले (ब्रेनियाक्स) और साहित्यिक महोत्सव के विजेता; और श्रेया जीआईएमएस से और मायंक शर्मा जीएनआईओटी से, के लिए GIMS के लिए डूडल और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता के विजेता रहे।

इसी दौरान संस्थान के प्रांगण में फूड फिएस्टा का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के विभिन्न प्रांतों के छात्रों ने अपने अपने राज्यों के प्रख्यात खाद्य पदार्थों फूड स्टॉल लगाए जिससे पूरे उत्सव का मजा दोगुना हो गया।

पीएम मोदी के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर विश्व पटल पर पहुंचा: डॉ.उमा शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर ससंदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा की पत्नी डा. उमा शर्मा ने नौएडा के सैक्टर-22 स्थित जे, आई, एच, ई, बी ब्लाकों में रह रहें निवासियों से मिलकर सभी लोगों से मतदान करने की अपील की और कहा कि सर्वप्रथम दिनांक 26. 04.2024 को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की और नवरात्र के राम नवमी के सुअवसर पर मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया । नौएडा में जन संपर्क के दौरान डा. उमा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डा. महेश शर्मा ने गौतमबुद्ध नगर में बड़े-बड़े विकास प्रोजेक्टों को इस क्षेत्र लाकर गौतमबुद्धनगर का नाम विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व के विकसित राष्ट्र की श्रेणी में विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर है। आज पूरे देश मे बड़े-बड़े राष्ट्रीय राजमार्गो का निर्माण कराया जा रहा, प्रत्येक जनपदों में अस्पताल/ मेडिकल

कालेजों का निर्माण कराया जा रहा है। भाजपा सरकार के दौरान बंद पड़ी हवाई पटिट्यों को पुनः विकास कराया गया और आज जेवर में विश्व स्तरीय हवाई अड्डा का निर्माण कराया जा रहा है जन सपंर्क के दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, जिलामंत्री डिम्पल आनन्द, सुनीता शर्मा, संगीत जी, किरण भारद्वाज, अंजना सबलोक, मंजू शर्मा, गीता चोपडा, दुर्गा शर्मा, किरण चन्दोला, सरिता दीपाली दीक्षित एवं काफी संख्या में महिलाए उपस्थित रहीं ।

कांस्टेबल बनाने का सपना दिखाकर दो लोगों को 10 लाख का लगाया चूना, नौकरी नहीं मिलने पर उड़े होश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती के नाम पर 2 लोगों से 10 लाख रुपये ठग लिए गए। नौकरी नहीं मिलने पर जब पीड़ितों ने पैसा वापस मांगा तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

यह है पूरा मामला पुलिस को दी शिकायत में विकास ने बताया कि उसके दोस्त के चाचा के जरिए उसकी मुलाकात शबे नासिर और रीना से नेहरूनगर में हुई थी। उसने बताया कि वह पुलिस अधिकारी और गृह मंत्रालय से अच्छी तरह परिचित है। वे उसे दिल्ली पुलिस में नौकरी दिला सकते हैं। इसके लिए उन्होंने कुछ खर्चों के बारे में बताया। दोनों ने उसे और उसके दोस्त को नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये ले लिए। इसके लिए उन्हें हाल ही में आयोजित दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए भेजा गया था। इस दौरान आरोपी ने उससे कहा था कि उत्तर पुस्तिका में सिर्फ रोल नंबर लिखकर आना और कोई जवाब नहीं देना। ऐसा करने पर जब कुछ नहीं हुआ तो उसने पैसे वापस मांगे। इस पर आरोपियों ने धमकी दी।

पुलिस का बयान

इस संबंध में एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का कहना है कि इस मामले में विकास तिवारी ने शाबे नासिर और रीना के खिलाफ सिहानी गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कंगना के ग्लैमर से विरोधी होंगे धराशाई : 22 अप्रैल को 'झांसी की रानी' कर सकती हैं रोड शो, भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत 22 अप्रैल को गाजियाबाद में रोड शो कर सकती हैं। कंगना गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए नजर आ सकती हैं। मौखिक रूप से आए इस आदेश के बाद गाजियाबाद में भाजपा कार्यकताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक रोड शो का रूट तैयार नहीं किया गया है।

शाम 4 से 5 बजे के बीच हो सकता है रोड शो गाजियाबाद भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि कंगना रनौत गाजियाबाद में चुनाव प्रचार को लेकर रोड शो कर सकती हैं। 22 अप्रैल को रोड शो को लेकर बात चल रही है। लेकिन लिखित रूप में अभी तक कोई लेटर नहीं आया है। मौखिक रूप से आए



आदेश के बाद कार्यकताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। वहीं लोकसभा क्षेत्र संयोजक अजय शर्मा ने बताया कि 22 अप्रैल को शाम 4 से 5 बजे के बीच कंगना रनौत रोड शो कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि लिखित रूप से आदेश के आने के बाद रूट तय कर लिया जाएगा। मोदी-योगी कर चुके हैं रोड शो दिल्ली-एनसीआर की खास सीट गाजियाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी रोड शो कर चुके हैं। प्रधानमंत्री 6 अप्रैल को रोड शो के लिए गाजियाबाद आए थे,उन्होंने मालीवाड़ा चौक से चौधरी मोड़ तक रोड शो किया था। रक्षा मंत्री ने 3 अप्रैल को यहां जनसभा को संबोधित किया था। मुख्यमंत्री योगी भी 27 मार्च को गाजियाबाद प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में शामिल हुए थे। 19 अप्रैल को योगी करेंगे जनसभा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 18 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पिलखुआ के रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। दूसरे दिन 19 अप्रैल को वे मोदीनगर में जनसभा करेंगे। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

यूपीएससी में मेघा का चयन,गुलमोहर में खुशी का माहौल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद । मंगलवार को घोषित हुए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के परीक्षा परिणाम में गुलमोहर एनक्लेव निवासी मेघा अग्रवाल का चयन हुआ है। मेघा ने 206 वीं रैंक हासिल की है। गुलमोहर के फ्लैट नम्बर उ4/115 में रहने वाली मेघा के चयनित होने की खबर मिलने के बाद से ही पूरे एन्क्लेव में खुशी का माहौल है। बता दे मेघा ने गाजियाबाद के ठाकुरद्वारा स्कूल से सन 2009 में हाई स्कूल टॉप किया था तथा 2011 में छबील दास स्कूल से इंटरमीडिएट में टॉप किया था इसके बाद मेघा ने बीटेक इंजीनियरिंग एन आई टी इलाहाबाद से पढ़ाई पूरी की थी मेघा दो बहन एक भाई है छोटी बहन शिखा अग्रवाल एडवोकेट है वही छोटा भाई हितेश अग्रवाल आई आई टी दिल्ली से इंजीनियर है 2022 में मेघा की शादी धनबाद निवासी सूरज कुमार गुप्ता के साथ हुई थी

सूरज आईटी कंसलटेंट है मेघा के पिता जुगल किशोर अग्रवाल बिजनेसमैन है तथा माता रेखा अग्रवाल बिजनेसवुमन है पुत्री की सफलता पर माता पिता ने खुशी जाहिर की है वही गुलमोहर एनक्लेव आर. डब्लू. ए. के अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने मेघा की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेघा ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने माता-पिता के साथ ही पूरे गुलमोहर एनक्लेव का नाम भी रोशन किया है उन्होंने बताया कि मेघा को आर. डब्लू. ए. गुलमोहर एनक्लेव के द्वारा सम्मानित किया जाएगा मेघा ने बताया कि जुम्बा डांस, वॉचिंग मूवी ऑन सोशल टॉपिक और समाचार पत्र पढ़ना उनकी हॉबी है। बता दें इससे पहले भी 2020 में गुलमोहर एनक्लेव निवासी जज ए बी सिंह के पुत्र आयुष विक्रम सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में 341 वीं रैंक हासिल की थी बाद में उनको यूपी कैडर अलॉट हुआ था फिलहाल आयुष मेरठ में एसपी सिटी के पद पर तैनात है।

राष्ट्रीय लोकदल पार्टी से चुनाव लड़ चुके पार्षद नेता को गोली मार बाइक सवार बदमाश फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद में रालोद नेता को मारी गोली, मचा हड़कंप गाजियाबाद के आरडीसी इलाके में मंगलवार शाम राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के नेता को गोली मार दी गई। बाइक सवार बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि इनका ब्याज का बहुत मोटा काम था जो किसी को नहीं बकते थे महिलाओं को भी गाली गलौज करते थे ब्याज 10% 15% 20% लिया जाता था सूत्रों से पता चला है कि किसी को ब्याज के लिए ही प्रताड़ित काफी समय से किया जा रहा था हो सकता है उसी अंदेशा जताया जा रहा है? घटना के बाद घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से पुलिस अधिकारियों के होश उड़े हुए हैं।

हमलावरों की नहीं हुई पहचान मंगलवार को आरडीसी में जिला सहकारी बैंक के पास राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता लोकेश चौधरी लीलू को गोली मारने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि वारदात को बाइक सवार दो बदमाशों ने अंजाम दिया है। घटना के बाद घायल रालोद नेता को इलाज के लिए यशोदा अस्पताल नेहरू नगर में भर्ती कराया गया है। वहीं अभी तक हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। निगम पार्षद का लड़ चुके हैं चुनाव लोकेश उर्फ लीलू कवि नगर थाना क्षेत्र के रहने गांव राजापुर के रहने वाले हैं और फिलहाल थाना क्षेत्र के ही महेंद्रा एंक्लेव में रहते हैं। वहीं उनका प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।लोकेश चौधरी करीब 1 साल पहले हुए नगर निगम के पार्षद के चुनाव में महेंद्र एनक्लेव वार्ड से राष्ट्रीय लोकदल पार्टी से चुनाव लड़े थे। पुलिस का बयान एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि हमलावरों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। एसीपी का कहना है कि घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। अभी उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर घटना की जांच कर रही है।

नगर निगम रेनीवेल से करेगा जलापूर्ति, परिसर में 13 स्थानों पर मिलेगी सुविधा ईएसआईसी अस्पताल में दूर होगी पानी की किल्लत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र के राजेंद्र नगर सेक्टर 2 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में रेनीवेल से पानी की आपूर्ति की जाएगी। गाजियाबाद नगर निगम ने इसकी तैयारी कर ली है। नगर निगम द्वारा अस्पताल परिसर में 13 स्थानों पर मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ को आरओ के माध्यम से पानी की सुविधा मिलेगी। सोमवार को अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने जल निगम अधिकारी के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया। आरओ लगाकर वाटर कूलर से होगी जलापूर्ति मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सुरिंदर कौर ने बताया कि अभी तक अस्पताल में सबमर्सिबल वाटर कूलर से पानी की आपूर्ति की जाती थी। वहीं सबमर्सिबल खराब होने से मरीजों व उनके परिजनों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

नगर निगम से जलापूर्ति की मांग की गयी। नगर निगम ने अस्पताल परिसर में पानी की आपूर्ति शुरू कर दी है। लेकिन पानी का टीडीएस अधिक होने के कारण आरओ लगाया जाएगा। इसके लिए 13 स्थानों को चिन्हित किया गया है। जल्द ही आरओ लगाकर वाटर कूलर से जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। अस्पताल में इन स्थानों पर लगेगा वाटर कूलर ईएसआईसी अस्पताल में ओपीडी, जनरल वार्ड, स्टोर रूम के पास, रजिस्ट्रेशन विभाग के पास, हड्डी रोग विभाग, ऑपरेशन थिएटर के पास प्रथम तल सहित अन्य स्थानों को आरओ लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। जल्द ही इन स्थानों पर आरओ के माध्यम से वाटर कूलर लगाकर पानी की सप्लाई शुरू की जाएगी।

रामनवमी पर माँ वैष्णो धाम पर हुआ विशाल भंडारा व माता की चौकी का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। चैत्र नवरात्रि में पूरे नौ दिन लगा रहा, माँ वैष्णो धाम पर मेला 17 अप्रैल को मंदिर समिति के चेयरमैन संजीव गुप्ता और रश्मि गुप्ता की वैवाहिक वर्षगांठ भी रही बुधवार को सपनावत के माँ वैष्णो धाम मंदिर पर रामनवमी के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे के साथ माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। माँ वैष्णो धाम मंदिर सेवा समिति की ओर से वैष्णो धाम पर प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्रों में माता रानी की चौकी का आयोजन किया जाता है। तथा पूरे नवरात्रों मंदिर पर मेले के आयोजन में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस अवसर पर पूरे मंदिर को फूलों के साथ रंग बिरंगी चुनरी आदि से भव्य रूप से सजाया गया। माता की चौकी के आयोजन में बुलंदशहर की सुप्रसिद्ध विनीत एण्ड लोकेश पार्टी के द्वारा सुनाए भजनों पर श्रद्धालु गण जमकर झूमे तथा पूरा मंदिर प्रांगण माता रानी के जयकारों से गूंज्यमान रहा। बुधवार को ही माँ वैष्णो धाम के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता व रश्मि गुप्ता के विवाह की वर्षगांठ भी रही। जिसके फल स्वरुप सैकड़ो लोगों ने गुप्ता दंपति को शुभकामनाएं भी भेंट की। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, रश्मि गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सुरभि गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तुषार गुप्ता, तास्विक गुप्ता, टियारा गुप्ता, रेनू गोयल, राकेश गोयल, प्रदीप गुप्ता, रोहित गोयल, उमेश गर्ग, अंजलि गर्ग,निशा गोयल, धीरज गोयल, नीरज गोयल, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

भाजपा के खिलाफ राजपूत भरेंगे हुंकार, मोदी के खिलाफ वोट करने की होगी अपील, दिलाई जाएगी शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ राजपूतों की नाराजगी कम नहीं हो रही है। राजपूत समाज (क्षत्रिय महाकुंभ) भाजपा के खिलाफ लगातार सम्मेलन कर रहा है। 7 अप्रैल को सहारनपुर के ननौता में समाज के सफल सम्मेलन हुआ था। अब 17 अप्रैल यानी बुधवार को राजपूत समाज गाजियाबाद में सम्मेलन कर रहा है।

बताया जा रहा है कि इस सम्मेलन में भी राजपूत समाज के लाखों लोग पहुंचेंगे। सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई क्षत्रिय महाकुंभ के कार्यक्रम संयोजक ललित राणा का कहना है कि क्षत्रियों को दिए जाने वाले टिकटों को लेकर भारतीय जनता पार्टी से हमारी लड़ाई बहुत बाद में होगी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान सांसदों ने जिस तरह से समाज का अपमान किया है, ये हमारी लड़ाई है। यह सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई है। अब तक हम सहारनपुर के नानौता, मेरठ के कपसाड़ा, मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना, मेरठ के सिसौली और मेरठ के खेड़ा में सम्मेलन कर चुके हैं। 17 तारीख को गाजियाबाद लोकसभा के धौलाना में होने वाला सम्मेलन भी ऐतिहासिक होगा। ललित राणा का कहना है कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के सांसद क्षत्रियों की आलोचना कर रहे हैं और गुजरात में राज शेखावत की पगड़ी उछाली गई, उससे क्षत्रिय समाज में नाराजगी है।

वेस्ट यूपी के बाद पूर्वांचल में होगा सम्मेलन गाजियाबाद के बाद 21 अप्रैल को बुलंदशहर के जहांगीराबाद, 22 को चोला चोली गौतमबुद्धनगर और टप्पल अलीगढ़ में सम्मेलन होंगे। इसके अलावा इसी माह बदायूं, आंवला और शाहजहांपुर में भी सम्मेलन होंगे।

इस महीने के बाद हम उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में चले जायेंगे। बता दें कि इन सम्मेलनों में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ वोट करने की अपील की जा रही है और शपथ ली जा रही है।

चांदनेर में बिजली के तारों से निकली चिंगारी, किसान की गेहूं की 7 बीघा फसल जलकर हुई राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर । बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव चांदनेर में खेत में खंभे पर बिजली के तारों से निकली चिंगारी से किसान की 7 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। आपको बता दें कि थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव चांदनेर में किसान मीर सिंह की लगभग 7 बीघा भूमि पर गेहूं की फसल बोई हुई थी। जिसके चलते खेत में लगे हुए बिजली के खंबे पर खींची हुई लाइन से चिंगारी निकलने पर गेहूं की फसल मे आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण खेत की तरफ दौड़ पड़े और ट्रैक्टर टैंकर से पानी भरकर घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक गेहूं की सात बीघा फसल जलकर राख हो गई। वही इस मामले को लेकर किसान नेता जीते चौहान के द्वारा पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि मुआवजा नहीं दिया गया तो खेतों से बिजली के खंबे उखाड़ कर फेंक दिए जाएंगे।

आयोजन प्राधिकरण के स्टॉल पर जापान की निम्न महत्वपूर्ण कंपनियों व संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया

मेडिकल डिवाइस पार्क के स्टॉल पर जापान की प्रतिष्ठित एवं विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया विजिट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मेडिकल डिवाइसेस पार्क के निर्माण हेतु नियत की गई नोडल एजेंसी यथा यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर 28 में 350 एक-ड़ में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क मैं निवेश प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के डेलिगेशन द्वारा जापान के टोक्यो शहर में आयोजित मेडटेक शो मैं प्रतिभाग किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण श्री अनिल कुमार सागर के नेतृत्व में डॉक्टर अरुण वीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण तथा सलाहकार संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा जापान में दिनांक17 अप्रैल से 20 अप्रैल 2024 तक आयोजित इस विश्व प्रसिद्ध में मेडटेक मैं प्रतिभाग किया जा रहा है।

आज इस आयोजन के प्रथम दिवस में मेडिकल डिवाइस पार्क के स्टॉल पर जापान की प्रतिष्ठित एवं विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विजिट किया गया तथा मेडिकल डिवाइसेस पार्क के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। शासन व प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस मेडिकल डिवाइसेज पार्क की विशेषतावों एवं उत्तर प्रदेश सरकार या भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं इन्सेंटिव आदि के संबंध में आगंतुकों को अवगत कराया गया। आज प्राधिकरण के



स्टॉल पर जापान की निम्न महत्वपूर्ण कंपनियों व संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

Posh Wellness Laboratory Inc.
Shimane University Faculty of Medicine, Department of Emergency & Critical Care Medicine
* Manies Group Co. Ltd.
* Sousaku Medical
* Japan Federation of Medical Devices Associations
* Silicon Valley Venture
* B Dot Medical Inc.
* International Medical Care Exchange Association
. Toyota Forms

उल्लेखनीय हैं कि भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार की नोडल एजेंसी यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा अपने सेक्टर नोएडा इंटरनेशनल एअरपोर्ट के समीप सेक्टर 28 में विकसित किए जा रहे हैं मेडिकल डिवाइस पार्क में अभी तक करीब 74 कम्पनीज को भूखंड आवंटित किया जा चुके हैं। इन आवंटनों से प्राधिकरण में करीब रुपए 1415.24 करोड़ का निवेश प्राप्त हुवा है तथा उत्तर प्रदेश में 8895 रोजगारों का सृजन हुवा है।

तारों की चिंगारी से लगी आग,35 बीघा का गेहूं की फसल जल कर राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। गाँव डूहरी में बिजली का तार खेत मे गिर जाने से 35 बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक गांव डूहरी के नया गांव मोड़ पर के जंगल में हाई टेंशन लाइन का तार विद्युत पोल से टूट कर गिर गया। जिसके कारण राकेश तोमर, विकास तोमर, मगनपाल तोमर, दिवाकर सिंह, अमर तोमर व सरला देवी की लगभग 35 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइन पहले से ही जर्जर थी, जिसके बारे में बार-बार बिजली विभाग से कई बार सचेत किया गया था। अब ग्रामीण प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं उनका कहना है निगम की लापरवाही के कारण गेहूं की फसल में आग लगी है, जिसकी भरपाई भी बिजली विभाग को करनी होगी।

श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोज कराकर व्रत किये संपन्न, नवमी पर भोजन कराने को कन्याओं की तलाश करनी पड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। नवमी पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के नवें रूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। व्रतियों को कन्याओं को भोजन कराने के लिए उनकी तलाश करनी पड़ी। जिससे लोगों को कन्याओं का महत्व भी नजर आया। वहीं चिकित्सा विभाग व सामाजिक संस्थाओं द्वारा समय-समय पर रैली निकालकर व गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को भ्रूण हत्या के प्रति जागरूक किया जाता रहता है। आपको बता दें,कि चिकित्सा विभाग व सामाजिक संस्थाओं द्वारा समय-समय अभियान चलाकर जनता को जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद भी कन्या भ्रूण हत्या पर पूर्ण रूप से अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिसकी जानकार बुधवार को व्रतियों को उस समय लगी जब उन्हें कन्या पूजन के लिए कन्या को ढूढ?ा पड़ा। तो उन्हे कन्याओं का महत्व नजर आया। लेकिन नवरात्रि समाप्त होते ही बेटियों को भूला दिया जाता है।

कन्याओं का महत्व लोगों को आया समझ:गिरीश

मां मंशा देवी मंदिर का पंखा शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई

कन्याओं को भोजन कराती महिला श्रद्धालु व मां मंशा देवी की पंखा शोभा यात्रा में शामिल झांकी व गिरीश त्यागी

बुधवार को नवरात्रि पर मां भगवती के नवें रूप सिद्धिदात्री करी पूजा अर्चना की। इनकी आराधना व कन्या भोज के साथ ही साधक नवरात्रि व्रत पारण करते है। नवरात्रि की समाप्ति पर कन्या पूजन का बड़ा महत्व माना जाता है। जिसे देखते हुए व्रतियों को कन्याओं को भोजन कराने व पूजन करने के लिए घर घर जाकर ढूढ?ा पड़ा। वही अंतिम नवरात्रि पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी चहल पहल रही।

समाज सेवी गिरीश त्यागी ने कहा कि कोई भी शुभ कार्य करने के लिए कन्याओं को भोजन कराना शुभ माना जाता है। लेकिन कन्या भ्रूण हत्या के चलते अब उन्हें ढूढना पड़ता है। जिसे देखते हुए कन्या भ्रूण हत्या पर पूर्णतया रोक लगनी चाहिए। सरकार द्वारा भी इस ओर ठोस कदम उठाये गये है। वहीं दूसरी ओर गत मंगलवार को बुलन्दशहर रोड स्थित मां मंशा देवी मंदिर की पंखा शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गयी। जिसमें आकर्षक झांकियां निकाली गयी।

जिसमें मां काली की झांकी देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पंखा शोभा यात्रा श्री मंशा देवी से आरंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पीरबाउद्दीन पर पहुंचकर संपन्न हुई।

भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क, आगामी 26 अप्रैल को रामजी के पक्ष में मतदान करने की अपील की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। अब द्वितीय चरण के मतदान की तिथि 26 अप्रैल जैसे-जैस निकट आती जा रही है। वैसे-वैसे ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों को साथ लेकर जनसंपर्क तेज कर दिया। बुधवार को मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने मेरठ रोड स्थित आवास विकास,संजय विहार कालोनी के अलावा स्वर्ग आश्रम रोड पर दुकान-दुकान जाकर आगामी 26 अप्रैल को रामजी को अपना अमूल्य वोट देने की अपील की। इसके अलावा कार्यकताओं भाजपा की नीतियों व केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर विधायक विजयपाल आढ़ती, यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ,प्रफुल्ल सारस्वत, संजय कृपाल, कपिल एसएम, श्यामेंद्र त्यागी, मोहन सिंह,डॉक्टर पायल गुप्ता,अलका निम, राहुल शर्मा,सुनील वर्मा,पवन गर्ग, मुदित गोयल, प्रशांत त्यागी,गौरव शर्मा,विनित दीवान,योगेंद्र पंडित, हितेश मोदी, जगदीश प्रधान, विनोद गुप्ता , हितेश कश्यप, सौदान सिंह, शशांक गुप्ता व सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

सेवा भारती द्वारा 121 कन्याओ का पूजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। नवमी पर्व के अवसर सेवा भारती मातृ मण्डल व गुल्लू बाबा मंदिर द्वारा रामनवमी पर्व कार्यक्रम आयोजित किये गये। सेवा भारती द्वारा 121 कन्याओं का पूजन एवं प्रसादी ग्रहण कर उन्हें उपहार दिए गए। वहीं गुल्लू बाबा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

सेवा भारती के जिला संरक्षक सुधीर गोयल ने बताया कि कमला भवन छीपीवाड़ा में कन्या पूजन कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लविता बंसल, सुरभि अत्रिश, प्रियंका गोयल, दिव्या गर्ग, यशोदा देवी, शकुंतला देवी, पायल बंसल, रानी बंसल, सीमा बंसल, अखिलेश मित्तल, रामकेश सिंह, अशोक गोयल, कुसुम लता, नीरा कंसल, डॉली गुप्ता, धीरज कुमार, रामनिवास शर्मा, ललित कुमार गर्ग, राजेंद्र मित्तल, नवीन वर्मा, विपिन मित्तल, हरि कुमार के अलावा अन्य कार्यकताओं का सहयोग रहा। वहीं गुल्लू बाबा मंदिर में विशाल भंडारे के आयोजन में हजारों लोगों को प्रसादी ग्रहण कराई ।

इस अवसर पर मंदिर समिति के विपिन गोयल,अजय सोनी ,अरुण गर्ग मास्टर, जय भगवान आदि ने बताया बाबा का यह भंडारा प्रत्येक वर्ष रामनवमी पर मंदिर प्रांगण में ही आयोजित किया जाता है।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने मनुप्रिय त्यागी को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। बुधवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई के तत्वाधान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में संस्था के प्रतिनिधिमण्डल ने ग्राम सबली पहुंचकर किसान ओमदत्त त्यागी के बेटे मनुप्रिय त्यागी को तिरंगा पटका पहनकर व सम्मान पत्र सम्मानित भेंट कर सम्मानित किया। संस्था की पश्चिमी उत्तर प्रदेशाध्यक्ष सुमन त्यागी ने कहा कि मनुप्रिय त्यागी ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद हापुड़ का नाम रोशन किया है,मनुप्रिय त्यागी की यूपीएससी परीक्षा में 572वीं रैंक आई है। जिसके बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मनुप्रिय ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया: सुमन

इस अवसर संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति,जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, युवा कमांड जिला अध्यक्ष तरुण ध्यानी, महिला ब्रिगेड की जिला उपाध्यक्ष नताशा त्यागी, जिला सचिव प्राची खुल्लर,रामनिवास बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक हरिराज सिंह, गायत्री परिवार के सुधीर त्यागी,भाकियू अराजनैतिक के राधेलाल त्यागी, निखिल त्यागी आदि मौजूद रहे।

अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। लोकसभा चुनाव से पूर्व जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक शातिर अंतर्राज्यीय,हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसकी निशानदेही पर 15 बने, अधबने तमंचे, कारतूस,खोखा व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये है। गिरफ्तार अभियुक्त पर विभिन्न अपराधों के तीन दर्जन अभियोग विभिन्न जनपदों के थानों में दर्ज है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि एसपी अभिषेक वर्मा के निर्देश पर अवैध शस्त्र बनाने व बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला रखा है। अभियान में थाना हाफिजपुर पुलिस ने पुरानी पुलिस चौकी ब्रजनाथपुर के सामने बंद पड़े ईंट के भट्टे पर अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का पदार्फाश करते हुए शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर 15 बने,अधबने तमंचे, कारतूस,खोखा व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये है।

15 बने,अधबने तमंचे,कारतूस,खोखा व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद

डिमांड आने पर प्रति तमंचा 5 से 7 हजार रुपये में बेचता था

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त नाम मैनपाल उर्फ अतुल पुत्र हरवीर सिंह निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर,जिला हापुड़ है। जो डिमांड आने पर आपराधिक किस्म के लोगों को प्रति तमंचा 5 से 7 हजार रुपये में बेचता था। गिरफ्तार अभियुक्त थाना हाफिजपुर का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।

सीओ ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ जनपद हापुड़, मेरठ, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व दिल्ली में हत्या,लूट, डकैती आदि के करीब 3 दर्जन मुकदमे दर्ज है।

सम्मेलन भाजपा का विरोध रहेगा जारी दिलाई गई शपथ , मजबूत एससी एक्ट देकर देश की अस्सी फीसदी आबादी का किया जा रहा है खुला उत्पीड़न : ललित राणा

धौलाना राजपूत सम्मेलन में उमड़े लोग, सत्ता पक्ष की उड़ी नींद, ऐसा बटन दबाना जिसकी गूंज गुजरात तक पहुंचे : ठाकुर पूरन सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ) । धौलाना के दादरी मार्ग पर स्वः नानक सिंह प्रमुख की ट्यूबेल के निकट विशाल राजपूत सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राजपूतों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई । और राजपूतों के बलिदान पर प्रकाश डाला गया । आज की सरकार इनके बलिदान का सही मूल्यांकन नहीं कर पा रही है । और हर स्तर पर स्वर्ण समाज की घोर अवेहलना की जा रही है। मंच पर बोलते हुए युवा नेता ललित राणा ने कहा की आज की सरकार हमारे समाज की खुली अवेहलना कर रही है । जिस पार्टी को राजपूतों ने अपने खून पसीने से सींच कर पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया आज वही पार्टी कुछ चंद लोगो की कैद में आकर हमारे समाज की अवेहलना करने के साथ साथ अपमानित कर रही है। आज आरक्षण के नाम पर हमारे युवाओं की नौकरी छीनी जा रही है । यही नहीं जिस एससी एक्ट को सुप्रीम कोर्ट ने लगभग खत्म ही कर दिया था ।

क्योंकि सुप्रीम कोर्ट जनता था इस कानून का खुला दुरुपयोग हो रहा है। उसी काले कानून को बेहद मजबूत बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है । की कोई भी दलित झूठी तहरीर किसी भी स्वर्ण समाज के खिलाफ दे भर दे । उसे बिना सुने ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। आज लाखो लोग इस फर्जी कानून की जद में फसकर कोर्ट के चक्कर मार रहे है । वही काफी दलितों ने इस कानून को अपनी कमाई का जरिया बना लिया है

। यदि हमने इस तरह के काले कानून का आज विरोध नहीं किया तो हमारी आने वाली पीढ़ी हमे कभी माफ नहीं करेंगी । इसलिए जागो और ऐसी पार्टी का विरोध करना हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है । जो हमारे मानवीय अधिकारों का हनन कर रही है इसलिए 26 अप्रैल को सब काम। छोड़ कर अपनी ताकत दिखानी है । जिससे दो लोगो की तानाशाही से राष्ट्र को बचाया जा सके । ठाकुर पूरन सिंह ने कहा की क्षत्रिय समाज हमेशा ही राष्ट्र की बालदेवी पर बलिदान होता आया है । यदि भारत राष्ट्र का अस्तित्व है तो ये क्षत्रियों के बलिदान के कारण ही है । आज की सरकार हमारे समाज की खुली अवेहलना कर अपमानित कर रही है । जिसे हमारा समाज किसी सूरत में बर्दास्त नही करेगा । ऐसी सरकार को उसकी औकात बताना क्षत्रिय को आता है । हमने जिसे अर्श पर पहुंचाया है उसे फर्श पर भी लाना जानते है । इसलिए 26 अप्रैल को याद रखना और अपना अपमान याद रखना और इस तरह बटन दबाना जिसकी गूंज गुजरात तक सुनाई दे । इसके बाद सभी को भाजपा का खुलकर विरोध करने की हाथ खड़ा कर शपथ दिलाई गई । मंच को काफी वक्ताओं ने संबोधित किया । सम्मेलन की अध्यक्षता मास्टर चरण सिंह सिरोधन ने और मंच संचालन कविंदर चौहान अलीगढ़ ने किया । इस मौके पर ब्रह्म सिंह राणा, राकेश प्रमुख, किशन सिंह तोमर, पूर्व बार अध्यक्ष जसवीर सिंह सोनू राणा, पंकज प्रधान, मनोज शर्मा, मंझली सिंह, महेश तोमर, हेम सिंह तोमर, विक्रांत राणा, आशु तोमर, सवाजीत सिंह, प्रवीण राणा, रामावतार सिंह, देवेंद्र सिंह, अन्नू मालिक, अंसुल तोमर, गौरव तोमर, ओमी सिंह, डा वकील, परवेज राणा, जाहिद राणा, देवेंद्र खटाना, ओमिन्दर सिंह, रणवीर सिंह, यशवीर चौहान, नरेन्द्र शिशोदिया, सुभाष राणा, वीरपाल राघव, आदि सहित भारी संख्या में राजपूत समाज के लोग रहे ।

राजपूत की परिभाषा क्या है

राजपूत चिंतक जेएसएम के वीरेन्द्र शिशोदिया सपनावत ने कहा की राजपूत अपने शौर्य, सामर्थ्य और राष्ट्रभक्ति के लिए जाने जाते है। भारत का इतिहास बगैर राजपूत पराक्रम के अधुरा है। वीर राजपूत राजाओं के अलावा राजपूत वीरांगनाओं का भी स्वर्णिम इतिहास आज भी समस्त देश को प्रेरणा देता है। ऐसे परम स्वाभिमानी, प्रखर राष्ट्रवादी और असीम पराक्रमी राजपूत समाज के लिए घटिया सोच रखनेवाले भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजकोट से उम्मीदवार पुरूषोत्तम रूपाला का जितना निषेध किया जाए उतना कम है। आश्चर्य तो इस बात का है की भाजपा रूपाला का नामांकन खारिज नहीं कर रहीं न उसपे कोई कड़ी कारवाई कर रहीं।

खुद को राष्ट्रवाद का ठेकेदार बतानेवाली भाजपा क्यों राष्ट्रवादी राजपूत समाज के ऐसे अपमान पर चुप्पी साधे हुए है? क्या मजबूरी है जो पुरूषोत्तम रूपाला का टिकट नहीं खारिज किया जा रहा? पूरे देश में राजपूत समाज आक्रोशित है और जगह जगह प्रदर्शन कर रहा है। राजपूती आन, बान और शान में भाजपा द्वारा की गई इस अक्षम्य गुस्ताखी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा ।

सम्पादकीय

मुलायमियत न बरती जाए

अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में उन्हाणी गांव के करीब स्कूल बस के पेड़ से टकराने पर छह बच्चों की मौत वाकई दिल कचोटने वाली है।

हादसे के वक्त चालक नशे में था। बस में 43 बच्चों समेत एक शिक्षिका भी थी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि 34 छात्र घायल हो गए, जिनमें से नौ आईसीयू में हैं। बस चालक, प्रधानाचार्या और स्कूल सचिव को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। चालक तेज गति से वाहन चला रहा था, मोड़ पर संतुलन खोने से बच्चे खिड़कियों से बाहर उछल कर गिर गए। मरने वाले छात्र 13 से 16 साल की उम्र वाले हैं। हादसे के बाद प्रशासन और नेताओं ने रस्मादायगी करने में देर नहीं की।

इस दुर्घटना में पूर्व मंत्री के परिवार का बच्चा भी मारा गया है। दिल दहलाने वाले इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। साथ ही, विद्यालय पर सख्त कार्रवाई की बात भी हो रही है। पुनः यह बात नहीं की जा रही कि छात्रों की जिंदगी को जोखिम में डालने वालों पर नकेल कैसे डाली जाए। देश भर से कहीं-न-कहीं से इस तरह के हादसों की खबरें आती रहती हैं। स्कूलों के लिए विभिन्न नियम बनाए जाते हैं मगर उनको निर्धारित करने और उन्हें सख्ती से लागू करने वालों को जिम्मेदार नहीं बनाया जाता। थोक के भाव में गली-गली स्कूल खोले जा रहे हैं, उन पर दूर-दराज से बच्चों को लाने-ले जाने की परिवहन व्यवस्था करनी होती है जिसके प्रति बेहद लापरवाही बरती जाती है। जब भी इस तरह के हादसे महानगरों के बाहर होते हैं तो उन्हें उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता। शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय समेत संबंधित अधिकारियों को भी अहसास कराया जाना जरूरी है कि उन्होंने घोर लापरवाही बरती है। गैर-जिम्मेदारी सिर्फ मोटी रकम वसूलने वाले निजी विद्यालय ही करते, बल्कि सरकारी स्कूलों की स्थिति और भी खराब है।

अभिभावकों के पास प्रायः न्यूनतम अधिकार होते हैं, उनकी शिकायतों की अनसुनी की जाती है। यदि वे सख्ती से किसी तरह की आलोचना करते हैं तो बच्चे के प्रति अनुचित बर्ताव होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं, या उन्हें स्कूल से निलंबित करने की धमकियां दी जाती हैं। हादसे के बाद नये-नये नियम लादने से भी कोई सुधार नहीं होने वाला। मारे गए बच्चों के अभिभावकों की क्षतिपूर्ति तो असंभव है, मगर देश भर के शेष छात्रों के जीवन को जोखिम में डालने वालों के साथ किसी भी तरह की मुलायमियत न बरती जाए।

आज का विचार

इतने मधुर न हों कि लोग आपको निगल लें, इतने कटु भी नहीं कि वे आपको उगल दें।

कांग्रेस इतिहास में पहली बार इतनी कम सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव, कैसे होगी नैयापार



अशोक भाटिया

देश की सत्ता पर सबसे अधिक समय तक कायम रहने वाली और सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव में अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेगी। 2014 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी इतिहास में सबसे कम सिर्फ 44 सांसद लोकसभा में भेजने वाली कांग्रेस पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में 350 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।कांग्रेस ने अब तक 266 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पार्टी इस लोकसभा चुनाव में कुल 330 से 340 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पहली बार 400 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भारत में हुए पहले लोकसभा चुनाव 1951-52 से लेकर साल 2019 तक हुए सत्रह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कभी भी 400 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव नहीं लड़ी।

कांग्रेस ने अब तक सबसे कम सीटों पर लोकसभा का चुनाव 2004 में लड़ा था, जब पार्टी ने कुल 417 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इसके बाद 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 440, 2014 के लोकसभा चुनाव में 463, 2019 के लोकसभा चुनाव में 421 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था।कांग्रेस ने पिछले 17 लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक उम्मीदवार 1996 के लोकसभा चुनाव में उतारा था, तब कांग्रेस की तरफ से 529 प्रत्याशी चुनाव मैदान में कांग्रेस ने उतारे थे। भाजपा सत्ता की हैट्रिक लगाने के साथ-साथ 370 सीटें जीतने का टारगेट सेट किया है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए गठबंधन के लिए ह्यअबकी बार 400 पारह्न का लक्ष्य तय किया है। भाजपा दोनों टारगेट को पूरा करने के लिए अपने गठबंधन के सियासी कुनबा बढ़ाने के साथ-साथ विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं को भी अपने पाले में करने में जुटी है। भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के अगुवाई में फुल कॉन्फिडेंस में नजर आ रही है, जबकि 2024 का चुनाव कांग्रेस के लिए सियासी वजूद को बचाए रखने के लिए है। कांग्रेस 2014 और 2019 का चुनाव बुरी तरह हार चुकी है और अब 2024 का चुनाव उसके लिए करो या मरो से कम नहीं है। ऐसे में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने तमाम विपक्षी दलों के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन का गठन किया, जिसका पहिया चुनाव से पहले ही पंचर हो गया। 2024 के रणभूमि में उतरने से पहले ही इंडिया गठबंधन से कई दलों ने किनारा कर लिया है। विपक्षी गठबंधन के शिल्पकार रहे नीतीश कुमार अब एनडीए के साथ हैं, तो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी एकला चलो की राह पर कदम बढ़ा चुकी हैं। इस तरह विपक्षी इंडिया गठबंधन अभी भी अपनी उलझन को सुलझाने में जुटा है, लेकिन वो सुलझने के बजाय उलझता ही जा रहा है।

भाजपा का कहना है कि इस बार कांग्रेस 40 के आंकड़े को भी नहीं छूने वाली है। भाजपा ही नहीं इंडिया गठबंधन से अलग होने के बात ममता बनर्जी भी कांग्रेस के लिए ऐसी ही बात कह चुकी हैं। ऐसे में समझते हैं कि आजादी के बाद कब-कब मुख्य विपक्ष दल को 50 से कम सीटें मिली हैं और क्या 2024 में वास्तव में कांग्रेस 40 सीट पार नहीं कर सकेगी?2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्यवाणी की थी कि कांग्रेस 40 सीट का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। इंडिया गठबंधन से ममता बनर्जी हाल ही में अलग हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने शुरूआत फरवरी में ही बता दिया था कि बंगाल से आपको चुनौती ममता बनर्जी से मिलने जा रही है, ऐसे में कांग्रेस 40 का आंकड़ा छू भी नहीं पाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा था, ह्यप्रार्थना करता हूं कि कांग्रेस 40 सीटों पर जीत हासिल कर ले।

प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही ममता बनर्जी कांग्रेस को 40 पार करने की चुनौती दे चुकीहैं। उन्होंने मुर्शिदाबाद में एक जनसभा में कहा था कि उन्होंने कांग्रेस को कांग्रेस 300 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसको कांग्रेस ने सिरे से खारिज कर दिया। अब मुझे संदेह हो गया है कि 2024 में कांग्रेस क्या 40 सीटें भी जीत पाएंगी?

कांग्रेस 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतनी भी सीटें देश भर में नहीं जीत सकी थी कि संसद में नेता प्रतिपक्ष बना सके। कांग्रेस 2014 में 44 तो 2019 में 52 सीट पर सिमट गई थी। कांग्रेस के सामने अब तीसरी बार चुनौती खड़ी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और ममता ने जिस तरह से भविष्यवाणी करने का काम किया है, उससे लेकर सियासी कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या 2024 के चुनाव में कांग्रेस 40 सीटें भी नहीं जीत सकेगी?

मुख्य विपक्षी दल को लोकसभा चुनाव में कब-कब 50 से नीचे सीटें मिली हैं? आजादी के बाद से देश में अब-तक 17 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं और दिलचस्प बात ये है कि लगभग आधी बार यानी 8 दफा मुख्य विपक्षी पार्टी 50 से नीचे सीटों पर सिमट गई। अब तक के इतिहास में कांग्रेस महज एक बार 50 सीट क्रॉस नहीं कर सकी, वो भी 2014 के लोकसभा चुनाव में। आपातकाल के बाद हुए लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की स्थिति इतनी खराब नहीं थी, जिस तरह से आज के समय है।

पहली बार लोकसभा चुनाव 1952 में हुए थे। कांग्रेस पार्टी को 364 सीटें मिली थीं और मुख्य विपक्षी पार्टी सीपीआई को मात्र 16 सीटें मिली थीं। 1957 में कांग्रेस ने 371 सीटों पर जीत दर्ज की थी और सीपीआई को 27 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था। हालांकि पिछले चुनाव के मुकाबले उसे 11 सीटों का फायदा हुआ था। साल 1962 में कांग्रेस को 361 सीटें और सीपीआई को 29 सीटें मिली थीं। इसके बाद 1967 में कांग्रेस की सीटें घटकर 283 हो गई थीं, लेकिन उसे जीत जरूर मिल गई थी और बहुमत का आंकड़ा छू लिया था, जबकि मुख्य विपक्षी दल स्वतंत्र पार्टी बनी, लेकिन महज उसे 44 सीटों से संतोष करना पड़ा था। साल 1971 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा बढ़त हासिल करते हुए 352 सीटों पर जीत दर्ज की थी और मुख्य विपक्षी पार्टी सीप्रधानमंत्री 25 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं, 1980 में कांग्रेस को 351 और विपक्ष जनता पार्टी (सेक्युलर) को 41 सीटें मिली थीं और 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बंपर जीत हासिल की थी। इस बार उसे सबसे ज्यादा 404 सीटों पर विजय पताका फहराने का मौका मिला था और मुख्य विपक्षी पार्टी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) बनकर उभरी थी। उसे 30 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था। हालांकि 2014 के चुनाव में मोदी लहर आई और कांग्रेस हवा हो गई। मोदी लहर में कांग्रेस की बुरी तरह हार हुई और ये आजादी के बाद उसकी सबसे बड़ी हार थी। 2009 में 206 सीटें जीतने वाली कांग्रेस महज 44 सीटों पर ही सिकुड़ गई। भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल करते हुए 282 सीटों पर अपना परचम लहराया। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीटों का आंकड़ा पार किया, लेकिन 52 सीट पर ही रुक गई। कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हार रही है और भाजपा लगातार दो चुनाव जीत चुकी है और अब सत्ता की हैट्रिक लगाने की जुगत में है।

अब कांग्रेस के सामने चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के केंद्रीय राजनीति में दखल बढ़ने के बाद से कांग्रेस उभर नहीं पा रही है। 2024 में भाजपा से मुकाबले के लिए हर एक समझौता भी कर रही है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने का सिलसिला शुरू है, उससे लोकसभा चुनाव की राह और भी मुश्किल होती जा रहा है। उत्तर भारत में हिमाचल छोड़कर किसी दूसरे राज्य में उसकी सरकार नहीं है। यूपी और बिहार की सत्ता से 90 के दशक से बाहर है।

बता दें कि पिछले पांच साल के चुनावों पर नजर डालें तो 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर भारत के चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में थी। लेकिन एक-एक करके सारे राज्य छिन गए। मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेताओं की बगावत से सरकार गई और बाकी राज्यों में चुनाव हार गई। मध्य प्रदेश में इस बार और भी बुरी स्थिति रही।

2019 में कांग्रेस दिल्ली, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर हिमाचल, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा में खाता भी नहीं खोल सकी थी। 2014 में भी लगभग यही स्थिति थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, एमपी, बिहार में कांग्रेस को एक-एक सीट मिली थी, जबकि छत्तीसगढ़ में दो लोकसभा सीटों से संतोष करना पड़ा। भाजपा उत्तर भारत में काफी मजबूत स्थिति में खड़ी नजर आ रही है। ऐसे में उत्तर भारत में कांग्रेस का धीरे-धीरे सिमटना उनके लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकता है।

परमार्थ कमाएं

चलो अंगदान कर परमार्थ कमाएं हम।
मानव जीवन को भव्य - दिव्य बनाएं हम।
अंगदान अमूल्य पुण्य धन है।
अंगदान से आच्छादित होते असंख्य जन हैं।
स्वस्थ मानव अंग बहुमूल्य धन हैं।
अंगदान से होते खुश, संतुष्ट मन हैं।
अंगदानी करते पीड़ित के रोग कम।
चलो अंगदान कर परमार्थ कमाएं हम।
अंगदानी सदा पीड़ितों को नव जीवन देते।
वे अपने इहलोक - परलोक को संवारते।
धर्मनिष्ठ अंगदानी पीड़ित की जान बचाते।
वे सर्वश्रेष्ठ महादानी कहलाते। जटिल,असाध्य रोगी को उत्तम स्वास्थ्य देते।
जैसे सबका वे दुःख हर लेते।
ऐसे महादानी करते सबके कष्टों को कम।
चलो अंगदान कर परमार्थ कमाएं हम।
अंगदानी ही पीड़ितों की जान बचाते।
खुद भी इहलोक - परलोक में पुण्य कमाते।
ऐसे दानवीर ही पीड़ितों की जान बचाते।
अंगदान कर परमार्थ के भामाशाह कहलाते।

आरके राणा, (पर्यावरणविद एवं साहित्यकार)

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

कान में आती है सायं-सायं की आवाज तो हो जाएं सावधान, हो सकती है खतरनाक बीमारी

क्या आपके कान से भी साईं-साईं की आवाज आ रही है, ऐसा लगता है कि कान में कोई सीटी बजा रहा है, अगर हां तो तुरंत सावधान हो जाइए, क्योंकि ये खतरनाक बीमारी के लक्षण हो सकते हैं. इस तरह की आवाज आना टिनिटस बीमारी का लक्षण है. अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो बहरा होने तक का खतरा हो सकता है. इससे मानसिक परेशानी भी घेर सकती है. दरअसल, ऐसा कान के नर्व में गड़बड़ी की वजह से होता है, जिसे दवा या सर्जरी से कम किया जा सकता है. हालांकि, ज्यादा डैमेज होने पर सोने-जागने, काम करते समय परेशान कर सकता है।

टिनिटस बीमारी क्यों होती है

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कई बार कान में छोटे से ब्लॉकेज के कारण भी टिनिटस हो सकता है. इसके अलावा, तेज आवाज से हियरिंग लॉस, कान में इंफेक्शन, साइनस इंफेक्शन, हार्ट डिजीज, सकुर्लेटरी सिस्टम में इंफेक्शन, ब्रेन ट्यूमर, हार्मोनल बदलाव, थायराइड बढने से भी कान में सीटी सी आवाज आ सकती है।

टिनिटस कब खतरनाक

अगर आप इस बीमारी को बार-बार नजरअंदाज करते हैं तो फेशियल पैरालिसिस होने का खतरा बढ़ सकता है. हमेशा-हमेशा के लिए बहरे भी हो सकते हैं. कई बार तो इस आवाज से परेशान होकर इंसान अपनी जान तक देने की कोशिश कर सकता है. ऐसे में जरूरी है कि डॉक्टर से मिलकर थेरेपी की मदद से इसका इलाज करवाएं.

कान में आवाज आने का इलाज

साउंड बेस्ड थेरेपी

टिनिटस के लक्षण कम करने के लिए साउंड बेस्ड थेरेपी कारगर हो सकती है. इसमें यंत्रों की मदद से बाहर की आवाज को बढ़ाया जाता है और दिमाग तक इस आवाज को पहुंचने से छुटकारा दिलाया जाता है. हियरिंग एड, साउंड मास्किंग डिवाइस, कस्टमाइज्ड साउंड मशीन या कान में लगाए जाने वाले यंत्र इसी के उदाहरण हैं।

मानसिक रुप से दबाव में होने पर टिनिटस के लक्षण बढ़ सकते हैं. तनाव और एंग्जाइटी दूर करने के लिए एक्सरसाइज, योगा, मेडिटेशन, सहि डाइट और बेहतर सोशल लाइफ पर ध्यान देना चाहिए



बिहेवियरल थेरेपी

टिनिटस बहुत ज्यादा इमोशनल स्ट्रेस, डिप्रेशन, इंसोमनिया से भी होता है. इसका इलाज करने के लिए तरह तरह के बिहैवियर थेरेपी की हेल्प ली जाती है. कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी, प्रोग्रेसिव टिनिटस मैनेजमेंट की मदद से इस आवाज से छुटकारा दिलाने की कोशिश की जाती है।

दवाईयों की मदद

टिनिटस को मैनेज करने के लिए एंटी एंग्जायटी ड्रग, एंटी डिप्रेशन जैसी दवाईयां दी जाती हैं. लक्षणों के आधार पर डॉक्टर दवा देते हैं।

लाइफस्टाइल में बदलाव

मानसिक रुप से दबाव में होने पर टिनिटस के लक्षण बढ़ सकते हैं. तनाव और एंग्जाइटी दूर करने के लिए एक्सरसाइज, योगा, मेडिटेशन, सहि डाइट और बेहतर सोशल लाइफ पर ध्यान देना चाहिए।

स्वास्थ्य सेवा उद्योग में नौकरी उन्मुख कैरियर विकल्प



विजय गर्ग

वे दिन गए जब स्वास्थ्य सेवा का तात्पर्य केवल डॉक्टरों और नर्सों से होता था। भारत में तेजी से बढ़ते मेडिकल टूरिज्म के साथ यह क्षेत्र भी हर दृष्टि से विकास दिखा रहा है। चाहे अस्पतालों का आकार हो या उनके संचालन के लिए आवश्यक विशेषज्ञता, विशेष पाठ्यक्रम विकसित हुए हैं। यदि आप एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे हैं या चिकित्सा क्षेत्र में जाना चाहते हैं, लेकिन खुद को मरीजों को संभालने में कुशल नहीं पाते हैं, तो स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी आपके लिए बहुत सारे अवसर हैं। सुपर-विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। इंजीनियरों की भी जरूरत है. आपने देखा होगा कि अस्पतालों में वैयक्तिकृत ऐप्स होते हैं। इन्हें डिजाइन और रखरखाव के लिए कुशल इंजीनियरों की जरूरत है। यहां, हम आपको स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करियर के असंख्य अवसरों के बारे में बताएंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी की संभावनाएं और कैरियर के अवसर चिकित्सकः जब हम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के बारे में बात करते हैं, तो सबसे पहले एक डॉक्टर की छवि सामने आती है। निस्संदेह, डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा के स्तंभ हैं। आप राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट पास करके डॉक्टर बन सकते हैं। इसके अलावा, आपको अपने इंटरमीडिएट में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान का अध्ययन करना होगा। कई प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी हैं जो अपने अलग-अलग टेस्ट कराते हैं। साढ़े चार साल लंबी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद आप खुद को एक प्रैक्टिशनर के रूप में पंजीकृत करवा सकते हैं। आजकल सुपर स्पेशलिस्ट की मांग है. तो आपके लिए एमडी करना भी बेहतर रहेगा। उच्च डिग्री बेहतर होगी. एक डॉक्टर की नौकरी सबसे अधिक भुगतान वाली नौकरियों में से एक है। सरकारी अस्पताल और निजी अस्पताल सभी उन्हें अच्छा भुगतान करते हैं। डेंटिस्टः दांतों की समस्या तो रहती ही है. और इनसे निपटने के लिए हमें कुशल दंत चिकित्सकों की आवश्यकता है। प्रदूषित पानी, अस्वास्थ्यकर खान-पान और जाहिर तौर पर जीवनशैली में तनाव के कारण दांतों की समस्याएं बढ़ रही हैं। पारंपरिक दंत निष्कर्षण और प्रत्यारोपण के अलावा, अब हमारे पास कॉस्मेटिक दंत चिकित्सा भी है। लोग अपने दांतों की गड़बड़ी को ठीक करने, अपने चेहरे की बनावट में सुधार करने और ऐसे सभी उद्देश्यों के लिए चाकू का सहारा लेना चुनते हैं। डेंटिस्ट बनने के लिए सबसे पहले आपको बीडीएस करना होगा। इसका चयन राष्ट्रव्यापी मेडिकल टेस्ट ठएएळ के माध्यम से किया जाता है। अपने बीडीएस के बाद, आपको उच्च संभावनाओं के लिए उच्च अध्ययन की ओर जाना चाहिए। नर्सः एक नर्स वह होती है जो मरीज के सभी परीक्षण करने और उसके डिस्चार्ज होने तक उसकी देखभाल करने की प्रभारी होती है। उन्हें रक्त निकालते, मूत्र का नमूना एकत्र करते, दवाएँ देते, रोगियों को कुछ तकनीकों जैसे इंसुलिन शॉट लेने आदि के लिए प्रशिक्षित करते देखा जा सकता है। यदि आप बीमार और बीमार लोगों के प्रति भावुक हैं, तो आप इस करियर में आ सकते हैं। आपके पास सबसे पहले इंटरमीडिएट में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान होना चाहिए। इसके बाद नर्सिंग कोर्स पूरा करें। हमारे देश में, हमारे पास बी.एससी. (नर्सिंग), एएनएम और जीएनएम पाठ्यक्रम हैं। पाठ्यक्रम के सफल समापन पर, आपको खुद को राज्य नर्सिंग पंजीकरण परिषद के साथ पंजीकृत कराना होगा। एक पंजीकृत नर्स होने के बाद, आप सार्वजनिक और निजी क्लीनिकों में काम कर सकते हैं। आहार विशेषज्ञः अधिकांश अस्पतालों में आहार विशेषज्ञों का एक समूह होता है जो मरीजों के लिए अस्पताल में रहने के दौरान और उसके बाद भी आहार चार्ट तैयार करते हैं। वे चिकित्सा इतिहास, वर्तमान जटिलताओं और दैनिक आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखते हैं। आपने देखा होगा कि किडनी की समस्या से पीड़ित मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिलने पर एक डाइट चार्ट मिलता है। आहार विशेषज्ञ ही इसे तैयार करते हैं। ऐसे कई कॉलेज हैं जो भोजन में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करते हैंपोषण और डायटेटिक्स। मास्टर्स पूरा करने के बाद, आपको प्रैक्टिसिंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए पंजीकृत आहार विशेषज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। इसके बाद ही आप डायटिशियन के तौर पर काम कर सकते हैं। यह बहुत ही आकर्षक क्षेत्र है. बहुत से लोग जीवनशैली संबंधी विकारों से पीड़ित हैं और उन्हें उचित नियोजित आहार की आवश्यकता है। नैदानिक ??विज्ञान में प्रगति के साथ, डॉक्टर अपने रोगियों को जीवन भर संतुलित आहार लेने की सलाह देते हैं। एक आहार विशेषज्ञ के रूप में, आप स्वास्थ्य क्लीनिकों के साथ काम कर सकते हैं या स्वतंत्र रूप से अभ्यास भी कर सकते हैं। परामर्शदाताः अस्पतालों में हमेशा केवल शारीरिक आघात वाले मरीज ही नहीं आते। उन्हें वे भी मिलते हैं जिन्हें गहरा मनोवैज्ञानिक आघात होता है। इन मामलों में परामर्शदाता की भूमिका सामने आती है। ऐसे मामले होते हैं जब किसी व्यक्ति को इतना अधिक प्रताड़ित किया जाता है कि वह खुलकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में भी असफल हो जाता है। एक दम्पति बच्चे को गर्भ धारण करने पर अड़ियल हो जाता है, भले ही इससे माँ की मृत्यु हो सकती है। एक परामर्शदाता उन्हें परामर्श देता है, उनकी मानसिक स्थिति को बेहतर बनाने और स्थायी सुधार की दिशा में काम करता है। उनकी प्राथमिक भूमिका रोगियों की स्वस्थ मानसिक स्थिति सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य सेवा उद्योग में परामर्शदाता बनने के लिए, आपके पास कम से कम एम.फिल (मनोविज्ञान) होना आवश्यक है। इसके बाद आपको भारतीय पुनर्वास परिषद में अपना पंजीकरण कराना चाहिए। कई विश्वविद्यालय आरसीआई के साथ पंजीकृत हैं। इसलिए, छात्रों को एम.फिल पूरा करने के तुरंत बाद अपना लाइसेंस मिल जाता है। यदि आपका विश्वविद्यालय पंजीकृत नहीं है, तो आप आरसीआई द्वारा आयोजित स्वतंत्र परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। फिजियोथेरेपिस्टः हमेशा ऐसे मरीज होते हैं जिन्हें बेहतर होने के लिए शारीरिक उपचार की आवश्यकता होती है। यहां एक दुर्घटना का शिकार हुआ है जिसकी रीढ़ की हड्डी क्षतिग्रस्त है, उनकी रिकवरी के लिए नियमित फिजियोथेरेपी की जरूरत है। खिलाड़ियों को भी समय-समय पर इसकी जरूरत पड़ती रहती है. अधिकांश अस्पतालों, विशेषकर आथोर्पेडिक अस्पतालों में फिजियोथेरेपिस्ट की अपनी टीम होती है। यदि आपने इंटरमीडिएट में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान का अध्ययन किया है तो आप भी एक फिजियोथेरेपिस्ट बन सकते हैं। उसके बाद, आप फिजियोथेरेपी में डिप्लोमा के साथ-साथ डिग्री कोर्स भी कर सकते हैं। अन्य सभी स्ट्रीम की तरह, मास्टर्स और स्पेशलाइजेशन के लिए जाना बेहतर है। बाल चिकित्सा, जेरोन्टोलॉजी और आघात में विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट की हमेशा मांग रहती है। वेतन 30 हजार प्रति माह से शुरू होता है। बेशक, इसका बहुत कुछ अस्पताल पर निर्भर करता है। और, यदि आप अपना स्वयं का क्लिनिक स्थापित करने में सफल हो जाते हैं, तो यह और भी बेहतर हो सकता है। हालाँकि, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जिस कॉलेज में आप पढ़ रहे हैं वह इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा मान्यता प्राप्त है। मेडिकल लैब तकनीशियनः सभी अस्पतालों की अपनी पैथोलॉजी लैब है। पैथोलॉजिस्ट के अलावा लैब टेक्नीशियन की भी जरूरत है। एक लैब तकनीशियन के रूप में, आपको रोगी के शरीर के नमूनों का अध्ययन और बीमारियों का पता लगाना होगा। यदि आपके अस्पताल में ऑन्कोलॉजी विभाग है, तो आपको ट्यूमर की घातकता का भी पता लगाना होगा। यह अत्यधिक तकनीकी और विशिष्ट कार्य है। इतना ही नहीं इसकी डिमांड हमेशा बनी रहेगी।

गुरुवार का राशिफल

मेष — उच्च लोगों से भेट होगी, नौकरी के लिए आवदेन करेंगे, आत्मविश्वास के चलते सब पर प्रभाव जमेगा, सव्यवसाय में अच्छा कमा लेंगे। भाग्य प्रतिशत-73

वृषभ — ज्योतिष, योग, प्रसूति डॉक्टर है तो करियर में उन्नति करेंगे, कोई बड़ी समस्या भी हल होगी, इन्वेस्ट करना चाहते थे तो धन बचा लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-79

मिथुन — दान पुण्य करेंगे, विदेश जाने का मार्ग बनेगा, रिश्तेदारों से थोड़ा दूरी सम्भव है, कोई केस चल रहा है तो उसमे अटकल आ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-65

कर्क — रिश्तेदारों और मित्रों से मिलना होगा, आपकी कोई इच्छा भी पूरी होगी, कपड़े, मिठाई, रेस्टोरेंट, कैन्टीन कार्य चलेगा, सलाह देने से आर्थिक लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-78

सिंह — अपने व्यवसाय को सेट करने में मदद मिलेगी, बाहर आना जाना होगा, आयुर्वेदिक दवाई व्यवसाय से लाभ होगा, एमआर, नेवी, पुलिस विभाग में है तो भागदौड़ बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-75

कन्या — भाग्य का साथ मिलेगा, फैशन हाऊस में, स्त्री सम्बन्धित व्यवसाय करते है तो उन्नती होगी, अपना परिश्रम बढ़ायेंगे, उपहार मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-74

तुला — धन की कमी दूर होगी, थोड़ी चिंता कम होगी, किराये आदि से छुटकारा मिलेगा, लोगों से संपर्क बढ़ने से कार्य होंगे।
भाग्य प्रतिशत-60

वृश्चिक — पत्नी की ओर से लाभ होगा, वकालत कार्य चलेगा, शांति से कार्य में लगे रहेंगे, रीटेल कम्पनी में नौकरी मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-67

धनु — रिश्तों में तनाव को बातचीत से कम करेंगे, यात्रा का भी योग है, युनानी एवं आयुर्वेदिक, फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे,ध्यान, योग करेंगे। भाग्य प्रतिशत-78

मकर — मानसिकता उन्नत रहेगी, कला, साहित्य, ऑर्केस्ट्रा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, ऊनी कपड़े का व्यवसाय चलेगा, स्त्री से प्रेम समबन्ध अच्छे होंगें। भाग्य प्रतिशत-69

कुंभ — सुख समृद्धि बढ़ेगी, जमीन आदि की रजिस्ट्री, वाहन ले सकते है, घर में दुकान है तो चलेगी, धार्मिक विश्वास बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-80

मीन — नए लोगों से मिलना जुलना होगा, समबन्ध प्रगाढ़ होंगे, छोटी यात्रा करने का योग है, कानूनी मामले आसानी से सुलझा लेंगे, पैसा खर्च करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-77

अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

किसान के नलकूप की दीवार तोड़ कर चोरी,15 दिन में दूसरी वारदात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक किसान के नलकूप पर चोरों ने धावा बोलते हुए नलकूप से हजारों रुपए के उपकरण चोरी कर लिए, पीड़ित किसान का आरोप है की 15 दिन में दूसरी बार उसकी ट्यूबवेल पर चोरी की घटना हुई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी किसान इलियास ने बताया कि उसके खेत गंगेरू मार्ग स्थित रजवाहे के निकट है। आरोप हैं कि बुधवार की दोपहर को वह अपने खेत पर गया तो उसके नलकूप की दीवार तोड़कर चोरों ने स्टार्टर ,केबल सहित आदि हजारों रुपए के उपकरण चोरी कर लिए। पीड़ित

किसान का आरोप है 15 दिन में उसके नलकूप पर दूसरी बार चोरी की वारदात हुई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की हैं,पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। गौरतलब लगभग 20 दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली के भी कई किसानों के खेतों पर बने नलकूप पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

सुभारती में युवाओं ने स्लोगन लेखन से किया मतदाताओं को जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के निर्वाचक साक्षरता क्लब के संयोजन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन राइटिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। "मतदाता जागरूकता "

सुभारती विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी प्रतिभागियों ने अपनी साहित्यिक रचनाशीलता को कागज पर उतारने की पूरी कोशिश की।इस प्रतियोगिता के प्रारंभ में प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए क्लब के मुख्य संरक्षक प्रोफे. (डॉ.) एस. सी. थलेड़ी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सुभारती विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता क्लब का गठन किया गया है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है।इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं में अधिकाधिक मतदान के लिए जागरूकता उत्पन्न करना है जिससे कि लोकतंत्र के महापर्व को सफलतापूर्वक मनाया जा सके।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीटेक की छात्रा शगुन गुप्ता रहीं। वहीं महर्षि अरविन्द सुभारती कॉलेज एंड हॉस्पीटल ऑफ नैचुरोपैथी एंड यौगिक सांइसेस की छात्रा प्रीति कुमारी जायसवाल व सुभारती

नर्सिंग कॉलेज की छात्रा आशी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि तीसरे स्थान पर महर्षि अरविन्द सुभारती कॉलेज एंड हॉस्पीटल ऑफ नैचुरोपैथी एंड यौगिक सांइसेस की ही छात्रा स्त्रष्टी व साइट कॉलेज की छात्रा रोहिणी ने कब्जा जमाया। इस दौरान उत्साहवर्धक पुरस्कार के लिए निर्णायकों ने कुशाग्री प्रियांशु, सौम्या को चुना।प्रो. अशोक त्यागी व डॉ. नीरज नयन ऋषि ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की रचनाधर्मिता की प्रशंसा करते हुए निर्णायकों ने कहा कि विद्यार्थियों ने इतने मनोहारी व रचनात्मक स्लोगन लिखे हैं कि हमें इनमें सर्वश्रेष्ठ का चयन करने में बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ा।इस दौरान मतदाता जागरूकता क्लब के मुख्य संरक्षक प्रो.(डॉ.)एस.सी.थलेड़ी, पत्रकारिता विभाग की सहायक आचार्य शैली शर्मा, नर्सिंग कॉलेज की सहायक आचार्य डॉ. अर्चना पंवार के साथ-साथ कल्ब की उपाध्यक्षा मनीषा कुमारी व छात्र प्रतिनिधि पलक टंडन, इस आयोजन के संयोजक अर्पित सिंह आदि उपस्थित रहे। इस दौरान पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों वर्षा राज सुमन कुमार अंजली मोनू कुमार आस्था टीना प्रज्ज्वल अनुष्का,भूमि लाएबा, सुमैया आदि उपस्थित रहे।

मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल में कराई गई द्वितीय चरण के चुनाव की ट्रेनिंग, अनुपस्थित कार्मिक कल पुनः मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल में ले सकते है प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। बुधवार को मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल मेरठ में द्वितीय चरण के चुनाव की ट्रेनिंग कराई गई। जिसमे 182 मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा 42 प्रशिक्षण कक्षों के माध्यम से 756 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 182 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का एक और मौका दिया गया है। इसमें वह कल इसी कॉलेज में पुनः प्रशिक्षण ले सकते हैं। वरना सबके खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एफआईआर कराई जाएगी। इसके अलावा पांचो

विधानसभाओं के पोस्टल बैलेट और ईडीसी के फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए, जिसके माध्यम से कार्मिकों को पोस्टल बैलट करवाए गए तथा ईडीसी जारी किए गए।इस अवसर पर नुपूर गोयल मुख्य विकास अधिकारी, राजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राजकुमार सांगवान की जीत के लिए रोहटा की एक छोटी बच्ची ने रखा नवरात्रो का वृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रोहटा (जावेद अब्बासी)। इस समय लोकसभा चुनाव का जोर पुरे शोर शराबे से चल रहा है। वही बागपत लोकसभा के भाजपा-रालोद प्रत्याशी राजकुमार सांगवान को जिताने के लिए एक रोहटा की 15 वर्ष की बच्ची वंशिका ने नौ दिन नवरात्रो का वृत रखकर उनके जितने की मांग करती रही। जब वंशिका ने पूछा गया कि वृत क्यो रखे गए है तो बच्ची ने बताया कि हमारे अंकल राजकुमार सांगवान बहुत अछे है हमारे गांव मे किसी भी बिरादरी मे शादी समारोह हो या फिर किसी भी परिवार मे मौत हो गई हो सब जगह सबसे पहले पहुचंते है। इसी लिए मैने उनके लिए नौ दिन का शेरा वाली मां का वृत रखा है।बच्ची ने कहा कि मेरी मां शेरे वाली ने मुझे आर्शिवाद दे दिया है कि मेरे अकंल राजकुमार सांगवान ही बागपत लोकसभा सीट से जीतेगे।जानकारी के अनुसार गांव रोहटा निवासी मनीषा चौधरी की बेटी 15 वर्षीय वंशिका ने पुरे नवरात्रो मे वृत पुरे किए। बताया गया कि वंशिका रोज वृत रहने के बाद पूजा अर्चना मे बा्गपत लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार सांगवान का अपने मन्दिर के पास ही फोटो रखकर उनकी जीत की कामना करती रही। वंशिका ने बताया कि हमारे अंकल राजकुमार सांगवान गांव मे कोई शादी हो तो तुरंत वही पर आते है वही गांव मे कोई मौत भी हो गई तो पहले सात्वना देने ओर उसके बाद तेहरवी पर जरूर आते है। ऐसे अंकल के लिए मेने अपना नौ दिन का वृत रखा



है कि मेरी शेरा वाली मां उन्हे जिता देगी। वही वंशिका के बाबा मास्टर महकसिह प्रधान का कहना कि मेरी पौती वंशिका ने आज तक कोई भी वृत नहर रखा था क्योकि उसे भूख सहन नही थी। लेकिन इस बार रोलाद भाजपा से राजकुमार सांगवान का टिकट आने के बाद ही मेरी पौती ने कहा कि बाबा जी इस बार मै भी राजकुमार सांगवान अंकल को जितवाने के लिए पुरे नवरात्र वृत रखुगी। जिसके बाद मेरी पौती वंशिका ने पुरे नवरात्र वृत रखे। वही वंशिका के बाबा महकसिह प्रधान ने बताया कि वंशिका स्कूल जाने पर भी खाना न लेकर केवल फल लेकर जाती थी ओर आते ही कहती थी के बाबजी जी मेरे वृत रखने की तो भगवान सुनेगा मेरे अंकल राजकुमार सांगवान की जीत होगी।

प्रथम चरण के मतदान को लेकर पुलिस लाईन में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई ब्रीफिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। बुधवार को पुलिस लाईन स्थित ग्राउण्ड में प्रथम चरण के निर्वाचन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस बलो एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की मीटिंग आहूत की गयी जिसमे केन्द्रीय पुलिस बलो के अधिकारी,कर्मचारी व मतदान हेतु अन्य जनपदों से आये हुए पुलिसकर्मी और जनपदीय पुलिसकर्मी मौजूद रहे । सभी पुलिस बल को मतदान के दिन की कार्यवाही, उनके आचरण और कर्तव्यों के बारे में ब्रीफ किया गया।सभी को बताया गया कि शन्तिपूर्वक, पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव कराना हम सबकी जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी के लिए हमें अपना आचरण और व्यवहार निष्पक्ष रखना है।अगले 48 घण्टो में मतदान समाप्ति तक प्रचार-प्रसार

की अनुमति नही होती है । अतः कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नही होना चाहिए । यदि कोई आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो उसके विरूद्ध तत्काल विधिक कार्यवाही की जाये । सभी पुलिस बल अपनी सक्रियता क्षेत्र में बढाये, जिससे की मतदाताओं को प्रभावित करने की कोई भी संभावना और प्रयास सफल न हो पाये । मतदाताओं को प्रभावित करने हेतु कहीं भी शराब, पैसे या अन्य कोई साम्रगी बांटने की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल ही कार्यवाही की जाये। गुरुवार को पोलिंग पार्टी सुरक्षा बलों के साथ समय से रवाना हो।उसके उपरान्त सभी पोलिंग

पार्टिया सकुशल समय से अपने-अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंच जाये जिसकी सूचना सेक्टर पुलिस अधिकारी कन्ट्रोल रूम को भेजेगें।मतदान के दिन सभी भ्रमणशील रहकर कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा निष्पक्ष मतदान कराना सुनिश्चित करेगें । मतदान केन्द्र की 200 मीटर परिधि में कोई भी वाहन या मोबाइल फोन लाने की इजाजत या अनुमति नही है कोई भी सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति अपना सुरक्षाकर्मी मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि के अन्दर नही ला सकता है । मतदान केन्द्र के बाहर अनावश्यक तौर पर भीड़भाड़ न होने दी जाये । यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करें । सभी सेक्टर पुलिस अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट एक साथ भ्रमणशील रहेगें । उपस्थित अधिकारियों द्वारा सभी लोगो से अपेक्षा की गयी कि निर्भीक होकर निष्पक्ष, शान्तिपूर्वक और पारदर्शी तरीके से मतदाताओं को उनके अधिकार का प्रयोग करने में मदद करेगें।

कांधला में धूमधाम के साथ निकाली रामनवमी की शोभा यात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांधला। नगर में रामनवमी के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। कई स्थानों पर शोभा यात्रा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान दर्जनों लोग उपस्थित रहे। नगर की श्री रामलीला कमैटी मड़प

पंचवटी के तत्वधान में प्रति वर्ष की तरह चैत मास रामनवमी के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। बुधवार की शाम भाजपा एमएलसी चौधरी विरेन्द्र सिंह के द्वारा फिता काटकर शोभा यात्रा का उद्घघाटन कर शुंभारंभ किया गया। श्रीरामचन्द्र की जय घोष उत्साह के साथ शोभा यात्रा कैराना मार्ग कांधला पर निकली। शोभा यात्रा में भगवान श्री गणेश, माता दुर्गा, कौशल्या श्री हरि विष्णु, रामजन्म कौशल्या, भगवान परशुराम की सुन्दर झांकी के साथ राम लला का विमान शामिल रहा। शोभा यात्रा नगर के कैराना कांधला मार्ग, पुराना पीएनबी शाखा जैन मन्दिर, जैन स्थानक, मैन बाजार, जामा मस्जिद, कानूनगोयान, मौहल्ला रायजादगान से होती हुई लक्ष्मी नारायण मन्दिर पर आकर देर रात सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में शामिल बैण्ड बाजो और डीजे ने श्रीराम के भजनों का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को बरसात के बीच भी झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष रोहित गुप्ता, मेहरचंद सिंघल, मनोज गोयल, राजेन्द्र आचार्य, श्याम कुमार सिंघल, ललित शर्मा, अशोक महेश्वरी, जोनी शर्मा, शिवम गोयल, प्रमोद शर्मा, विशाल शर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

सड़क निर्माण कार्य में अवरुद्ध पैदा करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांधला। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में डूडा विभाग के द्वारा बनाई जा रही सड़क पर कई लोगों के द्वारा निर्माण कार्य में रुकावट पैदा करने का आरोप लगाकर मोहल्ला वासियों ने जिलाधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की हैं, मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर निर्माण कार्य में रुकावट पैदा की गई तो जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया जाएगा। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी शाहाबाज राणा, फिरोज, आजम, नदीम, आशु, हनीफ, जाहिद ताहिर पहलवान नावेद फैज, इस्लाम, नवाब, आदि लोगों ने मोहल्ले में बैठक कर प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि डूडा विभाग के द्वारा मोहल्ले में आरसीसी नाली, व इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में कई लोग अवरुद्ध पैदा कर सड़क निर्माण कर रही लेबर के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें डराते धमकाते हैं। जबकि सड़क निर्माण कार्य में किसी तरह की कोई भी खामियां नहीं है और सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप हो रहा है। लोगों का आरोप है कि कई दिन पूर्व कई लोगों ने मिलकर लेबर को डरा धमकाकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। बुधवार को मोहल्ले के ही हनीफ की आवास पर बैठक का आयोजन किया और जिलाधिकारी शामली रविंद्र सिंह को एक पत्र भेजा। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अगर सड़क निर्माण कार्य में रुकावट पैदा की गई तो मोहल्ले के लोग आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान सभी लोगों ने जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजकर सड़क निर्माण कार्य में अवरुद्ध पैदा कर रहे कई लोगों के विरुद्ध पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

सड़क निर्माण कार्य में अवरुद्ध पैदा कर रहे आरोपियों के विरुद्ध जिलाधिकारी को पत्र भेज कर की कार्रवाई की मांग

रासना कालेज मे चौ.चरणसिह विश्वविधालय अंतर महाविद्यालय सांफ्टबांल प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रोहटा (जावेद अब्बासी)। श्री शालिग्राम शर्मा स्मारक स्नातकोत्तर रासना महाविद्यालय में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रबंध समिति सचिव श्री प्रदीप त्यागी व प्राचार्या प्रोफेसर रंजू नारंग ने ध्वजारोहण के द्वारा किया। क्रीड़ा सचिव डॉ संदीप कुमार ने मंच संचालन किया और होने वाली प्रतियोगिता की जानकारी दी। प्रदीप त्यागी ने अपने संबोधन में रासना क्षेत्र में खेलों के उत्थान के लिए महाविद्यालय के योगदान की सराहना की साथ ही उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया।प्राचार्या ने सभी को खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने तथा नियमों का पालन करने को कहा। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंकज सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तथा वर्तमान

में भारतीय साफ्ट बॉल टीम के चीफ कोच के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इनके साथ ही प्रोफेसर मान सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी से आए प्रोफेसर भीष्म सिंह एवं डॉ सुधीर मालिक का प्रतीकचिह्न द्वारा सम्मानित किया, कार्यक्रम में प्रोफेसर वीरेन्द्र कुमार, मेरठ महाविद्यालय, मेरठ, डॉ संजय यादव, उरर महाविद्यालय, माछरा, डॉ सत्येंद्र जेवी महाविद्यालय, बड़ोंत, अपनी अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे।

प्रतियोगिता मे विभिन्न महाविद्यालयों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया तथा बंगलौर में होने वाली अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए टीम में अपनी जगह बनाई।

प्रतियोगिता को संपन्न करने में हरमीत सिंह, अंकित कुमार के साथ पूर्व छात्रों मनोज कुमार, भारत कुमार, तथा नितिन का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता के दौरान राजीव शाडिल्य, केशों राम त्यागी, सुनील कुमार, मदन पाल, राजीव कुमार सुबोध कुमार, अरविंद कुमार,दीपक कुमार इत्यादि का सहयोग प्राप्त हुआ।

निरीक्षण सरधना तहसील में बनेगा इंटर मीडियरी स्ट्रांग रूम

ऑबजर्वर और डीएम एसएसपी ने लिया तहसील का जायजा, मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। ऑबजर्वर व डीएम दीपक मीणा एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने सरधना तहसील मुख्यालय का जायजा लिया। तय किया गया कि तहसील मुख्यालय में इंटर मीडियरी स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। ताकि यहां अतिरिक्त ईवीएम मशीन रखी जा सकें। इसके लिए अधिकारियों ने मुख्यालय की बिल्डिंग की सुरक्षा व्यवस्था देखी।लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने दिन रात एक कर दी है। अधिकारी लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही चुनाव की तैयारियों के लिए मीटिंगों का दौर जारी है। मंगलवार को ऑबजर्वर राजेश मीणा, डीएम दीपक मीणा व एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने सरधना तहसील मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान तय किया गया कि तहसील मुख्यालय में इंटर मीडियरी स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा।

जिसमें अतिरिक्त ईवीएम मशीन रखी जाएंगी। ताकि किसी भी केंद्र पर मशीन खराब होने की स्थिति में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था देखी। संत चार्ल्स इंटर कॉलेज में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।स्थानीय अधिकारियों से कहा कि मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

गर्मी व धूप से मतदाताओं को बचाने के लिए टेंट लगवाने और पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा बूथों पर छुटपुट कमियों को तत्काल दूर कराएं। आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद अधिकारी वापस लौट गए। इस दौरान एसडीएम पंकज प्रकाश राठौर तहसीलदार नटवर सिंह व सीओ संजय जायसवाल मौजूद रहे।

लापता किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांधला। थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया हैं, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पूर्व एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाकर अभियोग दर्ज कराया था। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी।

बुधवार को पुलिस ने किशोरी को क्षेत्र के दिल्ली रोड से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने किशोरी को बरामदकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

असमोली (मोनू सिंह)। थाना असमोली क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा में हुआ सड़क हादसा संभल जोया मार्ग अकबरपुर गहरा और महमूद नगर के बीच हुआ सड़क हादसा नियावली निवासी आसिफ पुत्र भूरा टिक व उनके साथ आशिया व शब्बो चारों गाड़ी में सवार होकर अपने घर से दबोई जा रहे थे जैसे ही अकबरपुर गहरा पहुंचे एक नीलगाय से कर की जोरदार टक्कर हो गई जिससे नीलगाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और कर में बैठे दो युवको भी चोट आई है कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है घायल युवको निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। वही दूसरा सड़क हादसा थाना एचौड़ा कंबोह क्षेत्र में हुआ जिसमें अनियंत्रित बोलेरो ने मोटर साइकिल सवार को रौंद दिया मोटरसाइकिल सवार कोमल पुत्र झंडू निवासी सैद नगली निजी काम से मनौटा जा रहा था जैसे ही मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति कोमल एचौड़ा पहुंच एक अनियंत्रित बोलोरो ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे कोमल गंभीर रूप से घायल हो गया और बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेज दिया और बोलेरो को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है फिलहाल जांच की जा रही है खबर लिखे जाने तक बोलेरो चालक पुलिस की तरफ से बाहर हैं।

कौन हल्का कौन भारी जनता तय करेगी अबकी बारी, किसको पहनाएगी जीत का हार?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज होती जा रही है प्रत्याशी वोटरों को लुभाने के लिए तरह-तरह के वादे करते नजर आ रहे हैं यदि बात करें भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी की तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर वोटरों को लुभाने का कार्य कर रहे हैं

सांसद कैसा हो इस पर लोगों ने रखे अपने-अपने विचार

तो दूसरी ओर विपक्ष में बैठे संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद शफीकुर रहमान वर्क के पोते जियाउर रहमान भी इसमें पीछे नहीं रहे हैं वह भी भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर वोटरों की वाहवाही लूटने के साथ साथ वोटरों को अपने हितों में मतदान करने के लिए हर संभव कोशिश में लगे हुए हैं, एक ओर समाजवादी पार्टी से जियाउर रहमान जोकि अपने दादा सांसद शफीकुर रहमान वर्क की 25 साल की जमी जमाई राजनीति का सहारा लेकर जीत हासिल करना चाहते हैं तो दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी देश के बड़े बड़े राजनेताओं के दम पर भोली भाली जनता से अपने पक्ष में मतदान कर जीत हासिल करना चाहते हैं अब देखना यह है कि जिले की जनता किसको जीत का हार पहनकर अपना सांसद बनाती है।

सांसद ऐसा होना चाहिए जो अपने लोकसभा क्षेत्र में बेरोजगारी को कम कर लोगों को रोजगार दिलाने का कार्य कर सके व अपने लोकसभा क्षेत्र में स्कूल कॉलेज खुलवा सके जिससे गरीब असहाय बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकें अगर सांसद पढ़ा लिखा होगा तो वह अपने क्षेत्र का बेहतर विकास कर सकेगा।

संगीता भार्गव समाजसेवी

सांसद यदि शिक्षित होगा तो समाज में अच्छी सोच रखेगा सांसद का कार्य लोकसभा क्षेत्र में नाली खरंजों का निर्माण करना नहीं बल्कि लोकसभा में बैठकर अपने क्षेत्र की तरक्की के लिए योजनाएं लागू करना है ।

नीलम राय सदस्य बाल कल्याण समिति

सांसद ऐसा बनना चाहिए जो सभी वर्गों का सम्मान करें चाहे वह गरीब हो या अमीर किसी के साथ भी भेदभाव ना करें साथ ही वह विकास कार्य कराने के प्रति गंभीर रहने वाला व शिक्षित, विनम्र स्वभाव एवं शिक्षित युवा वर्ग की बेरोजगारी दूर करने वाला हो।

रचना चड्ढा हाउस वाइफ

सांसद शिक्षित, ईमानदार, व स्वच्छ छवि वाला हो होना चहिए और बिना किसी भेदभाव के विकास करने वाला हो अधिकारियों पर दबाव बनाकर अपने क्षेत्र का विकास कर सके और चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा सके :

पूर्व बैंक मैनेजर अश्वनी सक्सेना

सांसद ईमानदार व स्वच्छ छवि वाला होना चाहिए चुनाव के दौरान किए गए वादों पर खरा उतरने वाला हो चाहिए जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने वाला होना चाहिए हर वर्ग को अपना समझने वाला होना चाहिए :

शैक्षिक सलाहकार एवं तर्कशास्त्री एस.एन शर्मा

सांसद ऐसा होना चाहिए जिसमें स्वच्छ छवि व ईमानदारी होने के साथ साथ जनता से किए वादों को पूरा करने वाला हो साथ ही उन्होंने कहा कि सांसद का पढ़ा लिखा होना भी जरूरी है जिससे वह जनता के सुख-दुख में काम आ सके :

व्यापारी गोपाल चड्ढा

मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में भागीदार बने मतदान जरूर करें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मो राशिद अल्वी

रामपुर। आजादी से लेकर अब तक हमारा देश एक मजबूत लोकतंत्र रहा है,जिसमें जनता सर्वोपरि है,जनता की भागीदारी एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करती है,इसलिए सभी लोग बढ़ चढ़कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें,जनता का मत देश के विकास और एक मजबूत लोकतंत्र के लिए बहुत उपयोगी है। आप अपने क्षेत्र से बेहतर प्रत्याशी को वोट करें।

धर्म,जाति व पार्टी के आधार पर वोट न करें,पार्टियों और राजनेताओं के जुमले, लोकलुभावने वादे,उनकी जातिवादी और धार्मिक तुष्टिकरण की सौंच के बहकावे में न आयें वल्कि अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व ऐसे प्रत्याशी के हाथो में दें जो जनता से जुड़ा हो,इमानदार हो,जनता की समस्याओं को गम्भीरता से लेता हो,भले से वह निर्दलीय ही क्यों न हो।

पार्टियों और राजनेताओं के लोकलुभावने वादे,उनकी जातिवादी और धार्मिक तुष्टिकरण सौंच के बहकावे में आकर हम ऐसे-ऐसे प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सौंप देते हैं,जिनका दूर-दूर तक जनता और और उनके मुद्दो से सरोकार नहीं होता है,वह पांच साल में सिर्फ अपना विकास करते हैं जनता का नहीं हैं। यदि हम अपने क्षेत्र से अच्छा प्रतिनिधि चुनेंगे,चाहे उसकी सत्ता हो या नहीं वो संसद में अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को उठाकर उनका समाधान करालेगा।

यदि हम पार्टी, धर्म ,जाति के चक्कर में अपने क्षेत्र से सक्षम ईमानदार प्रतिनिधि को नहीं चुनेंगे,भले से वह सत्ता में ही क्यों न हो वो अपना विकास करेगा क्षेत्र का नहीं। इसीलिए मेरे प्यारे साथियों, देश वासियों अच्छी शिक्षा,अच्छे रोजगार,देश के विकास और उन्नति के लिए अपने क्षेत्र से सक्षम, ईमानदार प्रत्याशी को संसद तक भेजें,जिससे एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो और देश का युवा वर्ग, विधार्थी वर्ग वल्कि पूरा देश खुशहाल हो। और भारत एकता, भाईचारा, विकास और मजबूत लोकतंत्र के रूप में विश्व पटल पर उभरे।

संभल गेट स्थित मां शेरावाली मंदिर पर हुई महाआरती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चन्दौसी। समाजसेवक अमन खुराना की ओर से संभल गेट स्थित गली में बने मां शेरोवाली मंदिर पर रामनवमी के दिन महाआरती की गई और पंच मेवों का प्रसाद

वितरित किया गया। इस दौरान आसपास के दुकानदार, गली मोहल्ले के लोग भारी संख्या में पहुंच गए और माता रानी की आरती में शामिल हुए। आरती के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। अमन खुराना ने बताया कि संभल गेट की गली में बना मां शेरोवाली का काफी पुराना मंदिर है। मंदिर छोटा और स्थान कम होने के कारण श्रद्धालुओं का इस ओर ध्यान नहीं जाता है। साल भर में अधिकांश समय मंदिर बंद रहता है। त्योहार पर कभी कभी पूजा पाठ होती है। अमन ने पिछले वर्ष से इस मंदिर पर चैत्रीय नवरात्र में महाआरती कराने का निर्णय लिया है। पिछले वर्ष भी स्थानीय नागरिकों को साथ लेकर आरती की गई थी। अमन खुराना ने बताया कि दैवीय शक्ति में आस्था, विश्वास, मंदिर और पूजा पद्धति ही भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान हैं। इस मौके पर गौरव पाल, अंशू यादव, सौरभ, राहुल पाल, विनय पाल, गुड्डू शर्मा, कृष्णा वार्ष्णेय, शनि कुमार,आयुष वार्ष्णेय, जीतेश यादव, महेश पाल, अरविन्द पहलवान, अभिषेक एल्फा, शिवम् पाल सिंह, विकास तूफानी, रामगोपाल मौर्या, विशाल कुमार, आकाश कुमार, दीपक माथुर, अनूप सिंह, विकास यादव, लक्ष्मण कोरी आदि मौजूद रहे।

श्री रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। बुधवार को श्री नारायण सेवा समिति, चंदौसी' के तत्वावधान में "श्री रामनवमी" के शुभ अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया तथा बी. एन. पब्लिक स्कूल के 10 विद्यार्थियों के लिए "श्री रामायण ज्ञान प्रतियोगिता" आयोजित की गई । सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवम् पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात रामचंद्र कृपालु भजमन.....स्तुति के सामूहिक गायन से आरती की गई । प्रबंधक हरीश कटेरिया ने समिति की प्रगति आख्या प्रस्तुत की । मुख्य वक्ता डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि राम के बिना भारत के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती । राम धरती के कण कण के विद्यमान है । मुख्य अतिथि विपिन वार्ष्णेय ने कहा कि परम आराध्य राम हमारे जीवन पालनहार हैं, उनकी आराधना के लिए राम राम कहना ही पर्याप्त है । वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि

लाखों वर्ष बाद भी राम का जीवन आज भी अनुकरणीय है । डॉ. जयशंकर दुबे ने राम का गीत प्रस्तुत करके वातावरण भक्तिमय कर दिया । के. जी. गुप्ता ने कहा कि हमे राम के कष्टमय जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए । तत्पश्चात इस अवसर पर आयोजित "श्री रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया । ऋतिक कश्यप ने प्रथम, तनुष बाबू ने द्वितीय तथा प्रिंस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके अतिरिक्त सभी अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए । पुरस्कारों में शील्ड, मेडल प्रशस्ति पत्र के साथ श्रीराम का चित्र प्रदान किया गया । पुरस्कार वितरण कृष्ण गोपाल मंगलम, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, विपिन बालाजी, नीता सक्सेना, डॉ. दुर्गा टंडन, डॉ. टी. एस. पाल के कर कमलों से हुआ । अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय ने की तथा संचालन डॉ, जयशंकर दुबे ने किया । इस अवसर पर निशा अग्रवाल, मीरा गुप्ता, शशिबाला आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संयोजन हरीश कटेरिया ने किया तथा के. जी. गुप्ता प्रतियोगिता प्रभारी रहे ।

पुलिस ने अंतर्जनपदीय गिरोह का किया पर्दाफाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल (दिनेश सक्सेना)। बहजोई पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बुधवार को चार अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया, यह खुलासा

चोरी की 18 कुंतल सरिया के साथ अवैध शस्त्र व डीसीएम की बरामद

पुलिस ने चोरी के दस दिन के अंदर चार चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 18कुंतल सरिया के साथ साथ अवैध शस्त्र व डीसीएम बरामद की है।

आपको बता दें कि 7अप्रैल को कोतवाली बहजोई क्षेत्र बबराला रोड पर बनी एक लोहे की दुकान से सरिया चोरी हो गई थी पुलिस की लगातार कोशिश के चलते मुखबिर की सूचना पर बहजोई के एक ढाबे से अफरोज अली पुत्र यासीन निवासी हमीरपुर मजरा मिलकदास गंज टांडा रामपुर व अता मोहम्मद पुत्र शाहिद अली निवासी हमीरपुर पुर मजरा खुशहालपुर रामपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा कढ़ाई से पूछताछ पर पता चला कि चोरी किया माल ढक्खा में मुजाहिद उल इस्लाम व मुनाजिर पुत्रगण रहीश को 2500रुपये कुंतल के हिसाब से बेचा है पुलिस ने दोनों व्यापारियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया की हम लोग डीसीएम से चोरी करते हैं जहां मौका मिला गेट पर डीसीएम लगाई और हाथ साफ कर लिया सभी चारों आरोपी जनपद रामपुर के बताए गये है,

रामपुर के अलग-अलग थानों में भी अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत बताये जा रहे हैं।

चीनी मिल चंदनपुर की आई.टी. विभाग में शार्ट सर्किट से लगी आग में लाखों के उपकरण व सामान जलकर राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हसनपुर (वसीम राजा)। त्रिवेणी ग्रुप की चीनी मिल चंदनपुर के कम्प्यूटर विभाग (आई.टी.) में दिनांक 16.04.2024 को प्रातः लगभग 7.00 बजे अचानक आग लग गई। चूंकि चीनी मिल का पेराई सत्र दिनांक 08.04.2024 को ही समाप्त हुआ था तथा अधिकांश सामान चीनी मिल के गन्ना क्रय केन्द्रों से आया था, जो आग में पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। चीनी मिल में सामान्य शिफ्ट प्रातः 9 बजे शुरू होती है, इसलिए कार्यालय में कोई नहीं था, लेकिन जब धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया, तो तत्काल प्रभाव से चीनी मिल के फायरमैन, ई.टी.पी. कर्मचारियों ने आग बुझाना शुरू किया तथा सभी को सूचित किया। फायरमैन, कर्मचारियों आदि द्वारा समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा नुकसान और भी अधिक हो सकता था। चीनी मिल अधिकारियों से वार्ता के दौरान बताया गया कि गन्ना तौल व कम्प्यूटर से संबंधित उपकरण जैसे एच.एच.टी. आईटी विभाग में ही मशीनें, इंडीकेटर, जीपीएस, मॉनिटर, कंप्यूटर आदि महंगे उपकरण रखे थे, जिनकी कीमत करीब दस से पंद्रह लाख रुपये थी, इसके अलावा कार्यालय में रखी कुर्सियां, अलमारी, टेबल आदि भी जल गए।

समाजवादी पार्टी छात्र सभा संभल के जिला सचिव अजीम सैफी ने छोड़ी पार्टी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गवां (संभल) । छात्र सभा समाजवादी पार्टी संभल के जिला

सचिव अजीम सैफी ने पार्टी की आंतरिक नीतियों और परिस्थितियों से पूर्ण रूप से सहमत न होने के कारण अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। मीडिया को जारी ब्यान मे कहा है कि वह समाजवादी पार्टी आंतरिक नीतियों से असहमित जताते हुए और वर्तमान परिस्थितियों के चलते मे आगे काम करने मे असमर्थ हूं इसलिए समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं। पार्टी से दिए गए पद और जिम्मेदारियां से खुद को मैं मुक्त करता हूं। उन्होने अपना त्यागपत्र समाजवादी पार्टी के राष्टीश अध्यक्ष अयिलेश यादव को भेज दिया है। उन्होने कहा है कि लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान ही है। इससे सशक्त और मनचाही सरकार बनती है। ऐसे में मतदान करना बहुत जरूरी है वह भी सोच समझ अपने मत का प्रयोग करें।

चैत्र नवरात्रि पर हुआ घर-घर पूजन, जिमाई कन्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। बुधवार को देशभर में नवरात्रि के पावन पर्व पर नवमी के दिन नगर में जगह-जगह कन्या पूजन के बाद कन्याएं जिमाई गई। यह

नवरात्रि के नौवें दिन होती है मां सिद्धिदात्री की पूजा

सिलसिला चैत्र नवरात्रि की सातैं से लेकरअष्टमी, अष्टमी से लेकर नवमी व कुछ लोग दसवीं के दिन भी व्रत पूरे कर कन्या जिमते हैं साथ ही पूजा पाठ कर छोटी-छोटी कन्याओं को जिमाने का सिलसिला दोपहर भर चलता रहा वही छोटी-छोटी कन्याओं को हलवा पूरी खिलाकर उपहार व उपहार के रूप में पैसे देकर कन्याओं को विदा करने का सिलसिला सदियों से चला आ रहा है नवरात्रि पर कुछ लोगों के अष्टमी तो ज्यादातर लोगों के नवमी

पूजन किया जाता है मान्यता है कि मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए नवरात्रि में कन्या पूजन कर मां दुर्गा को प्रसन्न किया जाता है साथ ही माता अपने भक्तों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद देती है नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है।

इनकी पूजा उपासना करने से समस्त प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होती हैं. नवमी के दिन अगर केवल इन्हीं की पूजा कर ली जाए तो व्यक्ति को सम्पूर्ण देवियों की पूजा का फल मिल सकता है. इस दिन कमल के पुष्प पर बैठी हुई देवी का ध्यान करना चाहिए।

शोभायात्रा

शोभायात्रा में राम दरबार के साथ काली का खेलता हुआ अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहा

नगर में धूमधाम से निकाली गई श्री रामनवमी शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। बुधवार को नगर के सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम से श्री रामनौमी रामलीला मंडल के तत्वाधान में गाजे बाजे के साथ श्री रामनवमी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में काली का खेलता स्वरुप और अयोध्या की तर्ज पर बनाई गई श्री रामलला की झांकी समेत अन्य झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। श्री राम दरबार की आरती के साथ शोभायात्रा का आरंभ हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे काली का खेलता स्वरुप के साथ भारी भीड़ चल रही थी। ज्यों-ज्यों काली लांगुरियों संग खेलती हुई आती। त्यों-त्यों भीड़ भी आगे पीछे तितर बितर हो रही थी। अयोध्या की तर्ज पर बनाई गई श्री रामलला की झांकी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। रामलला के उद्घोष भी गूंज रहे थे। इसके

अलावा भगवान श्री गणेश, माता लक्ष्मी जी के साथ भगवान श्री विष्णु, माता दुर्गा, भगवान भोले नाथ की झांकी समेत राम दरबार, राधा कृष्ण, नृत्य करते हनुमान जी की स्वचलित झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। डीजे पर राधाकृष्ण स्वरुप कलाकारों का लोक नृत्य लोगों का मनमोह रहा था। सबसे पीछे श्री राम दरबार का मुख्य सिंहासन चल रहा था। सिंहासन के आगे लोग नतमस्तक करते हुए निकल रहे थे। वहीं सिंहासन के आगे कीर्तन मंडली भजनों की छटा बिखेर रही थी। भजनों पर श्रद्धालु झूम रहे थे। बैंड भी धार्मिक गीतों की छटा बिखेर कर भक्ति का माहौल बना रहा था। शोभायात्रा श्री रघुनाथ आश्रम से आरंभ होकर बिसौली गेट, पुरानी पैठ, बड़ा बाजार, घंटाघर, फड़ियाई बाजार, ब्रह्म बाजार, सीता रोड होते हुए रघुनाथ आश्रम पहुंच कर संपन्न हुई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष रविशंकर शर्मा, मनोज बसंल, चंदन रस्तौगी, रविश चंद्र कसेरे, राजेंद्र सिंह, रोहित बंसल, डॉ. वीरेश कुमार, उमेश चंद्र, संजय बंसल, स्पर्श बंसल, पंकज सुदर्शन, भारत गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अतुल शर्मा, विनय सर्राफ, अतुल शर्मा तिरंगा, सुभाष चंद्र, शुभम अग्रवाल, प्रतीक शर्मा, आदर्श गुप्ता, सरकार गुप्ता, पराग शर्मा, मनु अग्रवाल, चिराग शर्मा समेत बजरंगी ग्रुप के सदस्यों का सहयोग रहा।

स्वयंसेवको ने मतदाताओं के मोबाइल में डाउनलोड कराया माय बूथ बरेली ऐप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली (सददाम खान)। नेहरू युवा केंद्र बरेली और विवेकानंद युवा विकास समिति के स्वयंसेवको ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाताओं की सुविधा हेतु जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार जी के सतत प्रयास से एक मोबाईल एप्लीकेशन माई बूथ बरेली ऐप बनाया गया है, अरुण देव ने डोर टू डोर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। वही अरुण देव और कमल भास्कर ने माय बूथ बरेली एप को लाल मार्किट में मतदाताओं के मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराया।

राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अरुण देव के द्वारा मतदाताओं को ऐप कि कई फैसिलिटी बताई गई है, ऐप के द्वारा बरेली जनपद के समस्त 3492 मतदान बूथ की लोकेशन, संबंधित बीएलओ के बारे में जानकारी, मतदान की तिथि और मतदान के दिन बूथ पर कतार में लगे लोगों की संख्या जानी जा सकती है। जैसे अन्य 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों की सूची जिससे आप अपना महत्वपूर्ण वोट आसानी से डाल सकते हैं।

नेवल एन0सी0सी यूनिट लखनऊ में वार्षिक ए0एन0ओ सम्मेलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ । 3 यू.पी. नेवल एन.सी.सी यूनिट में 16 अप्रैल 2024 को वार्षिक ए.एन.ओ. सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता यूनिट के कमान अधिकारी कैप्टन (भारतीय नौसेना) नवेंदु सक्सेना द्वारा की गई, जिन्होंने नेवल एन.सी.सी कैडेट्स के प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सभी सहयोगी एन.सी.सी अधिकारियों को संबोधित किया तथा वर्ष 2024-25 के दौरान, नौसैनिक शिविरों, वॉटरमैनशिप प्रशिक्षण सहित अन्य साहसिक गतिविधियों, सामाजिक सेवा, एवं आगामी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आदि विषयों पर चर्चा की।

इस सम्मेलन में लखनऊ नेवल एन.सी.सी से संबद्ध प्रमुख शिक्षण संस्थानों के सभी सहयोगी एन.सी.सी अधिकारीगण उपस्थित

हुए। इनमें लेफ्टिनेंट कमांडर डी.के सिंह, सब लेफ्टिनेंट प्रणव मिश्र, सेकेण्ड ऑफिसर्स वीरेन्द्र सिंह तथा जोसेफ मसीह और थर्ड ऑफिसर्स सुदीप बनर्जी, देवेंद्र सिंह, संजय मिश्रा एवं विमलेश गुप्ता शामिल थे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण वर्ष 2024-25 में होने वाली आगामी गतिविधियों के लिए योजना बनाना एवं नई प्रशिक्षण तकनीकि का निर्धारण करना, जिनका उद्देश्य कैडेट्स के कौशल को विकसित करना तथा उनकी शारीरिक फिटनेस आदि को समाहित करना है।

इस अवसर पर कमान अधिकारी ने अपने उद्बोधन में सभी सहयोगी एन.सी.सी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कैडेटों के भविष्य को आकार देने में उनके द्वारा निभायी जा रही महत्वपूर्ण भूमिका एवं समर्पण भावना की सराहना की।

दर्शकों को साराब में होरैन की जिंदगी से मानसिक स्वास्थ्य की पेचीदगियों की गहरी समझ मिलेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। यह शो दक्षिण एशियाई समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सामाजिक सोच और रूढ़ियों के बारे में बात करता है। आपको क्या लगता है किस तरह साराब इस मुद्दे को लेकर बातचीत की शुरूआत कर सकता है और जागरूकता फैला सकता है?

साराब में मानसिक स्वास्थ्य की पेचीदगियों को दिखाया गया है। हमारे समाज में होरैन जैसे लोगों को किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, वो इसमें दिखाया जा रहा है। शिजोफ्रेनिया से पीड़ित होरैन के सफर को दिखाकर, इस शो में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक के बारे में खुलकर बात की गई और दर्शकों को उसका मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया गया है। इसका लक्ष्य संवेदना और समझ विकसित करना है, जिससे आखिरकार मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर संवेदनशील और समझदारी भरा तरीका अपनाने की ही प्रेरणा मिलेगी। भारतीय दर्शकों के लिए साराब का प्रसारण जिंदगी डीटीएच पर प्रसारित किया जाएगा। आपको क्या लगता है कि इस शो में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को जिस तरह से दशार्या गया वो सीमाओं के पार और अलग-अलग संस्कृतियों तक पहुंचेगा?

मानसिक स्वास्थ्य एक वैश्विक मसला है जोकि सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। साराब में हौसला, प्यार और मानसिक सेहत को लेकर सामाजिक रवैये

दरअसल, इस शो में हमारे समाज में मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक समग्र नजरिया अपनाने की जरूरत पर खासा जोर दिया गया है

के प्रभाव जैसे मुद्दों को दिखाया गया है। ये मुद्दे पूरी दुनिया से जुड़े हैं। मेरा मानना है कि हर पृष्ठभूमि के लोग, होरैन की कहानी और उसे जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उससे जुड़ाव महसूस करेंगे। मानसिक स्वास्थ्य को बड़ी ही बारीकी से इस शो में दिखाया गया है। इससे एक सार्थक बातचीत की शुरूआत हो सकती है और अलग-अलग समझ रखने वाले दर्शकों के बीच की खाई भी कम हो सकती है।

आखिर में, आपको क्या लगता है दर्शकों को होरैन की कहानी से क्या सीखने को मिलेगा और आप क्या उम्मीद करती हैं, साराब किस तरह मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता और सहयोग का आगाज करेगा?

मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को साराब में होरैन की जिंदगी से मानसिक स्वास्थ्य की पेचीदगियों की गहरी समझ मिलेगी। उसका किरदार, कई तरह के संघर्षों को दशार्ता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से गुजर रहे लोगों को किस तरह की संवेदना, स्वीकार्यता और सहयोग की जरूरत पड़ती है, उसका महत्व पता चलेगा। होरैन की शादी उसकी जिंदगी में खुशियां लेकर आता है और अस्फंद उसका एक मजबूत सहारा बनता है। इस शो में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों से लड़ने में प्यार और अच्छे जीवनसाथी की ताकत दिखाई गई है। मुझे यह भी उम्मीद है कि साराब रिश्ते, प्यार और मानसिक स्वास्थ्य की परेशानी से उबरने की बेहतर समझ देगा। दरअसल, इस शो में हमारे समाज में मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक समग्र नजरिया अपनाने की जरूरत पर खासा जोर दिया गया है।

पति पर पत्नी और साले की हत्या पेचकस से गोदकर करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली (ऐजाज अली)। पति पति पर पत्नी और साल की पेचकस से गोद कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि दंपति के दो साल के बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए राम प्रताप परिवार से मिलने वहां आया था। वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है । रात में पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ । इसके बाद आरोपी पति ने पत्नी और उसके 18 साल के भाई की पेचकस से गोदकर हत्या कर दी। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में एक महिला और उसके भाई की उनके घर में उसके पति ने कथिततौर पर पेचकस से वार कर हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गाजियाबाद के एक स्कूल में पढ़ाने वाली 29 साल की शिक्षिका कमलेश होलकर और उसका 18 साल का भाई राम प्रताप बुधवार सुबह शकरपुर के एक घर की दूसरी मंजिल पर खून से लथपथ मिले थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कमलेश और उनके पति श्रेयांश कुमार के बीच मंगलवार रात को बहस हुई थी। यह संदेह है कि इसके बाद श्रेयांश ने कमलेश और उसके भाई राम प्रताप को पेचकस से गोद दिया था। अधिकारी ने कहा कि दंपति के दो साल के बेटे

का जन्मदिन मनाने के लिए राम प्रताप परिवार से मिलने वहां आया था। वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पढ़ाई के साथ अमेरिका में जॉब करता था युवक, सिगरेट न देने पर कर दी गई हत्या। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि वारदात के बाद श्रेयांश सुबह से लापता था । मगर बाद में वह पुलिस की जांच में शामिल हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है डीसीपी गुप्ता ने कहा कि वारदात का पता कमलेश के ससुर रामबीर सिंह को सबसे पहले चला। वह अपनी पत्नी के साथ घर के ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि जब रामबीर सिंह सुबह उन्हें जगाने के लिए घर की दूसरी मंजिल पर गए, तो उन्हें दोनों के शव खून से लथपथ मिले थे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को वारदात की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि वारदात के दौरान दंपति का दो साल का बेटा भी फ्लैट में मौजूद था और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। डीसीपी गुप्ता ने बताया कि श्रेयांश पेशे से इंजीनियर है, लेकिन फिलहाल बेरोजगार है। उनके पिता भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त थे और उनकी मां दिल्ली के बिजली विभाग में काम करती हैं। अधिकारी ने कहा, श्रेयांश का छोटा भाई अपनी पत्नी और बच्चों के साथ उसी घर की पहली मंजिल पर रहता है। उन्होंने कहा कि परिवार के सभी सदस्यों के बयान लिए जा रहे हैं और मामले की जांच की जा रही है ।

राम नवमी: भगवान राम के साथ पूजी गई कन्याएं,किया भोज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कानपुर (सुनील बाजपेई)। आज यहां चैत्र नवरात्र के अखिरी दिन राम नवमी पर भगवान के साथ ही मां महागौरी की भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान देवी मंदिरों व घरों में हवन के बाद कन्याओं का पूजन कर उनका भोज भी किया गया। हर ओर देवी गीतों व जयकारों से माहौल भक्तिमय भी रहा।

शक्ति की अधिष्ठात्री भगवती जगदंबा व काली जी की आराधना-साधना के पर्व नवरात्रि में आज प्रातः से ही देवी दरबारों में श्रद्धा की फुहार बरसी। श्रद्धालुओं ने माता रानी को नारियल व चुनरी अर्पित कर दर्शन-पूजन किया व घर-परिवार एवं देश समृद्धि की दुआ मांगी। नवरात्र के दिनों में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं में विजय लक्ष्मी ,नेहा , अनुराग, ,सुवोध, राघव, मनीश मिश्रा, मोना किट्टू और कीनू, रूची राज मिश्रा, मीठी, नंदन, कृष्णा आदि ने देवी मां का दर्शन कर मंदिरों व घरों में परांपरागत कन्या-पूजन कर हलवा, पूड़ी, चना, दही-जलेबी आदि का भोग लगाया। साथ ही कन्याओं को लाल चुनरी व उपहार भी भेंट किया।

इस दौरान मंदिरों में 'जय श्री राम व जय माता दी' कि उद्घोष के बीच घंटाघड़ियाल खूब बजे। वहीं, जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया जिसे भक्तों ने बड़े ही चाव से चखा। इस बार अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनवमी की जिलेभर में धूम रही।

"अल्पसंख्यक स्नेह संवाद" अभियान के तहत 1524 अल्पसंख्यक बहुल विधान सभा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किए "स्नेह संवाद " कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में चलाये जा रहे "अल्पसंख्यक

"अल्पसंख्यक स्नेह संवाद" अभियान के संपर्क प्रमुख ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को पेश की रिपोर्ट

स्नेहा संवाद " महा अभियान के तहत देश भर में 1524 अल्पसंख्यक बहुल विधान सभा में आयोजित " स्नेह संवाद कार्यक्रम" के द्वारा सूफी संवाद, क्रिस्चियन संवाद, सिख संवाद, जैन संवाद, सदभाव संवाद एवं मोदी मित्र बनाया गया। जिसकी रिपोर्ट

"अल्पसंख्यक स्नेह संवाद" अभियान के राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख जोसफ जॉन हुकिन्स ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को भाजपा केन्द्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में पेश की।

राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी फैसल मुमताज ने मीडिया को बयाया कि अल्पसंख्यक " स्नेह संवाद " महाअभियान के द्वारा अल्पसंख्यक मोर्चा ने देश भर मे इस कार्यक्रम के तहत सभी अल्पसंख्यक समुदाय को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लिए जो काम किया है, एवं प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाएं के बारे में जानकारी दी , और समाज के प्रभावशाली लोगों एकत्रित कर संबोधित किया। उन्होंने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने 37 में से 35 राज्य एवं केंद्र शासित राज्यों में इस कार्यक्रम को आयोजित किए जो की देश के 94.59% है।

एवम देश में कुल 4129 विधानसभाओं में से 1524 अल्पसंख्यक बहुल विधानसभाओं में यह कार्यकर्म किया, जो की भारत के कुल 36.9% विधान सभाओ में अयोजित किया गया है।

धर्मार्थ कार्यों से भावी पीढ़ी में सेवा भाव उत्पन्न होता है: पंकज कश्यप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। चैत्र नवरात्रों की समाप्ति के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी पंकज महेश्वरी कश्यप द्वारा भूपेंद्र पूरी चुनाभट्टी स्थित अपने आवास पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में पंकज महेश्वरी कश्यप द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे के आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए पंकज महेश्वरी कश्यप ने बताया कि इस प्रकार के धर्मार्थ कार्य करने से जहां उनके मन को संतुष्टि प्राप्त होती है वही दूसरों के भीतर भी सेवा भाव करने ककी भावना उत्पन्न होती

है। पंकज महेश्वरी कश्यप ने बताया कि भंडारे जैसे पुनीत कार्यों से हमारी भावी पीढ़ी को धर्म को जानने और समझने में मदद मिलती है। और हमारी भावी पीढ़ी धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित होती है। पंकज महेश्वरी कश्यप ने कहा कि इस प्रकार के पुनीत कार्यों के लिए हर सक्षम व्यक्ति को आगे आना चाहिए। साथ ही पंकज कश्यप ने कहा कि वह इस प्रकार के कार्य भविष्य में भी करते रहेंगे।

इस अवसर पर धर्मपाल कश्यप, रतिपाल कश्यप, अनिल पंडित, मनोज मित्तल, कपिल, नितिन, भोला, कन्हैया लाल, शिवम, हरिओम, नीलम देवी आदि मौजूद थे।

बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी उतारने से बदायूं में सियासी समीकरण बदले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बदायूं । बसपा ने ऐसा सियासी दांव खेला है, जिससे चुनावी समीकरण बदल गए हैं। बसपा ने मुस्लिम खां को प्रत्याशी बनाया है। बसपा के इस दांव से मतों में बिखराव हो सकता है।

ऐसे में सपा और भाजपा के रणनीतिकार समीकरण साधने में जुट गए हैं।

बसपा ने मुस्लिम कार्ड के रूप में जो सियासी चाल चली है, उससे बदायूं लोकसभा सीट के समीकरण बदल गए हैं। सपा और भाजपा के रणनीतिकार नफा-नुकसान का आकलन कर नए सिरे से चुनाव प्रबंधन करने में जुट गए हैं। अनुसूचित जाति के मतों में बिखराव रोकने लिए भाजपा ने इसी बिरादरी के पार्टी विधायकों को जिम्मेदारी सौंपी है। उधर, सपा के सामने मुस्लिम मतों को सहेजने की चुनौती है। बसपा भाईचारा कमेटियों को सक्रिय कर हर बिरादरी में पकड़ बनाने की तैयारी में है।बदायूं लोकसभा क्षेत्र से सपा ने आदित्य यादव, भाजपा ने दुर्विजय सिंह शाक्य और बसपा ने पूर्व विधायक मुस्लिम खां को चुनावी रण में उतारा है। तीनों ही उम्मीदवार पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों ही अपनी पार्टियों के परंपरागत और स्वजातीय मतों के आधार पर बाजी मारने की जुगत में हैं। बसपा के दांव ने सबसे ज्यादा सपा के समीकरण प्रभावित किए हैं। बसपा से मुस्लिम खां के मैदान में आने से सपा को मुस्लिम मतों में बंटवारे का खतरा सता रहा है।

बसपा का उम्मीदवार घोषित होने से पहले तक करीब चार लाख मुस्लिम मतों पर सपा की ही सबसे मजबूत दावेदारी थी। अब जबकि बसपा ने मुस्लिम खां को चुनाव मैदान में उतार दिया है तो मतों के बंटवारे का अंदेशा पैदा हो गया है। इसको देखते हुए सपा नेतृत्व ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी और पूर्व विधायक आबिद रजा को विभाजन रोकने के लिए सक्रिय कर दिया है। दोनों के चुनावी कार्यक्रम सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उन स्थानों पर लगा रहे हैं, जहां मुस्लिमों की बहुलता है। सपा के प्रदेश महासचिव आशीष चौबे का कहना है कि मुस्लिम मतों में बिखराव नहीं होगा, क्योंकि बसपा को वोट देने का मतलब भाजपा को फायदा पहुंचाना है।

मुस्लिम खां को उम्मीदवार बनाने से बसपा मुस्लिम मतों में हिस्सेदारी होने की उम्मीद है, लेकिन सवर्ण और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं में पैठ बनाना उसके लिए चुनौती है।

बसपा जिलाध्यक्ष आरपी त्यागी कहते हैं कि बसपा हर वर्ग को जोड़ने के लिए भाईचारा कमेटियों का पहले ही गठन कर चुकी है। कमेटियों के जरिए ही सवर्ण और पिछड़ों के मत हासिल किए जाएंगे। अनुसूचित जाति के साथ मुस्लिम मतों को जुड़ाव बसपा की मजबूती का आधार है। जातिगत समीकरण साधकर ही बसपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उम्मीदवार उतारे हैं।

व्यापारी को बातों में उलझा कर गल्ले से उड़ाई हजारों की रकम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांधी मार्केट मैं होजरी की दुकान करने वाले एक दुकानदार को सामान दिखाने के बहाने बातों में उलझा कर एक युवक गल्ले में रखें करीब 12 हजार रुपए उड़ा कर फरार हो गया। पुलिस चौकी के पास हुई घटना के बाद व्यापारियों में रोष व्याप्त है। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। नगर की आन्नदीपुरा कॉलोनी निवासी राधेश्याम गुप्ता दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टैण्ड़ के सामने गांधी मार्केट परिसर में हौजरी की दुकान करते है। उन्होने बताया कि सोमवार रात को करीब साढे आठ बजे एक युवक दुकान पर आया। और उसने साामन दिखाने के लिए कहा। जैसे ही सामान लेने गए तो इसी बीच युवक ने गल्ले से दस बारह हजार रुपए निकाल लिए और फरार हो गया। काफी दूर तक पीछा करने के बाद भी युवक हाथ नहीं आया। पुलिस चौकी के पास हुई घटना के बाद गश्त पर सवालिया निशान लग रहे है। पीड़ित व्यापारी ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।



गाली का विरोध करना युवक को पड़ा भारी, मारपीट कर किया घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। थाना क्षेत्र अंतर्गत भूपेंद्र पुरी कॉलोनी निवासी एक युवक को उसके पड़ोस में ही रहने वाले तीन युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया गया है। घायल युवक द्वारा मारपीट करने वाले तीनों युवकों को नामजद करते हुए एक तहरीर पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक भूपेंद्र पुरी कॉलोनी निवासी हरकेश इनवर्टर बैटरी का काम करता है। मंगलवार रात को हरकेश जब अपने घर जा रहा था तभी वहां खड़े उसके पड़ोस में रहने वाले तीन युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। हरकेश ने जब उनके द्वारा की जा रही गाली गलौज का विरोध किया तो तीनों युवक उसे पर पिल पड़े। और उन्होंने हरकेश को जमीन पर गिरा कर लात घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट से बचने के लिए हरकेश ने पुलिस को सारी घटना बताने की बात कही तो तीनों युवक आग बबूला हो उठे। और उन्होंने हरकेश के साथ दोबारा मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह उनसे बचकर ह घायल रकेश पुलिस के पास पहुंचा और उसने मारपीट करने ललित व संजय और उनके एक अन्य साथी के विरुद्ध पुलिस को तहरीरदी। मारपीट में हरकेश को गुम चोटें आई हैं। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है और घायल हरकेश को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।



लोकसभा चुनाव लोकसभा उम्मीदवार ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा, मांगे वोट

भाजपा ने सदैव जनहित व देशहित को तवज्जो दी: रणजीत सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हिसार (राजेश सलूजा)। हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा ने सदैव जनहित व देशहित को तवज्जो दी है। यही कारण है कि देश का बच्चा-बच्चा नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुर है।

रणजीत सिंह चौटाला बुधवार को जिले में विभिन्न क्षेत्रों में अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को संबोधित करके वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों में किस तरह देश की कायापलट की, सबके सामने है। यदि हम चाहते हैं कि देश उन्नति करें और नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में मूलभूत सुविधाएं मिलें, तो हमें ऐसी पार्टी का चयन करना होगा जो ऐसा करने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र उनका घर व परिवार है और विश्वास दिलाते हैं कि जीत के बाद घर परिवार की सुख सुविधाओं में कमी नहीं आने देंगे और यदि कोई समस्याएं हैं तो उनका प्राथमिकता से निपटारा किया

जाएगा। शहरी क्षेत्र में सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने रणजीत सिंह चौटाला के लिए वोटों की अपील की। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को विकासशील से विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा किया है। हमें पूरा भरोसा है कि तीसरी बार सरकार बनाकर हम देश को विकसित बनाने में अपना सहयोग देंगे।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी उम्मीदवार ने सुबह विद्युत नगर से अपना कार्यक्रम शुरू किया और सेक्टर 9-11, हिसार कैंट, मॉडल टाउन एक्सटेंशन व नलवा विधानसभा क्षेत्र के आर्यनगर गांव में जनसभाएं की और वोटों की अपील की। सुबह विद्युत नगर में पार्टी नेता स्नेहलता निंबल के आवास पर उनका स्वागत किया गया वहीं आर्यनगर में सचिन जैन (श्री महावीर कैटल फीड इंडस्टरीज) की ओर से आयोजित सभा में वे शामिल हुए।

मतदान केदो पर बैरिकेडिंग का कार्य हुआ पूरा,पोलिंग पार्टी आज पहुंचेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसको लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा है। बूथों पर बैरिकेडिंग का कार्य पूरा करा दिया गया है अनेक केदो पर कैमरे लगाने का कार्य भी पूरा हो गया है। विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का

शराब की दुकान हुई बंद 19 अप्रैल की शाम को 6 बजे के बाद खुलेगी

मतदान - कराने के लिए 213 मतदान केंद्रों पर 419 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान में 3,91,579 मतदाता अपने मत का प्रयोग करें। पोलिंग बूथों पर लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बुधवार की देर शाम तक बैरिकेडिंग का कार्य पूरा हो गया था । देर रात को विभिन्न केदो पर पुलिस पार्टियों के पहुंचे की खबर है। गुरुवार की दोपहर तक मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टी मतदान केदो पर पहुंच जाएगी। शासन के निर्देश

पर नगर एवं क्षेत्र में शराब की दुकान आज शाम 6:00 बजे बंद हो गई हैं 19 अप्रैल को शाम 6:00 बजे तक दुकान बंद रहेगी। शराब का का सेवन करने वालों ने 2 दिन तक दुकान बंद रहने के कारण आज शराब की जमकर खरीदारी की है। शासन के आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

सैलरी पर लोन लेकर परिचित को दिए 7 लाख रुपए मांगे तो मिली धमकी, पुलिस ने तहरीर मिलने पर लिखी रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । किसी रिश्तेदार या मिलने वाले की मदद करना भी आजकल गलत है ऐसा ही मामला आज प्रकाश में आया है महिला ने एक परिचित को सात लाख रुपए सैलरी पर लोन लेकर दे दिए थे काफी समय बाद रुपए मांगे तो लेने वाले धमकी देनी शुरू कर दी। लडकी की तहरीर पर पुलिस ने एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव पायंदापुर की लडकी डोली पुत्री सोहन सिंह नोयडा मे सर्विस करती है वहां पर उसके पास रिश्तेदार मदन पुत्र घनश्याम निवासी अमखेडा तहसील एवं थाना धामपुर का आना जाना था। जिसको उसने सैलरी पर लोन लेकर सात लाख रुपए दे दिऐ। आरोप है की डोली ने अपने रुपए मांगे तो वह धमकाने लगा। पीडिता थाने आई और तहरीर दी। पुलिस ने मदन के खिलाफ संबंधित धाराओ मे एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने आपराधिक श्रेणी वाले 743 शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट डीएम को भेजी, 2747 लोगों को शस्त्र रखने की दी छूट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । लोक सभा चुनाव के चलते पुलिस ने आपराधिक श्रेणी वाले 743 धारकों के शस्त्र लाइसेंस पुलिस ने निरस्त कर दिए। वैसे जिले में कुल 18,727 लाइसेंसी शस्त्र हैं। शस्त्रों के जमा कराने की कार्रवाई में पुलिस की स्क्रीनिंग कमेटी ने 2747 लोगों को शस्त्र रखने की छूट दी है, जबकि अन्य सभी से उनके असलहे जमा करा लिए गए हैं। एसएसपी हेमराज मीना के मुताबिक पिछले कई वर्षों से थानों पर जमा करीब 599 शस्त्रों लाइसेंस धारक व्यक्ति दोबारा वापस लेने ही नहीं आए हैं।

14,727 शस्त्र थानों व दुकानों पर जमा हुए, 2747 लोगों को शस्त्र न जमा करने की छूट मिली है'लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने जिले में अभियान चलाकर लाइसेंस धारक का सत्यापन कराया है। इनमें से 705 लाइसेंस वाले शस्त्रों को निरस्त करने के संबंध में रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को भेजी गई है। उन्होंने बताया कि आपराधिक प्रवृत्ति के 38 लाइसेंस धारकों के शस्त्र लाइसेंस को पूर्व में निरस्त कराया जा चुका है। इनके शस्त्र संबंधित थानों पर जमा कराए जा चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि जिले में 18,727 शस्त्रों के लाइसेंस हैं। इनमें से7,642 शस्त्रों को थानों पर और 6,996 शस्त्र विक्रेताओं की दुकानों पर सुरक्षित जमा कराया गया है। इस तरह कुल 14,638 शस्त्र आदर्श चुनाव आचार संहिता आदि को देखते हुए जमा कराए गए हैं।

इसके अलावा ऐसे लोग, जिन्हें चुनाव के बीच में भी उनकी सुरक्षा के मद्देनजर शस्त्रों की जरूरत समझी गई है, ऐसे लोगों को कुल 2,747 शस्त्रों को न जमा करने की छूट दी गई है। इससे पहले स्क्रीनिंग कमेटी में शामिल लोगों ने शस्त्र धारक की तरफ से बताए गए हर बिंदु की बारी की से जांच की है। शस्त्र की आवश्यकता पर संतोष जाहिर कर स्क्रीनिंग कमेटी ने संबंधित को उसके असलहे को न जमा करने की छूट दी है।कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार की देर शाम" बुलंद "संदेश को बताया कि यहां 52 लोगों को शस्त्र रखने की छूट दी गई है और करीब 42 लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट भेजी गई है।

एक महान शिक्षाविद थे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलारी (एम.के.भारती सैफी)। बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर में आज भारत के

पूर्व राष्ट्रपति दार्शनिक और शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्ण की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने उन के जीवन से संबंधित कई वृत्तांत सुनाकर छात्रों से उन जैसा शिक्षाविद और महान बनने के लिए प्रेरित किया।

बुधवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन अपने जीवन में आदर्श शिक्षक रहे। उनकी इच्छा थी कि उनका जन्मदिन भी शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा तब तक शिक्षा को मिशन का रूप नहीं दिया जा सकता। शिक्षा का मतलब सिर्फ जानकारी देना नहीं। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 12 साल की अवस्था में ही स्वामी विवेकानंद के दर्शन का अध्ययन कर लिया था । बाद में दर्शनशास्त्र से एमए किया, और 1916 में मद्रास रेजीडेंसी कॉलेज में सहायक अध्यापक नियुक्त हुए। अपने जीवन काल में उन्होंने 40 वर्ष तक शिक्षक के रूप में शिक्षण कार्य किया। उन्होंने अपने लेख और भाषाओं के माध्यम से विश्व को भारतीय दर्शन शास्त्र से अवगत कराया। वह अपने राष्ट्रप्रेम के लिए विख्यात थे। छल, कपट और अहंकार से रहित होने के कारण अंग्रेजी सरकार ने उन्हें "सर" की उपाधि से सम्मानित किया। इस तरह देश सेवा करते हुए बीमारी के चलते 17 अप्रैल 1975 को भारत की माटी में विलीन हो गए।

श्री राम ने क्षत्रिय समाज को दिलाया गौरव पूर्ण स्थान : राघव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलारी (एम.के.भारती सैफी)। इक्ष्वाकु वंश व राजा रघु के कुल में जन्म लेकर भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर अत्याचारीओं दुराचारीओं पापियों का सर्वनाश करने के लिए श्री रामचंद्र के रूप में क्षत्रिय समाज को गौरव पूर्ण स्थान दिलाया। उक्त विचार क्षत्रिय युवा एकता मंच के अध्यक्ष विजयपाल सिंह राघव ने रामनवमी पर्व पर व्यक्त किए ।

बुधवार को बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम रामनवमी पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षत्रिय युवा एकता मंच के अध्यक्ष विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि श्री राम ने मातृ, पितृ, गुरु की आज्ञा को जीवन में सर्वोपरि माना। इसीलिए वह मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाये। श्रीराम पूर्ण अवतार थे। उन्होंने बताया कि अवतार का अर्थ है पृथ्वी पर पापों को नष्ट करने के लिए किसी महान व शुद्ध आत्मा का मनुष्य शरीर रूप में जन्म लेकर हमारी आंखों के सामने जीवन लीला करना। उन्होंने आगे कहा कि हमें उनके पद चिन्हों पर चलकर अपनी विरासत को बुलंदियों पर पहुंचाएं तथा त्याग, दया, दान, सत्य और अहिंसा के पुजारी बने। भूपेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं। हमें उन से सीख लेकर संघर्ष करते हुए सत्य का आचरण करना चाहिए। श्री राम हमारे सत्कर्म और मयार्दा में रहे हैं। इस अवसर पर मुनेश पाल सिंह, मुकेश पाल सिंह, रमेश चौहान, डॉ सत्येंद्र वीर सिंह सोम, आदित्य राघव, हर्ष राघव, अभिषेक राघव ,मोहित राघव , राजवीर सिंह राघव, रोबिन सिंह ,मनीष सिंह, हरवीर सिंह, राजकुमार सिंह, अंकित कटारिया, भूपेंद्र सिंह, नितिन राघव, विपिन राघव, सुनील सिंह, महेश सिंह, आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया।

ईद भट्टे पर काम कर रहे परिवार के चार बच्चे हुए गायब,अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। ईंट भटटे पर काम कर रहे परिवार के चार बच्चे गायव हो गए हैं सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपने स्तर से काफी तलाश किया बच्चे ना मिलनें पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मायागंज बिहार के भागलपुर निवासी विपिन ऋषिदेव पुत्र जबाहरलाल कांठ निवासी इकबाल पुत्र इसरार के भटटे पर परिवार के साथ काम करता है।

16 अप्रैल को उसकी बेटी फूदो, सिवानी, उसके साथी चेतू मांझी की लक्ष्मी और पूजा मांगने खाने के लिऐ कांठ नगर मे गई थी। लेकिन वापिस नही आई काफी तलाश किया मगर उनका कहीं पर पता नही लग सका। पीडित विपिन ने थाने मे तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। अचानक चार बच्चों का गायब होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

पुलिस ने लोकसभा चुनाव में खलल डालने वालों को किया चिन्हित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । लोक सभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर पुलिस ने रेड, येलो और ग्रीन कार्ड जारी कर दिए हैं। 11,260 कार्ड जिले भर में जारी हुए हैं कांठ

4100 लोगों को रेड कार्ड, 3560 लोगों को येलो कार्ड हुए जारी, चुनाव में विध्न डालने पर होगी "गैंगस्टर की कार्रवाई": चुनाव के दौरान प्रशासन का सहयोग करने पर 3600 लोगों को ग्रीन कार्ड जारी किए गए

थाना क्षेत्र में 168 लोगों को रेड और पीला कार्ड जारी हुए हैं। रेड कार्ड वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस की नजर रहेगी ' जनपद में 19 अप्रैल को चुनाव होने जा रहे हैं। 1,146 मतदान केंद्र व 2,511 बूथ बनाए गए हैं। पुलिस ने शरारती तत्वों को चिह्नित कर उन्हें मुचलका पाबंद किया है।लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को पुलिस ने रणनीति तैयार कर ली है। पुलिस चुनाव की शुचिता को बरकरार रखने के लिए हर स्तर पर तैयारी कर रही है। कार्रवाई कर शरारती तत्वों पर घेराबंदी की जा रही है। रेड व येलो कार्ड वालों को पुलिस ने चेताया, चुनाव में विघ्न डालने पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई। जनपद में चुनाव में खलल डालने वाले 4,100 लोगों को रेड कार्ड जारी किया गया है। जिन पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। यह कार्ड ऐसे लोगों को दिया गया है कि जिनसे चुनाव में खलल पड़ने की आशंका है। कार्ड पर चेतावनी लिखी गई है। रेड व येलो कार्ड धारकों को पुलिस हिदायत भी दे रही है कि अगर कोई भी चुनाव में विघ्न डालने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध गैंगस्टर तक की कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा 3,560 येलो

कार्ड जारी हुए हैं। ये कार्ड उन लोगों को दिए जा रहे हैं, जो चुनाव में सामने से नहीं बल्कि, पर्दे के पीछे से विघ्न डाल सकते हैं। ऐसे लोग भी पुलिस की निगाह में हैं। 3,600 ग्रीन कार्ड जारी हुए हैं। ये कार्ड उनको दिए जा रहे हैं, जो अच्छे और सहयोगी व्यक्ति हैं अर्थात वह चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हैं। इसके अलावा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने को पुलिस आचार संहिता का पाठ भी पढ़ा रही है। अधिकारी बूथ-बूथ पर पहुंचकर आचार संहिता के नियमों के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। एसएसपी हेमराज मीना के मुताबिक संबंधित व्यक्तियों को कार्ड रिसीव कराए जाने की कार्रवाई चल रही है। शांतिपूर्ण व सुरक्षित चुनाव कराने को लेकर सभी प्रयास पुलिस कर रही है। रेड, यलो व ग्रीन कार्ड जारी करने के अलावा अपराधियों पर लगाम लगाने का भी काम किया जा रहा है।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लाह से मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आज राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हजारों लोगो की आस्था और विश्वास के प्रतीक माता

माता महाकाली मंदिर के वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन विशाल भंडारे में हजारों में ग्रहण किया प्रसाद, रात्रि जागरण में "चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है" गीत पर झूमे श्रद्धालु

महाकाली मंदिर (माता थान) के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के आज दूसरे दिन विशाल यज्ञ का आयोजन हुआ और श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ा कर और माता के चरणों में शीश नवाकर मनोतियां मांगी। दोपहर को आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।देर शाम को मंदिर प्रांगण में विशाल जागरण का

आयोजन हुआ इसमें माता रानी के गीतों पर लोग झूम उठे। देवी भक्ति के गीत सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए श्री महाकाल जागरण पार्टी धामपुर के संचालक पंडित विकास वशिष्ठ ने "चलो बुलावा आया है माता को बुलाया है" गायिका प्रेरणा आर्य एवं प्रसिद्ध गायक संदीप शर्मा ने माता रानी के अनेक गीत गाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया ।विकास म्यूजिकल ग्रुप दिशांत साउंड एवं गायिका छाया प्रजापति के गीतों ने समां बांध दिया। इस आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह बिश्नोई, कुलदीप बिश्नोई ,देवेंद्र कुमार कश्यप ,संदीप बिश्नोई ,नमन भारद्वाज, मनोज कुमार विश्नोई, अक्षय कुमार आदि मौजूद थे ।माता महाकाली मंदिर (माता थान) से नगर एवं क्षेत्र के हजारों भक्तों की आस्था जुड़ी है । इस स्थान पर मांगी गई मनौतियां पूरी हो जाती हैं । जिसके कारण इस सिद्ध स्थल से हिंदू , मुस्लिम , सिख सभी धार्मों की आस्था जुड़ी है । कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह विश्नोई ने देर शाम बताया कि 18 मार्च को दोपहर 1:00 बजे बैंड बाजे के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी । इसमें देवी मां की पालकी और कई धार्मिक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी ।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी) । ब्लॉक

क्षेत्र के ग्राम बाछल भूड़ मे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि भीमराव आम्बेडकर, डॉक्टर बाबा साहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय,भारतीय बहुज्ञ,अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतो से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था उन्होंने दलितों की शिक्षा पर जोर दिया उनके पास 16 डिग्रियां थी कार्यक्रम में मडंल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा विजय सिंह जाटव,मडल कोषाध्यक्ष डॉक्टर मुकीम हुसैन, रामपाल सिंह, बादाम सिंह जाटव ,विकास कुमार जाटव,विजेंद्र चौधरी,रामौतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

गठन तीन पारी में 24 घंटे तैनात रहेगी टीम, टीम में अनेक प्रधान अध्यापकों को बनाया मजिस्ट्रेट

जिला अधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न बैरियर पर अतिरिक्त स्थाई निगरानी टीम का किया गठन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार उम्मीदवारों द्वारा किये जाने वाले निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु व्यय अनुवीक्षण तंत्र के अन्तर्गत निर्वाचन क्षेत्र में अत्याधिक प्रचार खर्चों, रिश्वत देने, अवैध अस्त्रों, गोला वारूद, शराब या असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए लोकसभा मतदान से 72 घंटे पूर्व व्यय अनुवीक्षण तन्त्र की एस०ओ०पी० के तहत अतिरिक्त स्थायी निगरानी टीम का गठन किया है। अतिरिक्त स्थायी निगरानी टीम में अनेक अध्यापकों को मजिस्ट्रेट के रूप में विभिन्न बैरियर पर तैनात किया गया है। निगरानी टीम की तीन पाली में 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है पहली पाली सुबह 6:00 बजे से 2:00 बजे तक दूसरी पाली दो से रात 10:00 बजे तक तीसरी पाली रात 10:00 बजे से रात 6:00 बजे तक चलेगी। इस अतिरिक्त स्थाई निगरानी टीम विभिन्न कार्य करेगी। यह टीम भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि उनके क्षेत्र में लाए जाने पर नजर रखने के लिए जाँच चौकी (चैक पोस्ट) बनाएगी। मुख्य और बड़ी सड़कों पर चैक पोस्ट लगाकर वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी ली जा सकती है यदि बेहिसाब नकद, बिना उचित कागजातों के किसी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है और यह संदेह है कि ये रिश्वत देने के लिए प्रयोग में लाई गई है, तो उसे जब्त कर लिया जाएगा और विधि के संबंधित प्रावधानों के अधीन कार्रवाई की जाएगी। यदि निर्वाचन अभियान सामग्री के बिना भारी मात्रा में नकद पाया जाता है और संबंध सिद्ध करने के लिए किसी भी दल का कार्यकर्ता

या अभ्यर्थी / पार्टी वाहन में उपस्थित नहीं है तब जिला प्रभारी आयकर विभाग के सहायक निदेशक को सूचित करना होगा।

सहायक निदेशक, निरीक्षक को नियुक्त करेगा या आयकर कानून के अनुसार कार्यवाही करने के लिए खुद उस स्थान पर जाएगा। जाँच और जब्त करने की पूरी घटना की वीडियो टीम द्वारा वीडियोग्राफी की जाएगी, यह वीडियो सीडी की प्रति सहायक व्यय प्रेक्षक को प्रस्तुत करेगी। इन जॉच चौकियों का स्थापन सहायक व्यय प्रेक्षक के परामर्श से होगा और इनके स्थापन में कुछ अप्रत्याशित तत्व होगे। यदि व्यय प्रेक्षक या पुलिस प्रेक्षक को ऐसी और टीमों जरूरत होती है, तो जि०नि०अ० ऐसी टीमों को सभार तन्त्र सहित जनशक्ति देगा। मतदान से एक सप्ताह पहले निगरानी टीमो को प्रभावी रूप से मजबूत बनाना होगा और आवश्यकतानुसार अधिक संख्या ने टीमें बनानी होगी। संलग्नक-9 के अनुसार दैनिक क्रियाकलापों की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। उड़नदस्तों या स्थाई निगरानी टीमों द्वारा जिन व्यक्तियों से जब्ती की गई है, उनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज की जाएगी। यदि कोई नकद जब्ती की गई है तो उसे 24 घंटे के अंदर राज्य कोषागार में जमा करना होगा। जब्ती के बाद पुलिस मुख्यालय में नोडल अधिकारी केस के बाद की कार्यवाही करेगा और निर्वाचन के बाद कोर्ट में केस की स्थिति के बारे में आयोग को रिपोर्ट देगा, एक प्रति मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भी देगा। जि०नि० अधिकारी, निर्वाचन की घोषणा के तुरन्त बाद जनता और राजनीति दलों से निवेदन करने हुए कि निर्वाचनों के दौरान भारी मात्रा में नकद न ले जाएं, मीडिया में एक अपील प्रकाशित करेगा। यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में किसी व्यक्ति को किसी आवश्यक उ?द्देश्य से भारी मात्रा में नकद ले जाने की आवश्यकता पड़ ही जाती है तो उसके पास ऐसे धन के स्त्रोत और उसके प्रयोग का कारण बताने के लिए समुचित कागजात होने चाहिए।

कुतुबपुर अज्जू में चामुंडा थान पर यज्ञ का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)। क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू मे मां चामुंडा पर नवरात्रि पर यज्ञ का

आयोजन किया गया जिसमें पंडित गुड्डू शर्मा ने विधि विधान से पूजन कर यज्ञ प्रारंभ किया जिसमें सभी भक्तों ने यज्ञ में आहुति दी और विश्व कल्याण की कामना की तथा बीमारियों से निजात और असुरी शक्तियों के विनाश की माता से कामना की हवन यज्ञ में मडंल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर,दिनेश सिंह,राजकुमार पुंडीर ,मनोज कुमार पुंडीर, रनवीर सिंह,सतीश सिंह, राजू सिंह, कृष्ण पाल सिंह, टिंकू सिंह, बब्बू पाल, राजेश सिंह, भगवान दास ,पप्पू पाल,महिपाल, खेम पाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, गुड्डू पाल, मोहित पाल, सुदीश सिंह ,सनोज ठाकुर,लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर, हुकम सिंह पाल,सुभष सिंह, विवेक पाल, सजय सिंह, अरून कुमार, जितेंद्र कुमार, चमन सिंह, किरन पाल, सुनेपाल,टिटू पाल, रनवीर सिंह, तेजपाल, दानवती पाल, कशिश, मनु, नेहा, निक्की, स्वाति, मीनू,मोनिका, अंजलि, कमलेश, राजवती, सर्वेश, कुसुम, रामवती ,प्रेमवती, सुंदरी, सरोज, विशनो देवी, काजल, शशि, राजकुमारी, भूरी देवी,गीता देवी,पूनम आदि उपस्थित रहे।

मोनालिसा ने रेड आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने फैंस को किया घायल

भोजपुरी और टीवी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस मोनालिसा की हॉटनेस और कातिलाना अंदाज हर किसी को उनका दीवाना बना देता है। वहीं, अभिनेत्री अपनी सादगी और हॉटनेस से फैंस के बीच लाइमलाइट भी बटौरती रहती हैं। भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा सोशल मीडिया पर बेहद लोकप्रिय हैं. वे इंस्टाग्राम के जरिए अपने फैंस को अपनी लाइफ से रूबरू कराती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं जोकि तापमान हाई कर रही हैं. मोनालिसा ने रेड कलर का लहंगा-चोली पहना है. ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और बड़े-बड़े गोल्डन झुमके उनकी खूबसूरती को और भी निखार रहे हैं. साथ ही एक्ट्रेस के किलर पोज फैंस को घायल कर रहे हैं और वे अपनी चहेती एक्ट्रेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. इस आउटफिट में मोनालिसा नेपाल के इवेंट में शामिल हुई थीं. उन्होंने कैप्शन में लिखा, यह लास्ट नाइट के ग्लैम के बारे में है.

मोनालिसा आए दिन अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक अंदाज सोशल मीडिया पर आते ही वायरल होने लगता है।

भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ये बात अच्छी तरह से जानती हैं कि उन्हें फैंस को किस तरह से रिझाना है। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं। और आए दिन अपनी हर एक पोस्ट फैंस के बीच शेयर कर फैंस के दिलों पर छुरियां चलाती रहती है।

एक्ट्रेस अंतरा बिसवास उर्फ मोनालिसा का जन्म कोलकता में हुआ था। और उन्हें असली पहचान भोजपुरी इंडस्ट्री से मिली है।

राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत का पहला गाना तू मिल गया हुआ रिलीज, अलाया संग दिखी शानदार केमिस्ट्री

राजकुमार राव फिल्म श्रीकांत को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया और भरपूर प्यार भी दिया।

इस किरदार से राजकुमार खूब सुर्खियों बटोर रहे हैं। वहीं इस फिल्म का नया गाना रिलीज हुआ है, जिसका नाम है तू मिल गया। इसमें राजकुमार राव के साथ एक्ट्रेस अलाया एफ नजर आ रही हैं।

राजकुमार राव और अलाया एफ की फिल्म श्रीकांत का पहला गाना तू मिल गया सोमवार को मेकर्स ने रिलीज किया। ये गाना राज और अलाया के बीच एक फोन कॉल से शुरू होता है और फिर दोनों रोड ट्रिप का निकलते हैं। गाने में कई खूबसूरत वादियों की भी झलक देखने को मिल रही है। इसी के साथ राज और अलाया की शानदार केमिस्ट्री भी दिख रही है।

इस गाने को जाने-माने सिंगर जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार ने अपनी आवाज दी है। इसके अलावा तनिष्क बागची ने कंपोज किया है। तुषार हीरानंदानी के निर्देशन में बनी फिल्म श्रीकांत की इंडस्ट्रियलिस्ट श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिसमें राजकुमार राव अहम भूमिका निभा रहे हैं। राजकुमार राव स्टारर श्रीकांत 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म में ज्योतिका और अलाया एफ मुख्य भूमिका में हैं।

राजकुमार राव श्रीकांत के अलावा करण जौहर निर्मित फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके स्त्री 2 में भी दिखाई देंगे।

अदिति भगत ने उड़ारियां में सीखा ऑन-स्क्रीन रोमांस

शो उड़ारियां में आसमा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अदिति भगत ने बताया कि इस शो ने उन्हें ऑन-स्क्रीन रोमांस करना सिखाया है। अदिति ने बताया कि वह शो में पहली बार रोमांटिक सीन कर रही हैं और वह स्वीकार करती हैं कि कभी-कभी उन्हें ऐसा करना मजेदार भी लगता है। उन्होंने कहा, उडारियां ने मुझे सिखाया कि ऑन-स्क्रीन रोमांस कैसे किया जाता है। मैं मजाक नहीं कर रही हूं, ऐसे सीन को शूट करना बहुत मुश्किल है क्योंकि कभी-कभी मुझे सीधा चेहरा बनाए रखना मुश्किल लगता है लेकिन एक कलाकार के रूप

में आपको किसी भी दृश्य को करने के लिए तैयार रहना पड़ता है और मुझे लगता है कि मैं उसमें महारत हासिल कर रही हूं।

उन्होंने आगे कहा, मुझे फाइट सीक्वेंस करने में भी मजा आ रहा है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं टीवी पर एक्शन सीन करूंगी।

एक्ट्रेस रोजाना सेट पर आने को आतुर रहती हैं। वह कहती हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें अपना काम इतना पसंद है कि अगर संभव हुआ तो वह सेट पर ही रहेंगी। अदिति ने कहा, मुझे अपने काम से प्यार है। हर दिन जब मैं उठती हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता से भरा होता है, और इतने लोकप्रिय शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि मेरे काम के प्रति मेरे मन में जो प्यार है, वह मुझे हर दिन काम पर आने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा, मैं यहां चंडीगढ़ में शूटिंग के लिए अपने परिवार से दूर हूं और मेरा काम का शेड्यूल वास्तव में इतना व्यस्त है कि कभी-कभी मैं कई दिनों तक अपनी मां से बात भी नहीं करती हूं। उड़ारियां कलर्स पर प्रसारित होता है।

बॉक्स ऑफिस पर क्रू का धमाल जारी, वर्ल्डवाइड 150 करोड़ की तरफ तेजी से बढ़े फिल्म के कदम

करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन अभिनीत फिल्म क्रू सिनेमाघरों में टिकी हुई है। यह फिल्म 29 मार्च को रिलीज हुई थी। पहले दिन से ही दर्शकों ने इसे हाथोंहाथ लिया। तीन अभिनेत्रियों के कंधों पर टिकी फिल्म ने कमाल कर दिया, जो अभी तक जारी है। यह फिल्म न सिर्फ देश में शानदार प्रदर्शन कर रही है, बल्कि विदेशों में भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने का सिलसिला जारी है। 100 करोड़ क्लब में एंट्री पा चुकी क्रू के कदम अब 150 करोड़ की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं।

राजेश ए कृष्णन के निर्देशन में बनी फिल्म क्रू ने पहले और दूसरे सप्ताह शानदार प्रदर्शन किया। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले सप्ताह 43.75 करोड़ जुटाए। वहीं दूसरे सप्ताह की कमाई 21.15 करोड़ रुपये रही। तीसरे सप्ताह में भी फिल्म का जलवा कम नहीं हुआ है। वीकएंड पर एक बार फिर क्रू ने शानदार कारोबार किया। आंकड़ों के मुताबिक 17वें दिन फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1.7 करोड़ रुपये कमाए।

वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म पहले दिन से तूफानी कलेक्शन कर रही है। तीसरे सप्ताह में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां और अजय देवगन की मैदान के बीच भी इसकी चमक कम नहीं हुई है। तीसरा सप्ताहांत भी कमाल रहा। आंकड़ों के मुताबिक शनिवार को (16वें दिन) इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड करीब चार करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ फिल्म का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 131.96 करोड़ रुपये हो गया है।

फिल्म को मजबूत कहानी और अभिनय की वजह से दर्शक सराह रहे हैं। इसमें तब्बू, करीना और कृति के अलावा दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी नजर आए हैं। तीनों अभिनेत्रीं फिल्म में विमान परिचारिका की भूमिका में हैं। तीनों जिस एयलाइन में काम करती हैं, उसके दिवालिया हो जाने के कारण छह महीने तक वेतन नहीं मिल पाता, जिसके चलते इन्हें आर्थिक तंगी झेलनी पड़ती है। तीनो विमान परिचारिका मिलकर गलत काम में हाथ आजमाने निकलती हैं और यहीं से कहानी नया मोड़ लेती है।

बड़े मियां छोटे मियां की दुनियाभर में मचा हाहाकार, चार दिनों में कमाए 96.18 करोड़

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार और एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. दुनियाभर में इस मूवी का डंका बज रहा है. आज यानी सोमवार को कमाई के मामले में 'बड़े मियां छोटे मियां' इतिहास रचने जा रही है. 100 करोड़ क्लब से मूवी सिर्फ इंचभर दूर है. जानिए चार दिनों में 'बड़े मियां छोटे मियां' ने दुनियाभर में कितने करोड़ का बिजनेस कर लिया है.

'बड़े मियां छोटे मियां' एक फुल एक्शन फिल्म है जिसमें टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार की जोड़ी ने जमकर तहलका मचाया है. पहले दिन दुनियाभर में फिल्म ने 36.33 करोड़ का बिजनेस किया था. वहीं, पिछले चार दिनों में 'बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 96.18 करोड़ की कमाई कर ली है. आज यानी पांचवें दिन फिल्म 100 करोड़ क्लब में दमदार एंट्री मार देगी.

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' साल 2024 की 5वीं फिल्म बन जाएगी, जिसने 100 करोड़ की कमाई की है. इससे पहले ऋतिक रोशन की 'फाइटर', अजय देवगन-आर माधवन की 'शैतान', यामी गुप्ता की 'आर्टिकल 370' और करीना कपूर-कृति सैनन, तब्बू की 'क्रू' जैसी मूवीज दुनियाभर में 100 करोड़ से ज्यादा बटोर चुकी हैं.

घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 'बड़े मियां और छोटे मियां' ने पहले दिन 15.65 करोड़ के साथ बिजनेस किय था. दूसरे दिन मूवी की 7.6 तीसरे दिन 8.5 करोड़ और चौथे दिन 9.1 करोड़ रुपये की कमाई हुई. इस तरह 'बड़े मियां छोटे मियां' ने चार दिनों में देशभर में 40.8 करोड़ का बिजनेस कर लिया है.

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का डायरेक्शन अली अब्बास जफर ने किया है. इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ जैसे स्टार्स ने अहम भूमिका निभाई है. 11 अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज हुई 'बड़े मियां छोटे मियां' अजय देवगन की 'मैदान' के साथ क्लैश हुई है।

लव सेक्स और धोखा 2 का गाना गुलाबी अंखियां जारी, जुबिन नौटियाल ने दी आवाज

एकता कपूर की लव सेक्स और धोखा 2 से बेहद रोमांटिक गाना गुलाबी अंखियां रिलीज हो गया है. इस गाने में अभिनव सिंह और अनुषा शर्मा नजर आ रहे हैं. प्यार, रोमांस और एनर्जी से भरपूर ये गाना दर्शकों को अट्रैक्ट कर रहा है. इससे पहले लव सेक्स और धोखा 2 से कमसिन कली रिलीज हुआ था जिसे टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ ने गाया था. चलिए अब फिल्म से नया सॉन्ग सुनाते हैं.

लव सेक्स और धोखा 2 का गुलाबी अंखियां गाना एक रोमांटिक गाना है, जो यकीनन सोशल मीडिया पर फैंस को पसंद आ सकता है. इस गाने में अभिनव सिंह और अनुषा शर्मा हैं. खास बात यह भी है कि अनुषा शर्मा इस गाने के साथ अपना डेब्यू कर रही हैं। लव सेक्स और धोखा 2 की बात करें तो इसमें दर्शकों को तीन अलग-अलग कहानियां देखने को मिलेगी. जो इंटरनेट की दुनिया के अलग-अलग हकीकत से रूबरू कराती हैं. इसी कॉन्सेप्ट पर फिल्म का नया गाना भी जुड़ा हुआ है. अब देखना ये है कि ये सॉन्ग दर्शकों को कितना लुभा पाता है. गुलाबी अंखियां को गाने वाले जुबिन नौटियाल हैं, जो इससे पहले कई सुपरहिट गाने दे चुके हैं. जबकि मीत ब्रदर्स ने कंपोज किया है. बालाजी मोशन पिक्चर्स की एलएसडी2 को दिबाकर बनर्जी ने डायरेक्ट किया है. यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की मैदान ने वीकेंड पर पकड़ी रफ्तार

अजय देवगन की फिल्म मैदान को भले ही बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से भिड़ंत का नुकसान उठाना पड़ रहा हो, लेकिन अजय की उम्दा अदाकारी और फिल्म की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।यही वजह है कि फिल्म को रविवार की छुट्टी का जबरदस्त फायदा मिला है।अब मैदान की चौथे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें इजाफा देखने को मिला है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मैदान ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार को 6.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म ने 4.50 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की थी।दूसरे दिन

यह फिल्म 2.75 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 5.75 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।अब मैदान का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 21.85 करोड़ रुपये हो गया है। पेड प्रीव्यू के जरिए इस फिल्म ने 2.60 करोड़ रुपये कमाए थे।

मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी। इस दौर को भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग कहा जाता है।फिल्म में अजय ने कोच सैयद की भूमिका निभाई है। उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।अजय के अलावा फिल्म में प्रियामणि और गजराज राव ने मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

भ्रष्टाचार को लेकर नैतिकता का बुलबुला फूट चुका है: अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस) । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की कलई खुल चुकी है। भ्रष्टाचार को लेकर नैतिकता का बुलबुला फूट चुका है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। भाजपा ने भ्रष्टाचारियों को तो अपनाया ही साथ में उनके भ्रष्ट तरीके से कमाए हुए धन को भी अपना बना लिया है।

अखिलेश यादव आज मुरादाबाद और नगीना में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों रुचि वीरा तथा मनोज कुमार के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठी पार्टी है। इसने किसानों, नौजवानों, गरीबों सभी से झूठ बोलकर और झूठे वादे कर उन्हें बरगलाया है। 10 साल की सरकार में भाजपा का झूठ और लूट जनता के सामने आ गया है। भाजपा ने किसानों नौजवानों और देश की जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया। भाजपा के भ्रष्टाचार से देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इलेक्टोरल बांड ने भाजपा का बैंड बजा दिया है। कहा कि इलेक्टोरल बांड के नाम पर भाजपा ने पूरे देश में लूट मचाई।

भाजपा की वसूली से देश में महंगाई बढ़ी। भाजपा ने अपना खजाना भरा लेकिन देश की जनता नौजवानों और किसानों के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा सरकार ने चंदे की वसूली में ही नहीं तहसील, थाने और आम आदमी के जीवन में भी भ्रष्टाचार बढ़ा दिया। भाजपा ने वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली। आज नौजवान, किसान दुखी और परेशान हैं। इंडिया गठबंधन इस देश की उम्मीद है। पश्चिमी यूपी से लोकसभा चुनाव के लिए जो हवा दिखाई दे रही है वह पूरे यूपी और देश में बदलाव लाएगी। यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक बीजेपी का सफाया होने जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी की हर बात झूठी निकली न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला, भाजपा के वादे झूठे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन किसानों को उनका हक दिलाएगी, उनकी फसलों को एमएसपी की गारंटी देगी। नौजवानों को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संविधान और लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा के नेता, सांसद कह रहे हैं कि चार सौ सीट जीतकर संविधान बदल देंगे। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के संविधान को बदलना चाहती है। दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का हक अधिकार छीनना चाहती है। भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने के लिए भाजपा को हर हालत में हराकर सत्ता से बाहर करना होगा। भाजपा फिर सत्ता में आ गयी तो वोट का अधिकार भी छीन लेगी। सभी को एकजुट होकर सावधान रहकर इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए वोट करना है। यह चुनाव पहले के चुनावों से अलग और विशेष चुनाव है। यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है।

डीएम ने युवा मतदाताओं का किया स्वागत, किया प्रोत्साहित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। नगर के राजपुताना इंटर कोलिज के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने युवा मतदाताओं को पोस्टकार्ड देकर प्रथम बार मतदान में भाग लेने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा तथा उप जिलाधिकारी डॉ0 संतोष उपाध्याय द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रजनन व पुष्प अर्पित करके किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं व युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। और कहा कि मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान करना। मतदान करना देश के हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में एसडीएम उपाध्याय,पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र धौलाना संतोष शर्मा,कोतवाली पिलखुवा प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी, सुपरवाइजर सुशील तोमर बी.एल.ओ मनीष कुमार, राजेश कुमार, कुलदीप, शकील अहमद, महेश चंद्र गुप्ता, दीपक कटारिया, कुसुम

रानी, संगीता शर्मा, संदीप कुमार, विनोद कुमार, मुर्शीद अली, ब्रह्मपाल सिंह के प्रधानाचार्य राजबहादुर अलावा अनेक बीएलओ मौजूद रहे।

करोड़पति का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं, राहुल का कर्नाटक में वादा-मनरेगा शहरों में भी करेंगे लागू

कर्नाटक। कर्नाटक के मांड्या में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो अप्रेंटिस का अधिकार अपने युवाओं को देने जा रही है। हिन्दुस्तान में हम 400 रुपए प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी करेंगे...मनरेगा योजना हम गांव के साथ शहरों में भी लागू करेंगे।'किसानों ने मुझसे कहा कि करोड़पतियों का कर्ज माफ हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के 25 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया है, यानी पैसा मनरेगा के 24 साल के लायक है। किसान पूछ रहे हैं कि करोड़पति का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं।

राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन है, जिन्होंने हिंदुस्तान को संविधान और लोकतंत्र दिया। दूसरी तरफ आरएसएस-बीजेपी है जो संविधान, लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं और देश के हर एक संस्थान में अपने लोगों को डाल रहे हैं। बीजेपी के लोग अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। हम आम जनता, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकार चलाते हैं। भारत में पहली बार, कांग्रेस द्वारा किसानों को कानूनी रूप से गारंटीकृत न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। कर्नाटक में किसानों, महिलाओं के लिए काम करेंगे। कर्नाटक में बेरोजगारी के लिए काम करेगी कांग्रेस; 'पहली नौकरी पक्की' योजना लाएंगे।

दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही : भूपेंद्र सिंह चौधरी

लखनऊ (आरएनएस) । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चैधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी, क्योंकि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर यकीन है। ये बातें प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चैधरी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहीं। भाजपा अध्यक्ष ने साफ किया कि जो दल मिलकर एक साझा मैनिफेस्टो तक नहीं बना सके, वो मिलकर देश चलाने की बात करते हैं। उनके मैनिफेस्टो में सिर्फ वादे ही वादे हैं, इन वादों को पूरा करने का कोई मास्टर प्लान नहीं। प्रदेश और देश की जनता उनकी बातों में आने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि दो नवयुवकों को पार्टी देश में संयुक्त रूप से भी 50 सीटों का आकड़ा नही छूने वाली है। उत्तर प्रदेश में दोनो ही दलों को जनता शून्य पर आउट करने वाली है। जिन्होंने संविधान में बार-बार संशोधन किए उन्हें आज संविधान की चिंता हो रही है। जिनकी सरकारों के समय काम कम और भ्रष्टाचार (टूजी, सीडब्ल्यूजी, कोल घोटाला) ज्यादा हुआ वो दूसरों को सर्टिफिकेट दे रहे हैं। जिनकी सरकारों में राजस्थान जैसे राज्य पेपर लीक के नए अड्डे बन गए थे, बोर्ड की परीक्षाओं में खुलेआम नकल कराई जाती थी, पैसे के दम पर सेंटर के सेंटर बुक कर लिए जाते थे, सामूहिक नकल के लिए ठेके उठते थे, नकल माफिया सरकारी धन पर पोषित किए जाते थे और पुलिस-प्रशासन मूक दर्शक बने रहते थे, वो नकल विरोधी कानून क्या बनाएंगे? आज केंद्र और भाजपा की प्रदेश सरकारें पेपर लीक पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही हैं और दोषियों को ऐसी सजा दिलाई जा रही है जो एक सबक बनेगी। भूपेंद्र चैधरी ने कांग्रेस के गरीबी हटाने के वादे पर भी तंज करते हुए कहा कि जिनके खुद के अकाउंट फ्रीज हो चुके हैं वो दूसरों के अकाउंट में क्या पैसा डालेंगे? कांग्रेस का घोषणा पत्र पहले के घोषणा पत्र जैसा ही है। वे गरीबी हटाने की बात 70 साल से करते आ रहे हैं, लेकिन जनता की गरीबी तो दूर नहीं हुई भ्रष्टाचार आ रहें हैं, लेकिन जनता की गरीबी तो दूर नहीं हुई। इसके विपरीत भ्रष्टाचार के दलदल में डूबकर इनके नेता जरूर करोड़पति हो गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गरीब महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा चुनावी हथकंडे से ज्यादा कुछ नहीं। किसानों को लीगल एमएसपी के वादे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, क्या वहां पर किसानों को लीगल एमएसपी मिल गया है, क्या वहां किसानों का कर्ज पूरी तरह माफ हो गया है। ये सिर्फ वादे करेंगे, लेकिन पीएम मोदी वादे नहीं करते बल्कि गारंटी देते हैं। उन्होंने भविष्यवाणी की कि गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर पहुंचते-पहुंचते हाथ पूरी तरह साफ और साइकिल के दोनों टायर पंचर हो जाएंगे।

जन्नतुल बकीअ का पुनर्निर्माण होगा, दुनिया की कोई ताकत इसे ज्यादा दिन तक रोक नहीं सकती : सैयद तकवी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ । 8 शव्वाल अंतरराष्ट्रीय शोक दिवस है। इस अवसर पर हर साल पूरे संसार में जगह जगह सऊदी हुकूमत के खिलाफ हजारों लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन में भाग लेकर आले सऊद शासन की नीतियों की निंदा की जाती रही है। मैं भी मलऊन के इस बेहूदा हरकत की निंदा करता हूं।

जन्नतुल बकीअ कि तबाही अफसोसनाक है। बीती हुई सदी में 8 शव्वालुलमुकर्रम ,1345 (अस्त्र१' 21,)1925 को आले सऊद ने बनी उमय्या व बनी अब्बास के कदम से कदम मिलाते हुए खानदाने नबुव्वत व इसमत के लाल व गोहर की कब्रों को वीरान करके अपनी दुश्मनी का सबूत दिया जो सदियों से उसके सीनों में थी। आज आले मुहम्मद स.अ की कब्रों पर साया नहीं है जबकि उनके सदके.में मिलने वाली नेमतों से ये यहूदी नुमा सऊदी अपने महलों में मजे उड़ा रहे हैं। सऊदी हुकूमत का इस्लाम से दूर-दूर तक कोई ताल्लुक नहीं है यह बात साफ देखने में आती है सऊदी हुकूमत के द्वारा मॉल थिएटर इस तरीके की चीजों को खोलना इस बात की दलील है कि उनका इस्लाम से कोई दूर-दूर तक मतलब नहीं है 1925 में इस्लामी कैलेंडर के शव्वाल महीने की 8 तारीख को मुसलमानों के दूसरे सबसे पवित्र शहर मदीने में पैगम्बरे इस्लाम (स अ) की बेटी हजरत फातेमा जहरा(स अ) के पवित्र मजार समेत सहाबा और इस्लाम की कई विशिष्ट हस्तियों की कब्रों को ध्वस्त कर दिया गया था।

सऊदी शासन और कट्टरपंथी वहाबी समुदाय द्वारा अंजाम दी गई इस्लाम विरोधी इस दुःखद घटना के बाद से दुनिया भर के मुसलमान विशेष रूप से शिया मुसलमान 8 शव्वाल को शोक दिवस के रूप में मनाते हैं और विरोध प्रदर्शनों का आयोजन करके आले सऊद शासन से हजरत फातेमा जहरा (स अ) के रौजे के पुनर्निर्माण की मांग करते हैं। इसी सिलसिले में मौलाना यासूब अब्बास साहब की ओर से सऊदी अरब हुकूमत के विरोध में जनन्तुल बकी के कब्रिस्तान मदीने में रसूल-ए-इस्लाम की इकलौती बेटी जनाबे फातिमा और इमामों के रौजों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में एक विशाल विरोध-प्रदर्शन शहीद स्मारक लखनऊ में किया गया मौलाना यासूब अब्बास हर साल अपने भाषण में कहते हैं कि इस्लाम धर्म किसी पर जबर्दस्ती अत्याचार नहीं करता, सऊदी अरब मुसलमानों पर जबर्दस्ती कर अपना दृष्टिकोण दूसरे मुसलमानों पर लादना चाहता है। मौलाना ने सऊदी अरब हुकूमत से मांग की थी कि या तो जन्नतुल बकीअ का निर्माण करायें या हमकों इजाजत दें, हम वहां जाकर पुनर्निर्माण करें। आज एक बार फिर वही मांग दोहराई गई।

सैय्यद एम अली तकवी

यह विरोध प्रदर्शन जरूरी भी है। इससे पता चलता है कि कौम ज़िंदा है। मगर शायद सिर्फ एक दिन नहीं हर शहर में कुछ मख़्सूस जगह तलाश की जाये जहां हमेशा विरोध प्रकट करता हुआ बोर्ड लगा हो। और हर महीने की आठ तारीख को इस स्याह दिन को याद करके मजलिस का आयोजन किया जाये और प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री को ज्ञापन दिया जाये। लखनऊ के हर रौजों हर दरगाह पर जन्नतुल बकी की याद में होर्डिंग लगी होनी चाहिए जिससे कि पता चले हम सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि रोज जन्नतुल बकी की पुनर्निर्माण की मांग करते हैंहमारी यही मांग है कि सऊदी अरब में जारी बड़े पैमाने पर मानव एवं धार्मिक अधिकारों के हनन को तुरंत रोका जाए। संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय न्यायालय मूकदर्शक ना बने रहें।

मेरी मांग है कि मुसलमानों के सबसे पवित्र शहरों मक्का और मदीना समेत पूरे अरब प्रायद्वीप में इस्लामी धरोहरों को सुरक्षित रखे जाने पर बल दिया जाए और जन्नतुल बकीअ कब्रिस्तान समेत जिन पवित्र स्थलों को आले सऊद शासन ने ध्वस्त करके आम मुसलमानो की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, उनका तुरंत पुनर्निर्माण किया जाए।

इंशाल्लाह एक दिन वह आएगा जब जन्नतुल बकीअ के रौजे फिर से तामीर होंगे मैं यह बात ऐसे ही नहीं कह रहा हूं इस बात को भी जहन में रखना चाहिए कि अभी हमारा एक इमाम पर्दा ए गैब में मौजूद है। इंशाअल्लाह रौजे तामीर होंगे।

सऊदी अरब में मानवाधिकारों की स्थिति पर पूरी दुनिया को चिंता जाहिर करनी चाहिए और विशेषकर हमारी भारत सरकार को सऊदी हुकूमत की मानवता के खिलाफ जारी कार्यवाही का विरोध करना चाहिए। आले सऊद मुदार्बाद।

भारत विकास परिषद द्वारा मीठा शर्बत बांटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। भारत विकास परिषद विकास रत्न शाखा द्वारा अष्टमी पर्व पर भारत विकास परिषद रत्न शाखा ने चंडी मंदिर पर मीठा शरबत बांटने का कार्य किया गया। इस मौके पर कृष्ण कुमार, राजीव,वागीश , राकेश सिंघल, पवन मांगलिक, बिशन दयाल गोयल, सतीश गोयल, सुशील मित्तल, योगेश शर्मा, सुशील अग्रवाल , ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, बृजमोहन माहेश्वरी, धनेश अग्रवाल, सुशील,शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल, रेखा अग्रवाल, शैली गोयल, सुषमा बंसल, यशोदा, नूतन, नेहा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के करीबी मजहर अब्बास बनाए गए मोहनलालगंज लोकसभा के प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ महानगर में दो सीटें लोकसभा की है। दोनो सीटें बीजेपी के पास है और दोनो सीटों से भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी है। लखनऊ लोकसभा सीट से बीजेपी के वरिष्ट नेता राजनाथ सिंह केंद्र में रक्षा मंत्री है और मोहनलालगंज सीट से कौशल किशोर केंद्रीय राज्य मंत्री है इसीलिए ये दोनो सीटें खास है। मोहनलालगंज सीट से पिछले दो बार से लगातर कौशल किशोर सांसद हो रहे है। मोहनलालगंज में कई क्षेत्र ऐसे है जहा मुस्लिम वोटर ज्यादा है इसीलिए बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा से सांसद कौशल किशोर ने आपने करीबी मजहर अब्बास को मोहनलालगंज लोकसभा सीट का प्रभारी बनवाया है। इसी लोकसभा से कठिंगरा काकोरी के नवाब मोहम्मद अली सहप्रभारी नियुक्त हुए है। पिछली बार भी मजहर अब्बास प्रभारी रहें है। अल्पसंख्यक अवध क्षेत्र ने अवध की 16 लोकसभा सीटों के लिए आपने मोर्चे के पदाधिकारियों को प्रभारी बनाया है। इसी क्रम में मोहनलालगंज लोकसभा के लिए मजहर अब्बास प्रभारी और नवाब मोहम्मद अली को सहप्रभारी नियुक्त किया है। मजहर अब्बास एक अच्छे रणनीतिकार है और काकोरी में मुस्लिम वोटबैंक पर अच्छी पकड़ है। वही हमारे टीम से बातचीत में मजहर अब्बास ने बताया की मुस्लिम बीजेपी से जुड़ना चाहता है और वो इसपर काम करेंगे और कौशल किशोर जी को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से अधिक से अधिक वोट दिलाना का काम करेंगे।



डांट से नाराज चारों बच्चे अपने घर भागलपुर बिहार पहुंचे: थाना प्रभारी निरीक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । भट्टे पर काम करने वाले परिवार की चार सभी बच्चियां सकुशल अपने घर जनपद भागलपुर बिहार पहुंच गई हैं । घर वालों की डांट से नाराज होकर चली गई थीं । यह जानकारी आज देर शाम 7:00 बजे थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में दी है।

घर वालों की डांट से नाराज होकर चली गई थीं, यह जानकारी आज देर शाम 7:00 बजे थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में दी है

पूरा का पूरा इंडी अलायंस भगवान राम की विरोधी: केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ (आरएनएस) । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस भगवान राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है।

उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को श्रीरामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो तो भगवान श्रीराम इनके सारे पाप और कलंक धो देते। उन्होंने कहा कि भगवान राम के मामले में जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला कर दिया तो भूमिपूजन के समय के समय कांग्रेस और सपा के मुखिया चिल्लाने लगे कि देश में आग लग जाएगी। इनके दावे फेल हो गये और इसका देश में कोई फर्क नहीं पड़ा। इसके बाद राम मंदिर के उद्घाटन के समय भी इन सभी लोगों को बुलाया गया। लेकिन, बड़े ही दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि इनके पास 70 वर्षों के पाप और कलंक धोने का अच्छा मौका था। इन्होंने उसे भी ठुकरा दिया।

कहा कि इन्होंने आस्था पर कुठाराघात करने का काम किया है। ये भगवान बालक राम के मंदिर में आजतक दर्शन को नहीं गये हैं और जब आज लाखों देशवासी पूरी श्रद्धा के साथ आज रामनवमी पर प्रभु के दर्शन को आये तो उन्हें सपा महासचिव राम गोपाल यादव ने ढोंगीं बताकर संपूर्ण सनातनियों को अपमानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सपा के महासचिव राम गोपाल यादव अपनी पार्टी की लाईन ही बोल रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने राम भक्तों पर गोली चलवाई थी, अयोध्या की सड़कों को खून से लाल करने का काम किया था। इन्होंने राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाने का काम किया था। लेकिन 2014 से सनातनियों ने अपमान का बदला लेना सीख लिया है। अब भगवान बालक राम अपने भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हैं और सनातन को मानने वाली मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा करने का काम भी कर रही है। अबकी चुनावों में जनता फिर मोदी की के काम और नाम पर मोहर लगाने जा रही है।

आयोजन भगवान राम के जीवन से सामाजिक समानता, शांति, त्याग और संयम से जीने का मिलता है सदमार्ग और सत्कर्म

मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सबके आदर्श: इंद्रजीत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हिसार (राजेश सलूजा)। उपमंडल के गांव जलमाना बाबा जमदग्नि ऋषि प्राचीन तीर्थ परिसर पर रामनवमी एवं शुक्ल पक्ष नवमी के अवसर पर आठ दिन से माता रानी के नवरात्रों के अवसर पर चले पाठों का समापन और रामनवमी पर भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करनाल लोकसभा से बसपा के प्रत्याशी इंद्रजीत नवजोत जलमाना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कि जिनका ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया, बसपा ने ने इस मौके पर कहा कि इस दर पर सभी की मनोकामना पूरी होती है। यह स्थान प्राचीन स्थान है जो महाभारत काल से जुड़ा है इस स्थान पर भगवान परशुराम के पिता श्री बाबा जमदग्नि ऋषि ने तप किया था जिसमें ग्रामीणों सहित आस पास के क्षेत्र की पूर्ण आस्था है। उन्होंने राम नवमी की श्रद्धालुओं को बधाई दी और कहा भगवान राम सबके आदर्श है उनके जीवन से सामाजिक समानता, शांति से लक्ष्य की ओर बढ़ना, त्याग और संयम, सदमार्ग एवं सत्कर्म करने के महत्वपूर्ण गुण सीखने को मिलते है। जिन गुणों के कारण भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्होंने कहा हमें अपने जीवन को सफल बनाने के लिए भगवान श्री राम के गुणों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मंदिर प्रबंधक कमेटी बाबा जमदग्नि ऋषि सेवा दल के कोषाध्यक्ष कैलाश गुप्ता ने कहा कि आज राम नवमी और माता रानी के नवरात्रि के उपलक्ष में शुक्ल पक्ष नवमी का पर्व बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से मनाया गया इस अवसर पर भंडारा लगाया जिसका श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर महिला श्रद्धालुओं ने माता रानी के भजन गाए और मंदिर के पुजारी महेंद्र शास्त्री ने हवन में आहुति डाल सर्वमंगल की कामना की। इस अवसर पर लाल विनोद गोयल, लाला संजय गर्ग, नरेश वर्मा, रामनिवास रोहिला, ऋतिक रोहिल्ला, नमन गर्ग,उग्रसेन, शिवम शर्मा, रमेश गर्ग, किरण प्रजापत, प्रीतम जांगड़ा,कीमती गोयल,आनंद गर्ग सहित आदि उपस्थित रहे।

रामनवमी पर पहासू में निकाली भव्य शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पहासू। रामनवमी के अवसर पर बुधवार को गाजे -बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथ में भगवा ध्वज धारण कर राम भक्तों ने जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया। पहासू के मठ मन्दिर से निकली शोभायात्रा का शुभारंभ समाज सेवी इंजी0 मुकेश बाबू कौशिक ने फीता काट कर किया। दर्जनों बग्घियों शिव-पार्वती, हनुमान के सजीव स्वरूपों के अलावा राम मंदिर का मॉडल सभी का मन मोह रहा था। महिलाओं ने चटोनवसे शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। बेंड बाजों की धार्मिक धुनों पर युवा नृत्य कर रहे थे। महिलाओं ने जगह-जगह पर भगवान राम की आरती उतारी।पूरा बातावरण रम मय हो रहा था। वीरेंद्र शर्मा,दिनेश पुजारी भूपेंद्र गौड,विपिन कुमार मलखान सिंह,अवधेश कौशिक, संजय कौशिक, मनोज शर्मा दिग्विजय सिंह, दिनेश वर्मा,रोहित,अंश सोनी, गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे ।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267